आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

गुरुवार, 18 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 328, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया 16

वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा 2

## एक नजर

### सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव प.बंगाल में मिला

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड्याल का शव पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के निकट एक नहर से बरामद हुआ है। वह नौ दिन से लापता थे। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पौड्याल (80) का शव मंगलवार को फुलबाड़ी में तीस्ता नहर में पाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि शव तीस्ता नदी से बहकर आया है। शव की पहचान घड़ी और कपड़ों से की गई। पूर्व मंत्री सात जुलाई को पाकयोंग जिले के छोटा सिंगतम से लापता हो गए थे।

### रखरखाव को डेढ़ साल बंद रहेगा तेजपुर हवाई अड्डा

**तेजपुर।** असम के तेजपुर हवाई अड्डे पर रखरखाव कार्यों के लिए अक्टूबर से डेढ़ साल के लिए उड़ान सेवाएं बंद रहेंगी। तेजपुर हवाई अड्डे के निदेशक जी शिवा कुमार ने कहा कि यात्री उड़ानें एक अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2026 तक बंद रहेंगी। ऐसा टर्मिनल पर सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से हवाई पट्टी के पुनर्निर्माण व अन्य परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट के वकील ने की आत्महत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा की एक सोसायटी में रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता ने कथित तौर पर मानसिक तनाव की वजह से अपने घर में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित लोटस सोसायटी में हुई। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सत्येंद्र पुत्र गंगाधर राय ने मंगलवार रात अपने फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### रिजिजू ने अमरनाथ यात्रा व्यवस्था का जायजा लिया

**श्रीनगर।** केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में बालटाल आधार शिविर का दौरा किया और अमरनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रिजिजू सुबह बालटाल आधार शिविर पहुंचे और यात्रा के सबसे छोटे मार्ग से तीर्थयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।

## हाईटेंशन तार से ताजिया छूने से 4 की मौत, 9 झुलसे

समाचार डेस्क, लखनऊ

- गोंडा-संत कबीरनगर-प्रतापगढ़ में हुआ हादसा, एक लखनऊ रेफर

**अमृत विचार :** गोंडा, प्रतापगढ़ व संत कबीरनगर जिले में मोहर्रम जुलूस के दौरान ताजिया के हाईटेंशन तार से छूने पर चार लोगों की मौत हो गई, 9 से ज्यादा लोग झुलसे हैं। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के भाटपार रेलवे क्रासिंग पर हाईटेंशन तार छूने से जुलूस में शामिल मो. इलियास (24) की मौत हो गई। अब्दुल (28) व राम सुभग (55) झुलस गए। गोंडा के उमरी बेगमगंज क्षेत्र के पकवान गांव में ताजिया हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अशरफ अली (14) की मौत हो गई जबकि इटियाथोक थाना क्षेत्र में सात लोग झुलस गए। इसमें से पांच को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया, जिसमें एक को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जुलूस का वीडियो बना रहे महारानीगंज घोसियाना निवासी नूर आलम (30) की करंट से मौत हो गई। प्रतापगढ़ के कुंडा में बाबूगंज मियां का पुरवा के ताजिया का झंडा हाइटेंशन तार में छू गया जिससे वासिफ अंसारी (32) की भी मौत हो गई। सभी मौतों की वजह ताजिए की ऊंचाई ज्यादा होना बताई गई।

## विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी, कहा- सप्ताह में दो बार प्रभार क्षेत्र में रात्रि विश्राम करें**

**अमृत विचार :** प्रदेश के मंत्री विधानसभा की खाली हुई 10 सीटों के होने वाले उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के लिए जनता की नब्ज टटोलेंगे। वे अपने प्रभार वाले क्षेत्र में सप्ताह में दो बार रात्रि विश्राम करेंगे। बूथ स्तर तक पार्टी को और मजबूत करने व पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम करेंगे। बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी।



बुधवार को अपने सरकारी आवास पर मंत्रियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • अमृत विचार

पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों से उनके क्षेत्रों का हाल जाना और लोकसभा चुनावों में हार के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि लोकसभा चुनाव में 'अति आत्मविश्वास' के कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। इससे सबक लेते हुए कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप चुनाव की समाप्ति तक प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले क्षेत्र में रहेंगे। मुख्यमंत्री की ओर से सभी प्रभारी मंत्रियों को कार्यकर्ताओं से बात करने व बूथ मजबूत करने का निर्देश दिया। विधानसभा सीटों के उप चुनाव भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण है। भाजपा को इंडी गठबंधन में शामिल दलों सपा व कांग्रेस के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक फार्मूले से मुकाबला करना है। पार्टी का मानना है कि इसी फार्मूले के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। पिछले दिनों भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मंत्रियों व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने हार के इन कारणों की ओर ध्यान आकर्षित किया था।

# सबका साथ, सबका विकास की अब जरूरत नहीं, बंद करो मोर्चा

### शुभेंदु बोले- हम उनके साथ जो हमारे साथ, अल्पसंख्यक मोर्चा बंद कर देना चाहिए

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने हालिया लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए अल्पसंख्यक समुदाय से कम समर्थन मिलने को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की जरूरत नहीं है। इसके बजाय उन्होंने हम उनके साथ जो हमारे साथ का प्रस्ताव दिया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तारित सत्र को संबोधित करते हुए अधिकारी ने यह भी कहा कि पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की जरूरत नहीं है। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का पूरा समर्थन करते हैं।



- विवाद बढ़ने पर कहा-उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया

#### अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के विभाजन में यकीन नहीं

अपनी टिप्पणियों से विवाद उत्पन्न हो जाने पर अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक आधार पर लोगों के बीच विभाजन करने में यकीन नहीं करते। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किया जा रहा है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जो लोग राष्ट्रवादी हैं, वे इस देश और पश्चिम बंगाल के लिए खड़े हैं, हमें उनके साथ होना चाहिए। जो लोग हमारे साथ नहीं खड़े हैं, जो देश और पश्चिम बंगाल के हित के खिलाफ काम करते हैं, हमें उन्हें बेनकाब करने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा कि उनकी टिप्पणियां किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है।

#### तृणमूल कांग्रेस के चलते पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं

अधिकारी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कई इलाकों में तृणमूल कांग्रेस के जिहादी गुंडों ने हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। तृणमूल के जिहादी गुंडे ऐसा नहीं होने देंगे। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव राज्य में अशांत क्षेत्र अधिनियम लागू कर ही संभव है। हम राष्ट्रपति शासन लागू कर पिछले दरवाजे से राज्य में सत्ता हथियाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि लोगों के जनादेश से चुनाव जीतने पर ही हम सत्ता में आएंगे। लेकिन उसके लिए, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना होगा।

अधिकारी ने कहा कि मैंने राष्ट्रवादी मुस्लिमों की भी बात की है। हम सभी 'सबका साथ, सबका विकास' की बात किया करते हैं, लेकिन आगे से अब मैं यह नहीं कहूंगा, क्योंकि मेरा मानना है कि इसके बजाय यह 'हम उनके साथ जो हमारे साथ' होना चाहिए... अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। साल 2014 में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया था और 2019 में एक कदम आगे बढ़ते हुए इसे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कर दिया था। तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में राज्य में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं को शांत करने के बहाने तलाश रही है।

## प्रदेश मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन में बदलाव की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा व पार्टी नेताओं के बीच आपसी मतभेद की चर्चा के बीच संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश के मंत्रिमंडल व भाजपा संगठन में बदलाव हो सकता है। इस बीच, बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोबारा मुलाकात की। प्रदेश के नेताओं के पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बीच कई तरह की चर्चा हो रही है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनसे राजनीतिक रूप से राज्य में पार्टी के संगठनात्मक मामलों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस सिलसिले में चौधरी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई। मालूम हो कि प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के घटनाक्रम की चर्चा की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बीते दिन जेपी नड्डा से मुलाकात की थी।





- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

#### भाजपा नेतृत्व ने दी उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन की सलाह

पार्टी सूत्रों का कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोनों नेताओं को विधान सभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करने व पार्टी में अनुशासन बनाये रखने की सलाह दी है। नेताओं से कहा गया है कि अभी पार्टी नेतृत्व की शीर्ष प्राथमिकता में प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव हैं। इसमें पार्टी को अच्छा प्रदर्शन करना ही है।

#### केशव प्रसाद मौर्य ने फिर की जेपी नड्डा से मुलाकात

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के अगले ही दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को फिर पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की। चर्चा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के राजनीतिक हालात व पार्टी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुलाकात के बाद मौर्य ने 'संगठन सरकार से बड़ा है' वाला बयान दोहराया। मौर्य के कार्यालय की ओर से 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है, कार्यकर्ताओं का दर्द उनका दर्द है। संगठन से बड़ा कोई नहीं, कार्यकर्ता ही गौरव हैं। लेकिन, कुछ देर बाद ही इस पोस्ट को हटा लिया गया।





## महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर 12 नक्सली मार गिराए

गढ़चिरौली, एजेंसी

- छह घंटे तक चली मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल
- एके-47, इंसास राइफल सहित स्वचालित हथियार मिले

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे इलाके में पुलिस और कमांडों की नक्सलियों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि दोपहर सी60 कमांडो और नक्सलियों के बीच वंडोली गांव में भारी गोलीबारी हुई और यह मुठभेड़ करीब छह घंटे तक चली। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने 12 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इसके अलावा तीन एके47, दो इंसास राइफल सहित सात स्वचालित हथियार, कार्बाइन और एसएलआर जब्त हुए। नीलोत्पल ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान 'डिवीजनल कमेटी मेंबर' (डीवीसीएम) लक्ष्मण अतराम उर्फ विशाल अतराम के तौर पर की गई है जो प्रतिबंधित संगठन में तिपगाड दलाम का प्रभारी था।

नीलोत्पल ने बताया कि महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस सफलता के लिए सी60 कमांडो टीम और गढ़चिरौली पुलिस को 51 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## हरियाणा में सरकारी नौकरी में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण, उम्र में भी छूट

चंडीगढ़, एजेंसी

- पुलिस कांस्टेबल, वन रक्षक, जेल वार्डन भर्ती के लिए की घोषणा
- व्यवसाय शुरू करने को मिलेगा 5 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण

विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हरियाणा की भाजपा सरकार ने कांस्टेबल, वन रक्षकों और जेल वार्डन की भर्ती के साथ-साथ अन्य पदों पर अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की बुधवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यदि कोई अग्निवीर अपना व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो सरकार उसे पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएगी। सैनी ने यहां कहा कि राज्य सरकार द्वारा कांस्टेबल, खनन रक्षक, वन रक्षक, जेल वार्डन और विशेष पुलिस अधिकारी के पदों पर की जाने वाली सीधी भर्ती में अग्निवीर के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप सी और डी के पदों पर भी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। सैनी ने कहा कि हालांकि अग्निवीर के पहले बैच के लिए यह छूट पांच वर्ष होगी। उन्होंने अग्निवीर को रोजगार देने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए भी रियायतों की घोषणा की। सैनी ने कहा कि अगर कोई औद्योगिक इकाई अग्निवीर को 30 हजार रुपये प्रति माह से अधिक वेतन पर नियुक्त करती है, तो हमारी सरकार उस इकाई को 60 हजार रुपये की वार्षिक सब्सिडी देगी। अग्निवीर को प्राथमिकता के आधार पर हथियार लाइसेंस दिए जाएंगे।

केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार द्वारा जून 2022 में सशस्त्र बलों में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए शुरू की गई अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना को विपक्षी दलों सहित कई धड़ों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। हाल में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना को रद कर कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

## गौरी लंकेश हत्या मामले में 3 आरोपियों की जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति एस. विश्वजीत शेट्टी ने मंगलवार को अमित दिगवेकर, एचएल सुरेश और केटी नवीन कुमार को जमानत दे दी। मुकदमे की सुनवाई में देरी का हवाला देते हुए तीनों ने जमानत देने का अनुरोध किया था। पिछले साल दिसंबर में अदालत ने एक अन्य आरोपी एन. मोहन नायक को जमानत दे दी थी। हिंदुत्व समूहों की कटु आलोचक माने जाने वाली गौरी लंकेश की पांच सितंबर 2017 को बेंगलुरु में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## डोडा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के देसा वन क्षेत्र में मंगलवार की रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने कल रात सुरक्षा बलों के तलाश अभियान दल पर गोलीबारी की।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाई जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) ने देसा वन क्षेत्र में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान कलान भाटा क्षेत्र के गांव के बाहर और पंचन भाटा के पास एक संदिग्ध गतिविधि को देखने पर गोलीबारी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना के सुयंक्त बल ने शहर के बाहरी इलाके नगरोटा इलाके में भी तलाश अभियान शुरू किया है। इससे पहले डोडा में सोमवार की रात आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे।



- तलाशी अभियान के दौरान देसा वन क्षेत्र में मुठभेड़

## कन्नड़ भाषियों को सौ प्रतिशत आरक्षण देने से पलटे सिद्धारमैया

बेंगलुरु, एजेंसी

- सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपनी पोस्ट हटाई
- निजी क्षेत्र में सौ प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही थी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को निजी क्षेत्र की नौकरियों में कन्नड़ भाषियों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपनी पोस्ट को हटा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर एक अन्य पोस्ट कर बताया कि मंत्रिमंडल ने राज्य के निजी उद्योगों और अन्य संस्थानों के प्रशासनिक पदों में 50 प्रतिशत और गैर प्रशासनिक पदों में 75 प्रतिशत आरक्षण कन्नड़ भाषियों को देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सिद्धारमैया ने कहा कि हमारी सरकार की इच्छा है कि कन्नड भाषियों को अपनी मातृभूमि में सुगम जीवन जीने का अवसर दिया जाए। हम कन्नड हितैषी सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नड भाषियों का कल्याण है।



मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा था कि मंत्रिमंडल की कल हुई बैठक में राज्य के सभी निजी उद्योगों में 'सी' और 'डी' श्रेणी की नौकरियों को शत प्रतिशत कन्नड भाषियों के लिए आरक्षित करने वाले विधेयक को मंजूरी दी गई है। सिद्धारमैया के करीबी सूत्रों ने बताया कि संभवतः उन्होंने अपने संदेश में सुधार किया है। प्रस्तावित विधेयक में कभी शत-प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इसलिए, उन्होंने पूर्व के संदेश को हटा दिया और नए संदेश में गलती सुधारी।

## केजरीवाल की जमानत पर 29 को निर्णय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उन याचिकाओं पर बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिनमें आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया गया है। केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ने उन्हें जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

**नई व्यवस्था** — उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया में किया गया बदलाव

## आश्रित कम पढ़ा लिखा तो ऊर्जा निगमों में नौकरी नहीं

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य ऊर्जा निगमों में कार्मिक की मृत्यु होने पर यदि आश्रित कम पढ़ा लिखा हुआ तो उसे अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं मिल सकेगी। कारण यह कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने अनुकंपा नियुक्ति नियमावली में आंशिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। मध्य उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने कम पढ़े लिखे आश्रित को चतुर्थ श्रेणी पर नियुक्ति न देने का फैसला ले लिया है और इस सिलसिले में आदेश भी जारी हो गए हैं।

#### नियुक्ति के पहले लेनी होगी निदेशक से अनुमति

उत्पादन निगम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मृतक आश्रित का सेवायोजन सक्षम अधिकारी करेंगे, लेकिन उन्हें निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन की पूर्व अनुमति लेनी होगी। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसी तरह पावर कॉरपोरेशन समेत अन्य निगमों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए बदलाव की तैयारी चल रही है। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

इस सिलसिले में उत्पादन निगम के उप महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध देवेश कुमार विश्वकर्मा की ओर से बीती 16 जुलाई को आदेश जारी किया गया। आदेश में निदेशक मंडल की ओर से निर्णय लिये जाने का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवा में मृत परिषदीय सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1975 यथा संशोधित में मृतक के आश्रित को चतुर्थ श्रेणी, टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय विद्युत, यांत्रिक व इंस्ट्रूमेंटेशन या कार्यालय सहायक तृतीय और महिला आश्रित को चपरासी पद पर सेवायोजित करने का प्रावधान है।किंतु अब इसमें निदेशक मंडल की ओर से आंशिक परिवर्तन किया गया है। कहा गया है कि अब आश्रित की नियुक्ति केवल टेक्नीशियन ग्रेड-द्वितीय या कार्यालय सहायक तृतीय के पदों पर की जाएगी। यदि मृतक आश्रित इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता नहीं रखता है तो आश्रित को कार्मिक की मृत्यु के पांच वर्ष के अंदर आवश्यक शैक्षिक अर्हता को पूरा करना होगा, तभी नियुक्ति दी जाएगी।

# सुमित नागल व ड्रेजेविक की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर

**बस्ताड (स्वीडन), एजेंसी**

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक को नॉर्डिया ओपन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

नागल और ड्रेजेविक की जोड़ी 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार गई। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि एकल वर्ग में अपनी चुनौती बरकरार रखी है। नागल का अगला मुकाबला अर्जेंटीना के दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मारियानो नवोन से होगा। इस बीच रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का जर्मनी में हैम्बर्ग ओपन में जैकब श्नाटर और मार्क वॉलनर की जर्मन जोड़ी के खिलाफ पुरुष युगल के पहले दौर का मैच गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया है। बोपन्ना और बालाजी पेरिस ओलंपिक के लिए भी जोड़ी बनाएंगे। हैम्बर्ग ओपन में भाग ले रही एक अन्य जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत ने दूसरे दौर का क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।



<< एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल।

## विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप

# शौर्य बावा ने जीता कांस्य पदक



**ह्यूस्टन।** भारत के शौर्य बावा ने टेक्सास के ह्यूस्टन में आयोजित वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत लिया है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने बॉयज एकल सेमीफाइनल मुकाबले में मिस्त्र के मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। शौर्या बावा को 41 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। बावा ने राउंड ऑफ 32 में संयुक्त राज्य अमेरिका के रस्टिन वाइजर को हराया। इसके बाद उन्होंने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। बावा ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मलेशिया के लो वा सर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि यह विश्व जूनियर चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया दूसरा पदक है।

# अंतिम के कोचों के नाम नहीं, उषा ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पंघाल के कोचों के नाम शामिल न करने पर डब्ल्यूएफआई की तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि समिति ने पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों को भेजी गई लंबी सूची में पहलवान अंतिम पंघाल के कोचों के नाम नहीं दिए। आईओए की प्रतिक्रिया खेलों के लिए अंतिम के पसंदीदा कोचों को वीजा मंजूरी मिलने में देरी के मद्देनजर आई है।

हिसार में प्रशिक्षण लेने वाली 19 साल की पंघाल पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान थीं। उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में जगह बनाई थी। अंतिम चाहती हैं कि उनके कोच भगत सिंह और विकास तथा फिजियोथेरेपिस्ट हीरा उनके साथ यात्रा करें। उषा ने कहा अंतिम ने बेलग्रेड में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सितंबर 2023 की शुरुआत में ही भारत को ओलंपिक कोटा दिला दिया था। कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति ने अपनी समझदारी से ओलंपिक खेल आयोजन समिति को भेजे गए नामों की लंबी सूची में अंतिम के कोच या फिजियोथेरेपिस्ट का नाम शामिल नहीं करने का फैसला किया। पहलवानों को तीन अगस्त को पेरिस पहुंचना है और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को दो अगस्त को बायोमेट्रिक्स के लिए समय मिला है।

आईओए ने दिसंबर 2023 में अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा को तदर्थ पैनल का प्रमुख नियुक्त किया था जबकि एमएम सोमाया तथा मंजूषा कंवर इसके अन्य सदस्य हैं। आईओए अध्यक्ष ने पर्याप्त ध्यान नहीं देने के लिए साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) पर भी परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। उषा ने कहा यह अजीब बात है कि जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ की लंबी सूची को मंजूरी दी थी उन्होंने भगत सिंह या हीरा या विकास को शामिल करने की सिफारिश करना उचित नहीं समझा। कुछ दिन पहले अंतिम के पिता आईओए में आए, उसके बाद ही मैंने मंत्रालय से उन्हें मंजूरी दिलवाई।

इस बीच आईओए के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि पंघाल को वीएफएस के पास जाने के बजाय आईओए से हस्तक्षेप के लिए संपर्क करना चाहिए था। अधिकारी ने कहा अगर वह हमारे पास आती तो हम फ्रांसीसी दूतावास से अनुरोध करते और यह आसानी से हो जाता क्योंकि दूतावास बहुत सहायक है। हम हस्तक्षेप करते और समाधान की तलाश करते लेकिन मुझे लगता है उन्हें किसी ने गुमराह किया है। आईओए प्रमुख ने समर्थन के लिए फ्रांसीसी दूतावास की सराहना की।

# पेरिस ओलंपिक : पदकों के सफर को हैं तैयार हम

## 117 भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों की सूची जारी, निशानेबाजी दल के प्रमुख होंगे गगन नारंग, आभा बाहर



**ओलंपिक 8 दिन शेष**

- **72** अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को दी गई है मंजूरी
- **17** सदस्य शामिल हैं एथलेटिक्स के सहयोगी स्टाफ में
- **72** सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मिली है मंजूरी
- **67** सहयोगी स्टाफ के सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी हैं शामिल
- **29** खिलाड़ी सर्वाधिक एथलेटिक्स के हैं जिनमें 11 महिला और 18 पुरुष
- **11** महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी निशानेबाजी दल में हैं शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है।

विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि चोट लगने, डोपिंग उल्लंघन या किसी अन्य तकनीकी समस्या के कारण उनका नाम हटाया है। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य खिलाड़ियों को उम्मीद के अनुरूप मंजूरी मिल गई। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं।

पत्र में कहा गया है कि खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है। आभा खटुआ का नाम शामिल नहीं होने के बावजूद खिलाड़ियों की सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे। निशानेबाजी दल में 11 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं।

मीराबाई चानू दल में शामिल एकमात्र भारोत्तोलक हैं। तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। चोपड़ा पेरिस में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे। दल में शामिल में 21 अधिकारियों में 11 खेल गांव में रुकेंगे जबकि बाकी अधिकारी खेल गांव के बाहर होटल में ठहरेंगे। इनका खर्च सरकार वहन करेगी।

एथलेटिक्स में सहयोगी स्टाफ के 17 सदस्य शामिल हैं। उसके बाद कुश्ती (12), मुक्केबाजी (11), हॉकी (10), टेबल टेनिस (9), बैडमिंटन (9), गोल्फ (7), घुड़सवारी (5), तीरंदाजी (4), नौकायन (4), भारोत्तोलन (4) टेनिस (3), तैराकी (2) और जूडो (1) का नंबर आता है। मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि पेरिस में भारतीय दूतावास में एयर अताशे पद पर कार्यरत एयर कमोडोर प्रशांत आर्य ओलंपिक अताशे होंगे, जिनके पास मान्यता पत्र होगा तथा वह दूतावास की सहायता और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए खेल गांव और प्रतियोगिता स्थलों का दौरा करेंगे।



# दक्षिण एशिया के लिए दीपा प्रतिनिधि नियुक्त



- लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एशियाई पैरालंपिक समिति ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी।

भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। एपीसी के अध्यक्ष माजिद रशीद ने कहा हमारे कार्यकारी बोर्ड की बैठकों में महिलाओं की संख्या में इजाफा होना सकारात्मक कदम है, विशेषकर जब डॉक्टर दीपा मलिक के अनुभव, कौशल और जानकारी रखने वाली कोई महिला इसमें शामिल हो। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा। दीपा ने कहा दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मेरे लिए शानदार मौका है। भारत लंबे समय से 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नेतृत्वकर्ता रहा है और अब इस बड़े परिवार में योगदान देने के लिए आगे बढ़ने का सही समय है।

# मेयर ने सफाई दिखाने के लिए सीन नदी में लगाई डुबकी

**पेरिस।** पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने महीनों पहले किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए नौ दिन बाद शुरू होने वाले 2024 ओलंपिक के दौरान तैराकी स्पर्धाओं की मेजबानी के मद्देनजर सीन नदी की स्वच्छता दिखाने के लिए बुधवार को इसमें डुबकी लगाई। वेटसूट पहनकर हिडाल्गो ने अपने कार्यालय सिटी हॉल और नोट्रे डेम कैथेड्रल के पास नदी में छलांग लगाई। पेरिस 2024 के प्रमुख टोनी एस्टांगुएट और पेरिस क्षेत्र के शीर्ष सरकारी अधिकारी मार्क गिलियूम भी उनके साथ शामिल थे। हिडाल्गो ने नदी से बाहर निकलते हुए कहा पानी बहुत अच्छा है। थोड़ा ठंडा है, लेकिन इतना खराब नहीं है। यह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले नदी की स्वच्छता दिखाने का प्रयास है जिसमें सीन नदी पर नावों पर खिलाड़ियों की परेड भी शामिल है। जून के शुरू में जल गुणवत्ता जांच में ई कोलाई बैक्टीरिया का असुरक्षित स्तर मिला था जिसके बाद हाल ही में सुधार हुआ। नदी की स्वच्छता के लिए डेढ़ अरब डॉलर का खर्चा किया गया है। जिससे हर दिन नदी के पानी की जांच की जा रही है और हाल में जांच के परिणामों में सुधार दिखा है।

# ओलंपिक में स्वच्छंद होकर खेलें : कपिल



- भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को दी सलाह
- ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग का दूसरा सत्र दो से सात सितंबर तक होगा

**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 26 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों के महाकुंभ में स्वच्छंद होकर खेलने की सलाह दी और उम्मीद जताई कि देश पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। पेरिस में भारत का प्रतिनिधित्व 117 सदस्यीय दल करेगा और देश को तोक्यो में जीते सात पदकों की संख्या को बेहतर करने की उम्मीद है।

ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग (टीजीसीएल) के दूसरे सत्र की घोषणा के मौके पर कपिल ने कहा मैं किसी खिलाड़ी के लिए कुछ नहीं कह सकता, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं दे सकता हूं और उम्मीद करता हूं कि हम इस साल और अधिक पदक जीतेंगे और यह महत्वपूर्ण है। सभी को मेरी सलाह होगी कि वे जाएं और खुद को जाहिर करें, स्वच्छंद होकर खेलें। हम क्यों उम्मीद नहीं करेंगे कि हम दोहरे अंक में पदक जीतेंगे। कपिल ने हालांकि भारतीय क्रिकेट और नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर पर टिप्पणी करने से परहेज किया। अगर गौतम गंभीर वह पद संभाल रहे हैं तो मैं उन्हें और टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पहले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मैं भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

# ओलंपिक से पहले ग्रीक एथलीट का डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव

**एथेंस।** पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली ग्रीस की टीम का एक एथलीट डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। ग्रीस के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन (ईओकेएएन) के सूत्रों के अनुसार, टीम के फ्रांस की राजधानी पेरिस के लिए रवाना होने से पहले किए गए परीक्षणों के बाद महिला ट्रैक और फील्ड एथलीट के सकारात्मक परीक्षण की पुष्टि की गई थी। एथलीट के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार आरोपी एथलीट दूसरे नमूना परीक्षण के लिए कह सकता है। कुल 101 ग्रीक एथलीटों ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी खेलों के लिए टिकट कटाया है। ट्रैक और फील्ड टीम में 14 एथलीट शामिल हैं, जिनमें से 10 महिलाएं हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी फिल्म वॉर 2 में खुफिया एजेंसी के एजेंट का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म वॉर में ऋतिक रौशन और टाइगर श्रॉफ ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फैंस इस फिल्म के सेकेंड पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। वॉर-2 में ऋतिक रोशन के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में मार्च के महीने से शुरू की थी। दोनों ने मई के महीने में वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली थी। वॉर 2 के सेकेंड शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में रामोजी फिल्म सिटी में होगी, जहां एक्शन सीन्स की शूटिंग होगी। इस शूटिंग में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के साथ कियारा भी होंगी। कहा जा रहा है कि कियारा आडवाणी वॉर 2 खुफिया एजेंसी से जुड़े किसी एजेंट की भूमिका निभा सकती हैं।यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

# विक्रम भट्ट की फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक विक्रम भट्ट की आने वाली हॉरर फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डिज्नी हॉट स्टार और महेश भट्ट प्रस्तुत ब्लडी इश्क में अविका गौड़ और वर्धन पुरी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। विक्रम भट्ट निर्देशित यह फिल्म 26 जुलाई को डिज्नी हॉट स्टार पर रिलीज होगी। ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ब्लडी इश्क के ट्रेलर की शुरुआत एक सुनसान आईलैंड और उस पर बने एक हवेली से होती है। इसके बाद अविका की आवाज सुनाई देती है, जहां वह वर्धन से पूछती हैं कि इस आईलैंड पर और कौन रहता है? वर्धन जवाब देते हैं, कोई नहीं। ट्रेलर के आखिर में इसकी पुष्टि भी हो जाती है। एक लड़की आत्मा अविका से कहती है कि यह भुतहा हवेली है। लेकिन अब सवाल ये है कि ये लड़की कौन है? उसकी आत्मा क्यों भटक रही है? और वह अविका के पीछे क्यों पड़ी है?

## बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे, बीटीएस वीडियो रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे होने पर इस फिल्म का एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) वीडियो रिलीज किया गया है। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म बजरंगी भाईजान 17 जुलाई 2015 को प्रदर्शित हुयी थी। बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर और हर्षाली मल्होत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बजरंगी भाईजान के नौ साल के सफर को याद करते हुए मेकर्स ने एक बीटीएस वीडियो रिलीज किया है। यह वीडियो दोस्ती और इस खास फिल्म को बनाने में लगी मेहनत को दर्शाता है। इस वीडियो में हल्के-फुल्के तरीके और मजाक मस्ती के बीच बनी फिल्म की झलकियां देखने को मिल रही हैं।

# श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीम करेगी न्यूजीलैंड का दौरा

**क्राइस्टचर्च।** आगामी सत्र में श्रीलंका, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इसके अलावा इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज की घोषणा पहले ही हो चुकी है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम घरेलू सीजन के दौरान छह वनडे और आठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगी, जबकि महिला टीम छह वनडे और छह टी-20 में भाग लेगी। गर्मियों के दौरान न्यूजीलैंड सिर्फ इंग्लैंड के साथ ही टेस्ट सीरीज़ खेलेगा जबकि सितंबर और दिसंबर के बीच न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान (एक टेस्ट), श्रीलंका (दो टेस्ट) और भारत (तीन टेस्ट) के साथ टेस्ट सीरीज खेलेगी।

2025-26 सीजन में न्यूजीलैंड को घरेलू धरती पर केवल वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच खेलना है। इंग्लैंड सीरीज के बाद न्यूजीलैंड की पुरुष टीम दिसंबर के अंत से जनवरी के मध्य तक श्रीलंका के साथ टी-20 और वनडे सीरीज खेलेगा। इसके बाद उनकी टीम पाकिस्तान में एक त्रिकोणीय सीरीज खेलने के लिए रवाना होगी, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक तैयारी की तरह होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वे मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में सीजन के अंतिम चरणों के दौरान पाकिस्तान की मेजबानी पांच टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए करेंगे, जो मैच संभवतः आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। न्यूजीलैंड की महिला टीम क्रिसमस से कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

# आईसीसी ने छह देशों को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार के लिए चुना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 2023 के वैश्विक विजेताओं में शामिल हैं मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2023 के वैश्विक विजेताओं की घोषणा जिसमें छह उभरते हुए देश मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान शानदार प्रदर्शन के अलावा महत्वपूर्ण पहल के लिए 21 उभरते हुए देशों में से छह को पुरस्कारों के लिए चुना गया और इनका चयन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया।

इस साल विजेताओं का चयन अप्रैल में घोषित क्षेत्रीय पुरस्कार विजेताओं की सूची से किया गया जिसे आईसीसी के पूर्ण सदस्य अधिकारियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और आईसीसी वैश्विक भागीदारों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा चुना गया जिसमें प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की वरिष्ठ खेल पत्रकार मोना पार्थसारथी भी शामिल हैं। आईसीसी डेवलपमेंट (विकास) पुरस्कार 2002 में शुरू किये गये थे जो एसोसिएट सदस्य देशों में खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए किये गये काम के लिए दिए जाते हैं। मेक्सिको क्रिकेट संघ को अग्रणी परियोजानओं के लिए आईसीसी डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसने भारत में स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अपनी एक टीम भेजी थी। साथ ही उन्होंने मेक्सिको में कैदियों के पुनर्वास और उनके जीवन में बदलाव के लिए क्रिकेट सत्र आयोजित किए।

ओमान क्रिकेट को क्रिकेट4हर कार्यक्रम के लिए 100% क्रिकेट फीमेल क्रिकेट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया जो महिलाओं और लड़कियों को अवसर प्रदान करता है। नीदरलैंड को भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और प्रतिस्पर्धा करने के शानदार प्रयास के लिए आईसीसी एसोसिएट मेंबर पुरुष परफोरमेंस ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 36.8° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 27 | सूर्यास्त 07 : 03 |

## एक नजर

### जहर खाने से किशोरी की हालत गंभीर, रेफर

**संदलपुर।** जहर खाने से किशोरी की हालत बिगड़ गई। मंगलपुर थाना क्षेत्र के लौवा गांव निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी ने बुधवार को संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी हवासपुर ले गए। जहां डॉ. गौरव ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### जिला पंचायत की बैठक अब कल होगी

**कानपुर देहात।** प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में 20 जुलाई को वृहद पौधरोपण तिथि निर्धारित होने के चलते अध्यक्ष की स्वीकृति पर जिला पंचायत की पूर्व में निर्धारित बीस जुलाई को होने वाले बैठक में संशोधन किया गया है। उक्त जानकारी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुरेश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत की अब 19 जुलाई को सुबह 11:30 बजे सभागार में बैठक होगी।

### बिजली गिरने की धमक से युवक हुआ बेहोश

**पुखरायां।** आकाशीय बिजली गिरने पर युवक धमक लगने से बेहोश हो गया। पुरैनी गांव के दिलीप उर्फ कल्लू ने बताया कि उनका पुत्र हर्षित (18) खेत में बुआई करने के लिए गया था। तभी गरज के साथ बरसात होने लगी। युवक एक चिल्ला के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। जहां अचानक आकाशीय बिजली गिरने पर युवक को धमक लग गई और वह गिर गया। परिजनों को जानकारी होने पर बेहोशी हालत में सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

### युवक के लापता होने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** कस्बे के सुभाष नगर के रहने वाले महेश गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसका भाई महेंद्र कुमार (37) 8 जुलाई की दोपहर घर से बाहर गया था। देर शाम तक जब वह वापस नहीं आया तो उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन महेंद्र का कुछ पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है।


जिला अस्पताल में सीएमएस से जानकारी लेते जिलाधिकारी आलोक सिंह।


महिलाओं से जानकारी लेते स्वास्थ्य अधिकारी। अमृत विचार


दो मौतों के बाद गहोलिया में मौजूद अधिकारी, पुलिस व लोगों की भीड़। अमृत विचार

# जमीन और आवास के वादे पर शव का अंतिम संस्कार

**गहोलिया गांव में फूड प्वाइजनिंग से दो बच्चों की मौत से नाराजगी ○ राज्यमंत्री गांव पहुंचीं, घर-घर बांटी गई दवा**

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** गहोलिया गांव में फूड प्वाइजनिंग से डायरिया की चपेट में आकर दो बच्चों की मौत के बाद दूसरे दिन बुधवार को अफसर गांव में डेरा जमाए रहे। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर पीड़ित परिवार ने अंतिम संस्कार से इंकार कर राहत की मांग उठाई। राज्यमंत्री और अधिकारियों ने भूमि का पट्टा, आवास और आयुष्मान कार्ड का लाभ देने का वादा कर अंतिम संस्कार कराया। स्वास्थ्य टीम ने घर-घर जांच की और दवा बांटी।

गहोलिया गांव में मंगलवार को रमेश कुशवाहा के घर में फूड प्वाइजनिंग के कारण आंतों के संक्रमण और डायरिया से पूरा परिवार संक्रमित हो गया था, जिससे रमेश की 3 वर्षीय पुत्री विद्या की घर में ही मौत हो गई थी, जबकि 11 वर्षीय अंजली ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया था। अंजली के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव जब बुधवार को घर पहुंचा तो ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और परिवार को मदद करने की मांग करने लगे।

अकबरपुर तहसीलदार पवन कुमार, नायब तहसीलदार रवींद्र मिश्रा, थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह के समझाने और मांगें पूरी करने के वादे के बाद ग्रामीण माने। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की और परिवार की स्थिति के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य अधिकारियों को मोहल्ले के प्रत्येक घरों की जांच के निर्देश दिए। दैवीय आपदा के तहत परिवार को आवास और जमीन का पट्टे देने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को चेताया कि सरकारी सहायता के लिए परिवार को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। तहसीलदार पवन कुमार ने बताया कि परिवार को चार बीघा पट्टा, आवास, आयुष्मान कार्ड की मदद की जाएगी। डॉ. बीके सिंह व डॉ. पीके सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य टीम ने घरों में जाकर संचारी रोग से निपटने के लिए जांच कर दवाएं बांटी। गांव की नालियों और घरों में दवा का छिड़काव हुआ।


गहोलिया गांव में पीड़ित परिवार से जानकारी लेतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

### दो मौतों के बाद भोर पहर नालियों की हुई सफाई

**रूरा।** जिले में मौजूदा समय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाकर जागरूकता बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन गहोलिया गांव में जगह-जगह गंदगी व कूड़े के ढेर इसकी हकीकत बयां कर रहे हैं। गांव के रामनरेश, बाबूराम, नूरजहां आदि ग्रामीणों ने बताया कि उनके मोहल्ले में आज तक कोई सफाई कर्मचारी नहीं आया। लोग खुद ही नालियां साफ करते हैं। दो मौतों के बाद बुधवार भोर चार बजे से ही नालियों की सफाई होने लगी। इसके पहले अगर सफाई होती तो शायद मौतें नहीं होती। ग्राम प्रधान ने बताया कि झींझक बीडीओ से शिकायत की गई थी, लेकिन गंदगी की समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। जलभराव से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्राम विकास अधिकारी मगन का कहना है कि रोस्टर के तहत गांव में सफाई कराई जाएगी।


चोक नाली व रास्ते पर कीचड़।

### जिलाधिकारी, सीएमओ ने पीड़ितों का लिया हाल

फूड प्वाइजनिंग से डायरिया के शिकार रमेश और उसके पुत्र सत्यम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी आलोक सिंह व सीएमओ डॉ. एके सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों का हालचाल लिया। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। पीड़ित रमेश ने बताया कि घर में चावल-रोटी बनी थी, जिसे खाने के बाद परिवार के सदस्यों की हालत बिगड़ गई थी। रात में सीओ सदर तनु उपाध्याय, अकबरपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. आईएच खान ने गांव जाकर पूरे मामले की जानकारी ली और गांव में जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए।

### एंबुलेंस से बेटी के अंतिम दर्शन को पहुंचे माता-पिता

फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुई अंजली के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद बुधवार को गांव पहुंचा। उसकी मां पूजा और पिता रमेश एंबुलेंस से एसडीएम सदर के साथ बेटी अंजली के अंतिम संस्कार में पहुंचे। ग्रामीणों ने घर पर ही माता-पिता को बेटी के अंतिम दर्शन कराने के लिए कहा, लेकिन अधिकारियों ने गांव के बाहर जाकर उनको अंतिम दर्शन कराए। इसके बाद अधिकारियों की मौजूदगी में शव का दाह संस्कार करने के लिए गौरियापुर ले जाया गया। इस दौरान प्रशासनिक व स्वास्थ्य अधिकारी कोई भी जवाब देने से बचते रहे। गांव में बजबजाती गंदगी को लेकर उनके पास कोई जवाब नहीं है।

# कक्षा एक-दो में अब आनंदमय गणित

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पुखरायां में प्राचार्य राजू राणा के निर्देशन में चल रहे नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन बुधवार को एनसीईआरटी आधारित आनंदमय गणित पाठ्य पुस्तक संदर्शिका और सहायक सामग्रियों के अनुप्रयोग के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।

एसआरजी अनंत त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2022 की अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए गणित की वर्तमान पुस्तक आनंदमय गणित को विकसित किया गया है। परिषदीय विद्यालयों में इसे इसी सत्र से लागू किया जाएगा। यह माना जा सकता है कि बाल्यावस्था में 3 वर्ष से 6 वर्ष तक बालक बाल वाटिका में कुछ ना कुछ स्थानीय संदर्भों से ज्ञान अर्जित करता रहता है, लेकिन हमारे देश की विविधताओं को देखते हुए हो सकता है।

● डायट में नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित प्रशिक्षण

संख्यात्मक ज्ञान से बच्चा कक्षा एक में ही रूबरू हो पाए। एसआरजी संत कुमार दीक्षित ने कहा कि इस स्तर पर बच्चे खेल और खिलौनों से अधिक आनंद लेते हैं। अतः विभिन्न गणितीय विचारों जैसे स्थानिक समझ संख्यात्मक ज्ञान और गणितीय सोच को विकसित करने के लिए इस पुस्तक में खेल-खेल से सीखने के बहुत से अवसर प्रदान किए गए हैं। एसआरजी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आनंदमय गणित में कक्षा के बाहर एवं कक्षा के अंदर होने वाली बहुत सारी गतिविधियां दी गई हैं। इसके माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा लेते हुए बच्चे अपने निर्धारित अधिगम लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे।


पुखरायां डायट में प्रशिक्षण लेते शिक्षक। अमृत विचार

# खेत के पेड़ पर लटका मिला किसान का शव

संवाददाता, राजपुर

● सट्टी थाना क्षेत्र के मुजम्मनपुर गांव की घटना
● घरेलू विवाद में आत्महत्या की बात सामने आई

**अमृत विचार।** सट्टी थाना क्षेत्र के मुजम्मनपुर गांव में मंगलवार देर रात किसान का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ में फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की।

जहांगीरपुर के मजरा मुजम्मनपुर निवासी आजाद सिंह (50) खेतीबाड़ी करता था। मंगलवार की शाम वह खाना खाकर घर के बाहर सहन में सो गया। बुधवार सुबह खेत की ओर गए गांव के लोगों ने फौजदार के खेत में नीम के पेड़ पर गमछे के फंदे से आजाद का शव लटकते देखकर परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मामले की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की।


आजाद सिंह।

इसके बाद फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि आजाद सिंह के परिजनों के अनुसार उसने घरेलू कलह के चलते आत्महत्या की है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मंगलपुर।** रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मंगलपुर क्षेत्र के बड़ागांव निवासी मनोज कुमार (22) बुधवार शाम मजदूरी करके घर लौट रहा था, तभी रेलवे स्टेशन के पास डाउन लाइन पर इटावा से कानपुर की तरफ जा रही स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना से मां तारावती का रो-रोकर बुरा हाल है। मनोज के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। अब मां का सहारा छइन गया है। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मछली पकड़ने के विरोध में मारपीट, चार पर केस दर्ज

**पुखरायां।** नोनापुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के नोनापुर गांव निवासी अनूप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गांव में मछली पालन किए है। जिसकी देख के लिए उसने गोरेलाल को रखा था। आरोप है कि गांव के ही प्रमोद, सोनू, सुमित, अजय आए और मछली पकड़ने लगे। गोरेलाल ने जब विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। वह भागकर उसके घर में घुस आया। तभी उक्त लोग उसके घर में घुस आए और गालीगलौज करने लगे। जब उसके पिता ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

### 40 क्वार्टर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**पुखरायां।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक के पास से चालीस क्वार्टर शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि डिलौलिया बांगर गांव के समीप से एक युवक संदिग्ध हालात में आता दिखा। उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 40 क्वार्टर शराब बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम जगमोहन निवासी डिलौलिया बांगर बताया है।

# ढोल और तासे के साथ निकाला गया जुलूस

**मूसानगर/रसूलाबाद।** मूसानगर के छिपैठी, कुंजरैहठी, बेहनौठी, तकिया, फत्तेपुर, खालेशहर, गढ़, सरायं व चांदपुर में ताज़िए का जुलूस ढोल-तासे के साथ निकाला गया। छिपैठी में अनीस, कुंजरैठी मे चौधरी ज़ियाउद्दीन, बेहनौठी में रफीक, मंसूरी तकिया में अनवर अली, फत्तेपुर में बाबुद्दीन चौधरी के नेतृत्व में ताजिया जुलूस निकाला गया। सीपीकेयू इंटर कॉलेज मैदान पर युवाओं ने खेल का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ताजिए एक साथ करबला के लिए रवाना हुए। फातिहा होने के बाद जुलूस समाप्त किया गया। सुरक्षा में एसडीएम भोगनीपुर सर्वेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

रसूलाबाद में मातमी धुन में जुलूस ए हुसैनी निकला गया। सबसे पहले इमाम चौक पर नेहरू नगर और लोहिया नगर के अखाड़ा और ताजिया पहुंचे, जहां से जुलूस मुख्य चौराहा पहुंचा तो कबीर नगर का ताजिया और अखाड़े जुलूस में शामिल हो गए। इसके बाद या हुसैन व नारा-ए-तकवीर की बुलंद आवाज के साथ जुलूस पठान मोहाल, आजाद नगर पहुंचा। जहां से आजाद नगर बस्ती होते हुए जुलूस बाजार पहुंचा। यहां से पठान मोहाल, मुख्य चौराहा, बेला मार्ग होते हुए हजरत गुलपीर शाह की मजार के ग्राउंड में पहुंचा, जहां नगर के सभी अखाड़ों के खिलाड़ियों ने मैदान में अनूठे करतब दिखाए। सुरक्षा में तहसीलदार सुभाषचंद्र, प्रभारी सीओ देवेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### जगह-जगह बांटा गया लंगर

- **रसूलाबाद।** मोहर्रम के मौके पर हुसैनी लंगर का तमाम जगह एहतिमाम किया गया। आजाद नगर व लहरापुर रोड पर सिराज अहमद द्वारा शुद्ध शाकाहारी दाल-रोटी का लंगर वितरित किया गया। जुलूस में आए दोनों ही समुदाय के लोगों ने चाव के साथ लंगर खाया। वहीं हजरत गुलपीर शाह बाबा के ग्राउंड में कबीर नगर के नवयुवकों ने लंगर का आयोजन किया गया था।

### कहीं शर्बत तो कहीं बांटे गए फल, करतब भी दिखाए

- रसूलाबाद कस्बे में जब जुलूस निकाला तो जगह-जगह कहीं शरबत, कहीं ठंडा पानी तो कहीं फल बांटे गए। कड़ी सुरक्षा के बीच जुलूस ए हुसैनी निकल गया। कस्बे के पांच मोहल्लों में अपने आबा ओ अजदाद के समय से अखाड़ा खेलने का प्रचलन है। जब जुलूस ग्राउंड में पहुंचा तो अखाड़ा हुआ। इसमें नौजवानों ने मैदान में अपना हुनर दिखाया।


रसूलाबाद में ताजिया निकालते लोग। अमृत विचार


मोहर्रम पर राजपुर में ताजिया जुलूस निकालते लोग।


अमृत विचार


रूरा में ताजिया जुलूस देखने पहुंचीं महिलाएं और बच्चियां। अमृत विचार

# हुसैनी सदाओं के साथ निकाले गए ताजिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● देर शाम कर्बला में दफन किए गए ताजिये, पूरे समय तक मुस्तैद रही पुलिस

**अमृत विचार।** मोहर्रम पर जिले भर में परंपरागत तरीके से ताजिया जुलूस निकाला गया। या हुसैन की सदाओं के बीच लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद कर मातमपुर्सी की। देर शाम जुलूस के समापन पर ताजिए कर्बला में दफन किए गए। इस दौरान एसपी समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जुलूस की निगरानी की।

बुधवार को राजपुर, सिकंदरा, रमऊ, सटटी, अफसरिया में ताजिया जुलूस निकाला गया। राजपुर में इमाम चौक पर ताजिया पहुंचने पर मन्नतों का सिलसिला जारी रहा। युवाओं ने हुसैनी अखाड़े में करतब दिखाए और मातमपुर्सी की। इस दौरान जगह-जगह लंगर वितरण किया गया। अकीदतमंदों ने या हुसैन की सदाएं बुलंद की। सिकंदरा में पुरानी बाजार, थाना के समीप आजाद नगर व शास्त्री नगर में ताजिए का मिलाप हुआ।

राजपुर में आरामशाह दरगाह के पास ताजियों का मिलाप हुआ। यहां गढ़ी मोहाल, नई बस्ती, मंसूरी मोहल्ले में ताजिया जुलूस निकाला गया। वहीं सटटी, अफसरिया, जहांगीरपुर, रमऊ में जगह-जगह ताजिए निकाले गए। बाद में उन्हें कर्बला में दफन किया गया। जुलूस के दौरान लोगों ने हसन एवं हुसैन को याद करते हुए मातमपुर्सी की। उसके बाद मातमी माहौल में सांप्रदायिक सौहार्द्र के साथ ताजिए कर्बला मैदान पर सुपुर्द खाक किए गए। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। युवाओं ने लंगर के साथ हुसैनी लंगर के प्रतीक अखाड़े में करतब दिखाए। जिक्रे हुसैन शहादत सुन लोगों ने मातम किया।

रमऊ में ताजिएदारों ने गमजदा माहौल में ताजिए निकाल या हुसैन की सदाएं बुलंद की। देर शाम इंगवारा के पलटू तालाब में सुपुर्द ए खाक किए गए। जुलूस के दौरान एसडीएम एसएन शुक्ला, तहसीलदार संतोष कुमार, सीओ संजय कुमार, ईओ नीति त्रिपाठी मौजूद रहे। रूरा में कुल चार ताजिया इमाम चौक से जोहर बाद उठाए गए। बड़ी संख्या में लोग किराना गली होते हुए मुख्य सड़क में आए। यहां युवाओं ने ढोल, नगाड़ों की मातमी धुनों पर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अखाड़ा खेला।

### यौमे आशुरा के रूप में मनाई दसवीं तारीख

सिकंदरा। मोहर्रम माह की दसवीं तारीख यौमे आशुरा के रूप में मनाई गई। बाबा वाली मस्जिद के इमाम कुर्बान अली साहब ने बताया कि इस दिन अधिक से अधिक नफली नमाज पढ़कर रब से गुनाहों की माफी रोजगार में बरकत के लिए दुआ करनी चाहिए। जितना मुस्लिम धर्म के लोगों के पास हो, उतना ज्यादा से ज्यादा लंगर किया जाए और भूखों को खाना खिलाया जाए। समाजसेवी परवेज आलम ने बताया कि ताजियों का जुलूस अशोक नगर से शुरू हुआ, जो प्रमुख मार्गों से होता हुआ शाम को कर्बला पहुंचा। इसमें छोटे बड़े मिलाकर करीब आठ ताजिए शामिल हुए। इस मौके पर एएसपी राजेश पांडेय, एसडीएम सिकंदरा एसएन शुक्ला, सीओ संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।


राजपुर में जुलूस के दौरान करतब दिखाते लोग। अमृत विचार


सिकंदरा कस्बे में बड़ी ताजिया का जुलूस निकाला गया। अमृत विचार


ताजिया जुलूस निकलने पर रनियां में हाईवे पर रोका गया यातायात। अमृत विचार

### हाईवे का ट्रैफिक रोक निकाला जुलूस

**रनियां।** कस्बे में जुलूस शांतिपूर्वक निकाला गया। जुलूस जब चिटिकपुर चौराहे पर पहुंचा तो पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग का ट्रैफिक रोककर जुलूस कर्बला के लिए रवाना किया। जुलूस के दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# पत्नी से मिलने ससुराल गए युवक की हत्या कर शव खेत में फेंका

## गांव से 200 मीटर दूर मिला शव, साल भर से मायके में रह रही है पत्नी

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट ससुराल आए युवक का शव बुधवार सुबह गांव से दो सौ मीटर दूर खेत पर मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने पत्नी समेत अन्य ससुरालियों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच कर रही है।

असोथर थाना के केवटरा मजरे सातों जोगा निवासी 25 वर्षीय अमित निषाद की शादी पांच साल पहले किशनपुर के महावतपुर असहट निवासी सुमन के साथ हुई थी। शादी के एक साल बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद होने लगा। इससे पत्नी मायके में रहने लगी थी। उसने पति और उसके परिजनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करा रखा था। चार साल की बेटी चांदनी मां सुमन के साथ रहती थी। मंगलवार शाम अमित अपनी ससुराल पड़ोसी के घर बरहों कार्यक्रम में शामिल पहुंचा था। बरहों में न पहुंचकर वह पत्नी के पास चला गया, जहां विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि अमित शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था। देर रात करीब 10 बजे वह लापता हो गया। अमित के परिजनों तक भी सूचना पहुंच गई थी। पिता और चाचा महावतपुर असहट गांव आकर अमित की खोजबीन कर रहे थे।

उधर पत्नी सुमन ने रात थाने पहुंचकर मारपीट की शिकायत की। पुलिस ने गांव पहुंचकर खोजबीन की पर पता न चलने पर लौट आई थी। बुधवार सुबह अमित का शव खेत में पड़ा मिला। पिता विजय बहादुर पीट पीटकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। थाना प्रभारी हेमंत मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# सफाई कर्मी नदारद, विद्यालय परिसर में गंदगी का अंबार

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत खखरेरू अहिल्याबाई होलकर वार्ड नंबर आठ के प्राथमिक विद्यालय में एक हफ्ते से सफाई कर्मी नदारत है। जिसके कारण विद्यालय के अंदर शौचालय व फील्ड में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई न होने के कारण छात्रों को शौचालय के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। इस बीच ग्रामीण एवं विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाचार्य दीपक कुमार सिंह ने बताया की एक हफ्ते से अधिक समय बीत गया है, अभी तक सफाई कर्मी का कोई अता पता नहीं है। विद्यालय में गंदगी फैली हुई है तथा सफाई कर्मी शौचालय को आज तक सफाई नहीं किया है। जिससे शौचालय में गंदगी फैली हुई है और विद्यालय के छात्र बाहर शौचालय के लिए मजबूरन जा रहे हैं। वहीं खखरेरु नगर ईओ प्रियंका त्रिपाठी ने बताया की सफाई कर्मी को भेज कर विद्यालय की तत्काल सफाई करवाई जाएगी तथा सफाई कर्मी अपने कार्य से नदारत है तो इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



गंदे पड़े विद्यालय के शौचालय। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### प्रेमी युगल ने जहर खाकर किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** प्रेम-संबंध में जब परिवार रोड़ा बना तो प्रेमिका के गांव जाकर प्रेमी ने एक साथ जहर खा लिया। इस बात की जानकारी परिवार के लोगों को हुई तो मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 साल की किशोरी और जाफरगंज थाना क्षेत्र के युवक का काफी साल से प्रेम-संबंध चल रहा था। परिवार के लोगों को जब जानकारी हुई तो इस रिश्ते से प्रेमी और प्रेमिका दोनों परिवारों के लोग खुश नहीं थे और उनके मिलने पर रोक लगा दी थी। इसके बाद प्रेमी युगल ने जान देने का निर्णय ले लिया और बुधवार सुबह युवक प्रेमिका के गांव पहुंचा और एक खेत में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। गनीमत रही के खेत में काम करने गए लोगों ने बेसुध हालत में पड़े प्रेमी युगल को देख लिया और प्रेमिका के परिजनों को इसकी जानकारी दी। इस पर दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### गश खाकर तालाब में गिरी महिला, मौत

**फतेहपुर।** बुधवार की दोपहर कूड़ा फेंकने गई एक महिला को अचानक चक्कर आ गया जिससे वह तालाब में गिर गई और हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे बाहर निकालकर गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। राधानगर थाना क्षेत्र के बसावनपुर गांव निवासी दिनेश की पत्नी निशा सिंह बुधवार की दोपहर घर का कूड़ा फेंकने तालाब के पास गई थी। तभी उसे चक्कर आ गया और वह पानी में गिर गई। इसकी जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई तो गांव वालों की मदद से उसे बाहर निकाला और ई-रिक्शा के जरिए गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉ. ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### हिंदू पंचायत की पोस्ट शेयर करने पर युवक को मिली धमकी

**फतेहपुर।** मलवा थाना क्षेत्र में 21 जुलाई को होने वाली हिन्दू पंचायत की पोस्ट सोशल साइट्स में शेयर करने पर एक युवक ने गाली गलौज कर युवक को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं। हुसेनगंज निवासी दीपक सोनी ने बताया कि उसने अपनी फेसबुक आईडी से 21 जुलाई को होने वाली हिंदू पंचायत की पोस्ट शेयर की थी। जिस पर शोएब अलर नामक युवक ने आपत्तिजनक टिप्पणी की और गाली गलौज कर जान से मारने की भी धमकी दी।

### 10 लोगों पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**औंग।** थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी आनन्दपाल सिंह की विवाहित पुत्री ने अपने ससुराल पक्ष के दस लोगों पर दहेज प्रताड़ना, आयदिन मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की तहरीर देकर पति राहुल सिंह, ससुर अशोक सिंह, सास सुमन देवी, ननद पारुल चचेरे देवर पुनीत व पवन सिंह, नरेश सिंह, महेन्द्र, मौसी सास सीतू तथा अंकित सिंह के नाम रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### हादसे में युवती समेत तीन घायल

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के तेदुली गांव के पास वाहन की टक्कर से बाइक में सवार विपिन कुमार निवासी अलियापुर कानपुर देहात व अंकित निवासी मकसूदन खेड़ा थाना कल्यानपुर और उसी बाइक में सवार सोनी देवी पुत्री लालमान निवासी जैती खेड़ा थाना कल्यानपुर गम्भीर रूप से घायल हो गए।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के नंदौली गांव निवासी स्व. शिवशंकर का पुत्र सिद्धनाथ कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मौहार स्थित आलू स्टोर में काम करता था। मंगलवार देर रात वह किसी काम से मलवां आया था। तभी अल्लीपुर के पास बेकाबू वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने आगे की कार्रवाई की।

### करंट से महिला झुलसी

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के दिलावलपुर गांव निवासी राजेश प्रजापति की पत्नी उर्मिला देवी घर के अंदर भोर पहर झाड़ू लगा रही थी तभी झाड़ू लगाते समय अचानक महिला के ऊपर फर्राहट वाला पंख गिर गया। जिसमें आ रहे करंट की चपेट में महिला आ गयी और गम्भीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने करंट से अलग कर उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वथ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### टूल किट के लिए 20 तक कराएं पंजीकरण

**फतेहपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के महाप्रबन्धक के निर्देशानुसार जनपद के अधिक से अधिक रोज़गार सृजन के उद्देश्य से प्रदेश के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के माटीकला के कारीगरों, उद्यमियों, शिल्पियों के समन्वित विकास हेतु माटीकला टूल किट्स वितरण योजना संचालित है। जिसके अन्तर्गत जनपद में वर्ष 2024-25 में 30 टूल किट्स विद्युत चलित चाक निःशुल्क वितरण किया जाना प्रस्तावित है। जिसके क्रम में लाभार्थियों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पात्रता 18 से 55 वर्ष एवं माटीकला के परम्परागत कारीगर, शिक्षित बेरोजगार एवं माटीकला के शिल्पियों, प्रशिक्षित अभ्यार्थियों के स्वतः रोज़गार हेतु परम्परागत पैतृक कारीगर अपना आवेदन विभाग की वेबसाइट की आनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत आनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण में नाम से 20 जुलाई तक अपलोड कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी 77/274 बी सिविल लाईन एलआईसी बिल्डिंग के सामने फतेहपुर में सम्पर्क कर सकते है।

### छात्र ऑनलाइन आवेदन करें

**फतेहपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने बताया कि दशमोत्तर कक्षाओं कक्षा 11-12 को छोड़कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन करने के लिए समय सारणी जारी की गई है। जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध समय सारणी का अवलोकन करते हुए निर्धारित समयान्तर्गत समस्त छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करें। ताकि कोई भी पात्र छात्र-छात्रा योजना से वंचित न रहे।

### महिलाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर बुधवार को सभी थानो की एन्टी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 अभियान व ऑपरेशन जागृति चलाया गया। महिलाओं बालिकाओं से वार्ता कर ऑडियो, वीडियो, पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा के लिए जागरुक किया गया।

# डॉ. अनुराग को राज्यपाल ने किया सम्मानित

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** समाजसेवी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने जनपद का मान बढ़ाया है। राजभवन में आयोजित इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव को उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं डॉ हिमाबिन्दु नायक महासचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में सम्मानित किया।
राज्यपाल ने डॉ अनुराग को बच्चों को चिकनपॉक्स, डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव के लिए किए जा रहे होम्योपैथिक औषधि वितरण व कोविड काल में आयुष मंत्रालय द्वारा प्रमाणित होम्योपैथिक औषधि आर्सेनिक एल्बम 30 के 3 लाख से अधिक लोगों को प्रदान किये जाने के कार्य की सराहना की। साथ ही राज्यपाल द्वारा विमोचित पुस्तक रेडक्रॉस के बढ़ते कदम में 22 से भी अधिक डॉ अनुराग के सेवाकार्यों के चित्र प्रकाशित किए गए है। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी सचिव अजीत सिंह उपस्थित रहे। सम्मान के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता रहा।




डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। अमृत विचार

# ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के उप चुनाव घोषित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों में होंगे चुनाव
- 22 जुलाई तक किया जा सकेगा नामांकन पत्र दाखिल

**अमृत विचार।** दोआबा की ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायत की रिक्त हुई सीटों में उप चुनाव कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम सी. इंदुमती ने कार्यक्रम घोषित कर दिया है। 22 जुलाई से आठ अगस्त तक चुनावी प्रक्रिया पूरी की जानी है।

विभिन्न कारणों से रिक्त होने वाले प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों में उपचुनाव की डुगडुगी बज चुकी है। डीएम सी.इंदुमती ने बताया कि दोनों पदों के लिए 22 जुलाई को 10 बजे से चार बजे तक नामांकन पत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जबकि 23 जुलाई को दस बजे से नामांकन पत्रो की जांच कराई जाएगी, 24 जुलाई को दस बजे से तीन बजे तक नामांकन पत्र वापसी तथा इसी दिन चुनाव चिन्हों का भी आवंटन किया जाएगा। वहीं छह अगस्त को मतदान प्रक्रिया सुबह सात से शाम पांच बजे तक कराई जाएगी। इसके बाद आठ अगस्त को सुबह आठ बजे से मतगणना कराई जाएगी। एक ग्राम प्रधान, 47 ग्राम पंचायत सदस्य और तीन क्षेत्र पंचायत सदस्यों के पदों पर चुनाव कराया जाना है।

# अभ्यर्थियों का आज और कल होगा साक्षात्कार

**फतेहपुर।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत पोर्टल पर ऑनलाइन किए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार, लोहार, बढ़ई ट्रेड का 18 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे एवं नाई, कुम्हार, राजमिस्त्री व धोबी ट्रेड हेतु 19 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में होगा। इसलिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदित अभ्यर्थी अपने मूल अभिलेखों एवं अन्य संबंधित प्रपत्रों के उक्तानुसार निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

# कार की टक्कर से युवक की मौत, पिता-पुत्री हुए घायल

संवाददाता बिन्दकी

- सीएचसी बिन्दकी से पिता पुत्री सदर अस्पताल रेफर
- जोनिहां से इलाज कराकर लौट रहे थे घर

**अमृत विचार।** बहन का इलाज कराकर वापस लौट रहा बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं युवती व उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने दोनों की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी अमर पुत्र राम सुजान अपने बेटे लवकुश के साथ बाइक से बेटी शिमला का इलाज कराने बुधवार को जोनिहां कस्बा पहुंचे थे। इलाज कराकर घर वापस लौटते समय जाफरगंज थाना क्षेत्र के गढ़ी ईंट भट्ठा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार से कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लवकुश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने पिता-पुत्री को सीएचसी बिन्दकी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया।



लवकुश।

# शादी में शामिल होने आए रिश्तेदार की मौत

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के अकबरखेड़ा गांव में शादी में शामिल होने आए रिश्तेदार की मौत हो गई है। परिजन शव को गांव ले गए और बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

औंग के अकबरखेड़ा गांव निवासी बौरा का पुत्र धर्मेंद्र उर्फ नेता की रविवार को शादी थी। बरात प्रयागराज के गंगरौली गांव गई थी। फुफेरे भाई की शादी में शामिल होने कानपुर विनायकपुर निवासी गोलू भी आया था। बरात दूर की होने की वजह से गोलू अकबरखेड़ा में रुका था। उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन औंग स्थित नर्सिंग होम ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। अधिक नशे में होने की वजह से गोलू की मौत की ग्रामीणों में चर्चा है। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया है।

# दवा लेने गए युवक को घेर कर पीटा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** मोहर्रम के जुलूस के दौरान किसी बात को लेकर युवक से विवाद हो गया। इसके बाद युवक बाइक लेकर दवा लेने गया तो दूसरे पक्ष के युवकों ने लाठी-डंडे से युवक को घेरकर जमकर पीट दिया। जिससे युवक को गंभीर चोट आयी है। मारपीट का वीड़ियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के इमामगंज आबू नगर के रहने वाले मोहम्मद बशर पुत्र अबरार अहमद ने कोतवाली प्रभारी को प्र्थना पत्र दिया कि वह आज बुधवार की दोपहर में करीब 12 बजे जीटी रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गए था। तभी पहले से घात लगाए इमरान अपने साथियों के साथ हाथ में लाठी-डंडे से लैश होकर आए और मारपीट करने लगे। मारपीट के कारण मेरे सिर, कान, मुंह और पेट पर चोट आई है। मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह मोहरम पर जुलूस देखने गया था। वहीं पर इन लोगों ने जबरन विवाद किया। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायल युवक का मेडिकल कराया गया है। वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले लोगों को चिन्हित कर गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।

- मोहर्रम जुलूस के दौरान दो पक्षों में हुआ था विवाद



युवक को पीटते आरोपी। अमृत विचार

या हुसैन के बुलंद किए नारे | एक दर्जन ताजियों का पीलू तले चौराहे व सैय्यदवाड़ा में हुआ मिलाप

# मोहर्रम की दसवीं पर मातमी धुनों के साथ उठे ताजिये

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मोहर्रम की नौवीं में देर रात उठाए गए ताजियों का मिलाप दसवीं पर बुधवार की भोर पहर पीलू तले व सैय्यदवाड़ा मुहल्ले में हुआ। तत्पश्चात सभी ताजिये निर्धारित मार्गों पर भ्रमण कर अपने-अपने इमामबाड़ों पर रख गए। दिन भर फातिहा दुरूद का सिलसिला चला। दसवीं मोहर्रम पर जोहर की नमाज के बाद एक-एक करके सभी ताजिया अपने-अपने इमामबाड़ों से अलम जुलूस के साथ उठाए गए। जिले का प्रसिद्ध चांदू मियां का ताजिया भी तकिया तले स्थित इमामबाड़े से भारी भीड़ के बीच उठा। पीरनपुर, अरबपुर, जोशियाना के ताजिया अपने-अपने अलम जुलूस के साथ चौक चौराहा पहुंचे। जहां चांदू मियां के ताजिए के साथ भीड़ आगे बढ़ी, उधर मसवानी मुहल्ले का ताजिया व मुराइनटोला का ताजिया भी अपने-अपने जुलूस के साथ पीलू तले चौराहा की ओर बढ़े। जैसे ही सभी ताजिया पीलू तले पहुंचे सभी का पहला मिलाप हुआ। मिलाप देखने के लिए बड़ी संख्या में अकीदतमंद उपस्थित रहे। लोगों ने या हुसैन, या हुसैन, लब्बैक हुसैन, लब्बैक हुसैन के नारे बुलंद किए। ढोल व डीजे की आवाज से वातावरण गूंज उठा। उसके बाद सभी ताजिया निर्धारित मार्ग लाला बाजार से होते हुए सैय्यदवाड़ा मुहल्ले पहुंचे।
जहां दूसरा मिलाप सभी ताजियों के साथ हुआ। यहां से कुछ ताजिए अपने निर्धारित इमामबारगाहों के लिए रवाना हो गए वहीं चांदू मियां के ताजिए के साथ कुछ ताजिया शहर के मुराइनटोला स्थित मैदान पहुंचे जहां इमामबाड़े पर सभी ताजिया रख दिए गए। यहां करीब डेढ़ घंटे भीड़ रूकने के बाद पुनः ताजिया उठाए गए और अपने-अपने निर्धारित मार्गों से भ्रमण करते हुए ताजिया आगे बढ़े। ताजिया व अलम जुलूस देखने के लिए सभी मार्गों पर अकीदतमंदों की भारी भीड़ रही। इस दौरान बच्चों ने लाला बाजार में लगे मेले का भी जमकर लुत्फ उठाया। मेले में लगी श्रृंगार व जरूरी सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखी गई वहीं खाद्य पदार्थों की दुकानों पर भी लोग जमे रहे।



मोहर्रम की दसवीं पर पीरनपुर मोहल्ले में ताजियों का हुआ मिलाप। अमृत विचार

### जगह-जगह अकीतमंदों ने किया लंगर

मोहर्रम की दसवीं (आशूरा) के दिन जहां ताजियादारी उरूज पर रही वहीं अकीदतमंदों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर दिल खोलकर लंगर भी किया। लंगर में बिरयानी, हलीम, शीरमाल, बिस्कुट, कोल्ड ड्रिंक, शर्बत आदि इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की याद में वितरित करने का काम किया। लंगर लेने के लिए अकीदतमंदों की भीड़ स्टालों पर देखी गई। वहीं कुछ लोगों ने अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों की छतों से जुलूस में लंगर किया।



लाला बाजार में मातम करते अकीदतमंद। अमृत विचार

### आज चांदू मियां का ताजिया होगा सुपुर्द-ए-खाक

मोहर्रम की दसवीं पर देर शाम तक ताजियादारी समाप्त हो जाती है लेकिन फतेहपुर जिले की ताजियादारी ग्यारह मोहर्रम की सुबह तक चलती है। दस मोहर्रम पर उठाए गए चांदू मियां का ताजिया पूरी रात अपने कदीमी रास्तों पर भ्रमण करके भोर पहर पीरनपुर इलाके पहुंचेगा। जहां से भारी भीड़ के बीच ताजिया धीरे-धीरे आर्य समाज होते हुए अपने इमामबाड़े तकिया चांद शाह के लिए रवाना होगा। जहां लाखों नम आंखों के बीच ताजिए को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

# अलम के फूल कर्बला में किए दफन

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** दसवीं मोहर्रम पर शिया समुदाय के ताजिये व अलम का जुलूस शहर के कजियाना मुहल्ला स्थित मस्जिद के पास से उठा। जुलूस में नौहा ख्वानी के बीच जंजीर व हाथ का मातम किया गया। जुलूस में ही छोटे से बड़े उम्र के नवजवानों ने शहीदाने कर्बला की याद में छूरी कमा का मातम किया।

हुसैनी सदाओं फात्मा के दिल का चैन हमसे जफा हो गया, आज हमारा इमाम हमसे जुदा हो गया के बीच शिया समुदाय के ताजिये व अलमों के फूल नम अंखों से कर्बला में दफन कर दिए गए। देर शाम शामे गरीबां की मजलिश में भी हुसैन व उनके खानदान की शहादत पर प्रकाश डाला गया। शिया समुदाय की मजलिसों के बाद साढ़े ग्यारह बजे दो ताजिये व तेरह अलम कजियाना मुहल्ले से उठाए गए, जो मातमी जुलूस के रूप में लाला बाजार-पीलू तले रोड पर आए, तत्पश्चात मदन की चक्की के निकट अंजुमन अब्बासिया व अंजुमन जाफरिया के दस्तों ने नौहा ख्वानी की। नौहा ख्वानी के बीच दस से बीस वर्ष आयु के युवाओं ने सिर पर छूरी का मातम कर अपने को लहूलुहान कर लिया। जुलूस में हजारों की भीड़ उमड़ी। जुलूस मदन चक्की वाले के सामने वाली ढाल में होता हुआ महाजरी, सैय्यदवाड़ा, खेलदार, इमिलिया बाग होकर कर्बला पहुंचा। नम आंखों से ताजिए व अलम के फूल कर्बला में दफन कर दिए।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# मातमी धुनों के बीच निकाला गया अलम का जुलूस

## नहीं मनाया गया खूनी मातम, ड्रोन कैमरे से हुई निगरानी, शमसाबाद रोड पर कर्बला में दफन किए गए ताजिये



अलम जुलूस में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर क्षेत्र में छोटा बंगशपुरा, अंगूरी बाग, लाल गेट और मदारवाड़ी से चार मातमी ताजिये व अलम उठे और चौक पर पहुंचकर चारों ताजियों व अलम ने एक मातमी जुलूस का रूप ले लिया। जुलूस में सरकार के निर्देशों का असर दिखा। इस बार खूनी मातम में चाकू छुरियों और तलवार का उपयोग नहीं किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। सुरक्षा की कमान संभाले फर्रुखाबाद कोतवाल जयप्रकाश शर्मा और मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष अमित गंगवार भारी पुलिस बल के साथ मातमी जुलूस के साथ मौजूद रहे।

शहर कोतवाली क्षेत्र से बुधवार को चार मातमी ताजिये व अलम निकले। मोहल्ला अंगूरी बाग, छोटा बंगसपुरा, लालगेट, मदरवाड़ी असगर रोड से चार मातमी ताजिये व अलम निकले, इन्होंने आगे चलकर चौक पर एक बड़े मातमी ताजिये व अलम ने जुलूस का रूप ले लिया। पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए और मातमी जुलूस की जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी की गई।

पुलिस ने सरकार के निर्देशानुसार जुलूस में शामिल लोगों से खूनी मातम न मानने की अपील की। सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन कैमरे से भी मातमी जुलूस की निगरानी की गई। पहली बार जुलूस में धारदार हथियारों से मातम नहीं मनाया गया। इमाम हुसैन के चाहने वालों ने उनकी याद में या हुसैन के नारे लगाकर मातम मनाया। मातमी ताजिया व अलम जुलूस थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में टाउन हॉल के नीचे शमशाबाद रोड पर कर्बला में जाकर संपन्न हुए।

जहां पर ताजिया व अलम दफन करने के बाद मजलिस के बाद कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो गया। कहा जाता है कि मोहर्रम का महीना गम और मातम का महीना है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक मुहर्रम इस्लाम धर्म का पहला महीना होता है। यानी मुहर्रम इस्लाम के नए साल या हिजरी सन् का शुरुआती महीना है।

### जुलूस देखने उमड़ी भीड़

**कायमगंज।** मंगलवार को मुहर्रम की 9वीं तारीख पर राईन कमेटी ने अलम निकाले। चारों तरफ हरदर्द की दवा है मोहम्मद के शहर में कव्वाली और मातमो की आवाज सुनाई दे रही थी। या अली या हुसैन के नारे लगाते हुए नजर आ रहे थे। इस बीच लंगर लुटाया जा रहा था। अलम 7 बजे नगर की जामा मस्जिद पर खड़ा कर दिया गया। उसके बाद अलम काज़म खा, बजरिया, शमागेट, मैन चौराहा, ग़ल्ला मंडी चौराहा होता हुआ जटवारा पहुंचा। फिर अलम को मेन चौराहा लाकर खड़ा कर दिया गया। कमेटी के सदर जावेद हुसैन न्याज़ी अलम के साथ चल रहे थे उनके अलावा अब्दुल वाहिद अली, शमी अख्तर, हसनैन न्याज़ी, अफसर हुसैन नयज़ी, आमिर अली, ताहिर हुसैन न्याज़ी, इकरार अहमद, शकेब, इमरान, अकील वारसी, क़ासिम न्याज़ी, शकील, अशरफ न्याज़ी, गुलज़ार, सद्दाम, कैफ, शाहिद भाई आदि मौजूद थे।



नगर में ताजिया निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार

# नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक किए गए ताजिये, रही कड़ी सुरक्षा

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहर्रम पर या अली या हुसैन की सदाए गूंजती रही। करवला में ताज़िए नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक किए गए। लोगों की भीड़ उमड़ी। सुरक्षा व्यवस्था में भारी फोर्स मौजूद रहा।

बुधवार को मोहर्रम पर अकीदतमंद इमाम बाड़ों से ताजिए उठाकर करवला की ओर बढे। इस दौरान हुसैन के दीवाने मातम करते हुए चले। मातमी धुनों के साथ या हुसैन के नारे लगाते आगे बढ़े। कुबेरपुर, गढी, कलाखेल के ताजिए पुलगालिब तिराहे होते हुए पर जामा मस्जिद पर पहुंचे। वहां पर चिलांका मोहल्ले के कुरैशियों का ताजिया मिला। ये ताजिए के साथ काजम खां का ताजिया पहुंचा। मोहल्ला बजरिया में चिलौली पठान का ताजिया आगे आया। कुबेरपुर व चिलांका का ताजिया आगे बढ़ा। श्यामागेट से होते हुए यह ताजिए लोहाई बाजार स्थित गांजा भांग वाली गली पहुंचे। जहां जटवारे का हालों का ताजिया, बजरिया बेगराज अख्तर वीड़ी वालों का ताजिया मिला। गांजा भांग गली में परंपरागत कुबेरपुर व चिलांका के ताजियादारों के बीच आगे निकलने की होड़ में सांकेतिक नोकझोक हुई। तय मामले के अनुसार चिलांका का ताजिया आगे चला। सभी ताजिये करवला पहुंचे। जहां नम आंखों से सभी ताजिये सुपुर्द-ए-खाक कर दिए गए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ को दिखाने में मरीज भिड़े

संवाददाता फर्रुखाबाद अमृत विचार।




हड्डी रोग विशेषज्ञ के कक्ष के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहर्रम होने की वजह से जिला अस्पताल लोहिया की ओपीडी सिर्फ दो घंटे के लिए खुली। दस बजे पहुंचे चिकित्सकों ने बारह बजे के बाद मरीजों को देखना बंद कर दिया। जिसके चलते बारह बजे से पहले मरीजों में दिखाने को लेकर होड़ मची रही। हड्डी रोग विशेषज्ञ के कक्ष के बाहर मरीजों में धक्का मुक्की गाली गलौज हुई। किसी तरह गार्डों ने समझाकर मामला शांत करवाया। आवास विकास स्थित जिला अस्पताल लोहिया में बुधवार को ओपीडी में 340 मरीजों ने पर्चे बनवाए। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज कुमार वर्मा के कक्ष के बाहर 11 बजे से मरीजों का हंगामा शुरू हो गया। जब मरीजों को पता चला कि 12 बजे ओपीडी बंद हो जाएगी और डॉ उठ जाएंगे।इसके बाद मरीज ने लाइन को तोड़ दिया और पहले दिखाने को लेकर हाथा पाई तक उतारू हो गए।निजी सुरक्षा गार्डों के मरीजों और तीमार दारो को संभालने में पसीने छूट गए।वही मरीजों की संख्या अधिक होने पर चिकिस्तक ने सवा बारह बजे तक मरीज देखे।

# रामलीला कमेटी की बैठक में उठा अतिक्रमण का मुद्दा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** श्री रामलीला मंडल की बैठक में रामलीला कमेटी की बढ़पुर स्थित जमीन पर अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। अतिक्रमण को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट से भेंट करने का भी फैसला लिया गया। इसके साथ ही नई कमेटी पर भी मुहर लगायी गयी। बुधवार को स्टेट बैंक वाली गली में 2024 के आयोजन के प्रस्तुतीकरण के लिए बैठक की गयी । धर्मशाला में हुई बैठक में रामलीला कमेटी ने 2023 का लेखा जोखा कमेटी के सदस्यों के सामने रखा और आने वाले समय में रामलीला को भव्य बनाने की चर्चा हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने विचार विमर्श के बाद एक बार फिर लालजी टंडन को अध्यक्ष बनाया। जबकि मंत्री बड़े सक्सेना, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल बनाये गये। संरक्षक का दायित्व डॉ. रजनी सरीन को दिया गया। बैठक में नए पदाधिकारियों का स्वागत भी किया गया। नए अध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती भवन की रामलीला को और भव्य बनाने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। इस दौरान राकेश सारस्वत, बृजकिशोर सिंह, सामजसेवी संजय गर्ग, सभासद धर्मेंद्र कनौजिया, प्रीति तिवारी, भइयन मिश्रा, अन्नू शुक्ला, विवेक मिश्रा, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** कन्नौज थाना तिर्वा क्षेत्र के गांव बनपुरा निवासी 55 वर्षीय लक्ष्मण पुत्र सूबेदार अपने दामाद के छोटे भाई कुलदीप के साथ बाइक से नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगरिया जा रहे थे तभी कस्बा नवाबगंज के पास ही सामने से आ रही दूसरी बाइक सवार ने टक्कर मार दी ।

जिसमें लक्ष्मण और कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया है।

# करंट की चपेट में आकर किसान की जान गई

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मवइया गांव मे पंखा चालू करते समय करंट की चपेट में आकर अधेड़ किसान गंभीर रूप से झुलस गया। सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मवईया गांव निवासी स्व महावीर का पुत्र हरिश्चंद्र बुधवार सुबह अपने खेतों पर काम करने गया था। वहां से वापस घर आने के बाद खाना पीना खाकर आराम करने जा रहा था। तभी पंखा चालू करने के लिए जैसे ही उसने बोर्ड में हाथ लगाया तभी वह बिजली के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत घटना की सूचना एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उसको जिला अस्पताल पहुंचाया। जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# मां और बेटों ने मिलकर रची थी चोरी की साजिश

- परिजनों की तहरीर न मिलने से पुलिस नहीं कर सकी कार्रवाई
- सोमवार की रात रिटायर्ड कैप्टन के घर हुई थी चोरी

संवाददाता फतेहपुर


**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास मोहल्ले में मंगलवार सुबह रिटायर्ड कैप्टन के घर से 50 लाख रुपये की चोरी का शाम को कोतवाली पुलिस ने खुलासा किया है। चोरी की साजिश कैप्टन की पत्नी व पुत्रों ने मिलकर रची थी। परिजनों की तहरीर नहीं देने पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई नहीं की।

रिटायर्ड कैप्टन हरिशंकर सिंह चौहान ने सुबह घर की तीसरी मंजिल स्थित स्टोर का ताला तोड़कर बक्से से 50 लाख की नकदी भरा बैग चोरी होने की पुलिस को खबर दी थी। कैप्टन मूलरूप से हुसैनगंज थाने के सहिमापुर निवासी हैं। एक साल पहले बेरागढ़ीवा स्थित मवेशी मंडी के पास स्थित जमीन 90 लाख रुपये में बेची थी। उन्होंने 63 लाख रुपये का सीओ सिटी कार्यालय के पास मकान खरीदना तय किया था। मकान खरीदने के लिए 50 लाख रुपये एक साल से घर में रखे थे। पुलिस व फील्ड यूनिट की जांच में चोरी की घटना का एक भी निशान नहीं मिला। संदेह होने पर पुलिस कैप्टन की पत्नी भाग्यवती, बड़े बेटे राहुल, बहू अंजली व मर्चेंट नेवी में नौकरी करने वाले छोटे बेटे रमन को कोतवाली ले गई। छोटे बेटे रमन के मोबाइल में डेल्टा 999 गेमिंग एप मिला। खंगालने पर सट्टेबाजी का खुलासा हुआ। पुलिस ने रमन से सख्ती से पूछताछ की। रमन ने गेमिंग एप पर सट्टे में रकम हारना कबूला। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि एप पर सट्टेबाजी में करीब दो साल से रमन 1.40 करोड़ रुपये हार चुका है। वह अपना वेतन का 80 लाख भी गवां चुका है। एप से कमाए 10 लाख रुपये भी हार गया। एक साल से घर में 50 लाख नकदी भरा बैग रखा था। रमन बैग से रुपये निकालकर सट्टे में 32.50 लाख रुपये हार गया। बड़े बेटे रोहित ने भी 10 लाख रुपये बैग से निकाले थे। बेटे ने ही मकान बयाना देने के लिए पिता को साढ़े सात लाख रुपये दिए थे। यह सब सोची समझी साजिश के तहत किया गया। बैग से रुपये निकालने के लिए कैप्टन की पत्नी भाग्यवती ही बेटों को चाबी देती थी।

**अव्यवस्था** संसाधनों पर लाखों रुपये खर्च पर नहीं उठ रहा कूड़ा, जगह–जगह फैल रही गंदगी

# घर–घर कूड़ा उठाने की मुहिम हो गई फेल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



सड़क पर लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर नगर पालिका के सभी 34 वार्डो में जगह-जगह अवैध डंपिंग ग्राउंड नजर आ रहे हैं। यहां कूड़े को डंप करने की वजह से आसपास के लोगों का दुर्गंध के कारण जीना मुहाल हो रहा है। पूर्व में कूड़ा उठान व्यवस्था लागू होने के बाद परवान नहीं चढ़ सकी। लापरवाही का आलम यह है कि घर-घर कूड़ा कलेक्शन को लेकर लाखों रुपये खर्च कर लाए गए दर्जनों ई-रिक्शा कबाड़ हो रहे हैं।

इसके लिए न कोई योजना बनाई गई, न कार्यदाई संस्था के चयन में दिलचस्पी दिखाई जा रही है। जिसके कारण शहर के हर चौराहों के आसपास व गलियों में कूड़ा फैला पड़ा है। शहरी कहते है कि घर घर कूड़ा उठान न होना पालिका की लापरवाही बयां कर रही है। नई सरकार के एक साल बाद भी इस जरूरी व्यवस्था पर कोई काम नहीं किया गया।

असल में 34 वार्ड वाले सदर पालिक में घर घर कूड़ा उठाने की कोई व्यवस्था नहीं है। 2019 में तत्कालीन अधिशासी अधिकारी ने एक कार्यदाई संस्था को जिम्मा दिया था। छह माह तक कुछ घरों से उठान की व्यवस्था पटरी पर दिखी। फिर यह व्यवस्था ध्वस्त होती चली गई। नगर पालिका चुनाव के बाद नई सरकार बनने पर आस जगी थी लेकिन व्यवस्था नहीं बदल सकी। शुरु में एक संस्था को घर घर कूड़े को उठाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके लिए सर्वे कर कुछ वार्ड भी चयनित हुए, चार-छह माह बीते की यह व्यवस्था भी बेपटरी हो गई।

लाखों रुपये खर्च कर ई- रिक्शे खरीद लिए गए। धरातल पर कूड़ा उठान की योजना नहीं चल सकी। जिस वजह से गली मोहल्लों में कूड़ा बिखरा पड़ा रहता है। शहरियों ने बताया कि सफाई कर्मी खाली पड़े स्थानों पर कूड़ा भर देते हैं। इससे संक्रामक रोग का खतरा रहता है। शादीपुर चौराहा, कलक्टरगंज समेत अन्य कई मार्गो में कूड़ा डंप होता है। इससे दुर्गंध फैलती है।

# ऑनलाइन हाजिरी का विरोध संकुल शिक्षकों ने दिए इस्तीफे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों के सैकड़ों संकुल शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में अपने सामूहिक इस्तीफे दे दिए। सामूहिक इस्तीफों के कारण जिले में मंगलवार को संकुल केन्द्रों में होने वाली मासिक बैठकें आयोजित नहीं की जा सकीं। संकुल शिक्षकों का कहना था कि हम विभाग के लिए सालों से काम कर रहे हैं लेकिन विभाग के अव्यवहारिक आदेशों से मन खिन्न हो गया।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में संकुल शिक्षकों ने सामूहिक इस्तीफे देकर शिक्षक संगठनों का पुरजोर समर्थन दिया। विजयीपुर, धाता, हसवां व तेलियानी जैसे ब्लॉकों में पहले ही संकुल शिक्षक इस्तीफा दे चुके थे। मंगलवार को ऐरायां, बहुआ, खजुहा, अमौली, असोथर व हथगाम समेत अन्य ब्लॉकों के संकुल शिक्षकों ने अपने सामूहिक इस्तीफे ब्लॉक संसाधन केन्द्रों में सौंपे। ऐरायां में संकुल शिक्षकों ने डाक द्वारा अपना इस्तीफा विभाग को भेजा। ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षकों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा था कि मंगलवार को शाम शासन ने आनलाइन हाजिरी व्यवस्था को दो माह के लिए स्थगित किए जाने का फरमान जारी कर दिया। जिससे शिक्षक खुद की जीत होने की खुशी सोशल मीडिया के माध्यम से करते रहे।

### अभी संतुष्ट नहीं हैं शिक्षक

ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षकों के जबरदस्त विरोध के बीच शासन ने ऑनलाइन हाजिरी आदेश के अमल पर दो माह की रोक लगा दी है। सूचना मिलने के बाद शिक्षकों ने स्थगन आदेश को मुद्दे से ध्यान भटकाने वाला बताया। कहा कि आदेश निरस्त होने व मांगें पूरी होने तक अपना विरोध जारी रखेगा।

## सार-संक्षेप

### शराब के नशे में युवक ने हाथ लहूलुहान किया

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली मोहम्दाबाद क्षेत्र स्थित ढाबे पर काम कर रहे युवक ने शराब के नशे में खौफनाक कदम उठा लिया। युवक ने चाकू से अपने हाथ पर कई वार कर लहूलुहान हो गया। साथियों ने गंभीर हालत में एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया है। कासगंज के पटियाली चौक निवासी अल्ताफ (23) पुत्र आफताब काफी दिनों से कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गैसिंगपुर स्थित एक ढाबे पर काम करता है। शराब पीने का आदी है। बुधवार दोपहर को उसने शराब के नशे में ब्लेड से अपने बाएं हाथ पर कई वार कर लिए। उसे जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव अमलैया आशानन्द निवासी बृजेश कुमार के 28 वर्षीय पुत्र सुखनंदन का घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। तभी गुस्से में आकर सुखनंदन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया।

### मायके पक्ष को बंधक बनाकर की मारपीट

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** हजरतपुर गांव में ससुरालीजनों ने मायके पक्ष को बंधक बनाकर मारपीट की। पुलिस ने तीन गंभीर घायलों का मेडिकल परीक्षण सीएचसी में कराया है। क्षेत्र के हजरतपुर निवासी सुरजीत ने बहन प्रभा की शादी 12 जुलाई को क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से की थी। सुरजीत का कहना है बहन के ससुराल वाले चौथी चलाने घर आए थे। जहां ससुरालीजनों ने उनके घर की महिलाओं समेत 11 लोगों को कमरे में बंद कर मारपीट की। उनके जीजा सचिन की मारपीट कर चैन तोड़ ली और बाइक कब्जे में ले ली। सुरजीत का कहना है जब 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को बंधक मुक्त कराया। पुलिस ने घायल सचिन, सचिन द्वितीय व नरेश चंद्र का मेडिकल परीक्षण व इलाज कराया।

### विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म पर रिपोर्ट दर्ज

**कंपिल फर्रुखाबाद।** विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। प पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाने में दी गई तहरीर में कहा कुछ साल पहले उसकी साली का विवाह जनपद एटा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुआ था। मानसिक संतुलन ठीक न होने के कारण पति ने उसे घर से निकाल दिया। तब से वह उसके घर पर रह रही है। मंगलवार रात गांव के ही एक युवक ने साली के साथ घर के पास पड़ी झोपडी में दुष्कर्म किया। उसकी चीखपुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों का कहना है आरोपित युवक को मौके से दबोच लिया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज कपिल कुमार कुशवाह ने आरोपित को निगरानी में ले लिया। तहरीर पर आरोपित नन्हेलाल उर्फ सूंगा के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया। एसओ जितेंद्र चौधरी ने बताया आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### जेसीबी की टक्कर से पीआरवी चालक घायल

**कंपिल फर्रुखाबाद।** दो दिन पहले जेसीबी की टक्कर से पीआरवी का चालक गंभीर घायल हो गया। डायल 112 के पीआरवी चालक धर्मेद्र कुमार ने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है 14 जनवरी को एक बजे डयूटी समाप्त करने के बाद वह अपने निजी कार्य से बाइक से समाउद्दीनपुर जा रहा था। तभी रास्ते में रुदायन निवासी पिंकू यादव जेसीबी लेकर आ रहा था और उसने टक्कर मार घायल कर दिया।

### विवाद के बाद पत्नी ने फांसी लगा दी जान

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र निवासी विवाहिता ने पति से हुए मामूली विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। पति ने फोन कर ससुरालीजनों को मामले की सूचना दी। मृतका के पिता सहित अन्य परिजन आ गए। थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंगपुर गोवा निवासी गौरव यादव की कन्नौज के थाना इंदरगढ़ के ग्राम निकारिमपुर निवासी सलोनी 25 वर्ष से चार साल पहले शादी हुई थी। गौरव यादव दिल्ली में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। पहले पत्नी को साथ ले गया था।अभी कुछ दिन पहले दोनों वापस आए, तो उसने पत्नी को साथ ले जाने से मना कर दिया। जिसके बाद दोनों में विवाद हो गया। मृतका के पिता रामपाल ने बताया कि दामाद ने मंगलवार रात 11 बजे सूचना दी। मामले पर दोनों पक्ष के लोगों ने आपसी समझौता कर लिया।

### तोषित प्रीत फवडी एसोसिएशन के मंडल प्रभारी नियुक्त

**फर्रुखाबाद।** भाजपा नेता सरदार तोषित प्रीत को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। फायर वर्क्स डीलर्स एसोसिएशन ने उनको कानपुर मंडल का प्रभारी बनाया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के लालगेट निवासी सरदार तोषित प्रीत चुनाव से पहले ही सपा छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं। फायर वर्क्स डीलर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता राकेश कटारिया ने पत्र जारी कर बड़ी जिम्मेदारी देने की जानकारी दी। इसके साथ ही संगठन ने अन्य जनपदों से भी 17 मंडलों के प्रभारी मनोनीत किये हैं।

### शीतगृहों से तेजी से निकाली जाएगी आलू

**फर्रुखाबाद।** आलू की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए सरकार शीतगृहों से शीघ्र आलू निकालने की बात कही है। सरकार की ओर से निर्देश आए हैं कि कोल्ड स्टोरेज से आलू की निकासी तेजी से कराई जाए। शासन से प्रतिदिन आलू निकासी का कोल्ड स्टोरेज में रिकार्ड चेक करने का आदेश है। इसको लेकर भी विभाग ने सक्रियता से काम शुरू कर दिया है। जिले के आलू विकास एवं शाकभाजी अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि फर्रुखाबाद में इस बार 862991.69 मीट्रिक टन आलू को शीतगृहों में स्टोर किया गया है। निकासी की बात की जाए तो अभी सिर्फ 19% आलू की ही निकासी शीत ग्रहों से हुई है। उन्होंने बताया कि जिले में 107 कोल्ड स्टोरेज के जरिए देशभर की मंडियों को आलू की सप्लाई की जाती है। बताया कि अभी भी कोल्ड स्टोरेज में 81% आलू भरा हुआ है। उन्होंने बताया कि सभी कोल्ड स्टोरेज को निर्देश देने शुरू कर दिए हैं कि आलू की निकासी अब तेजी से करें ताकि कीमतें कम हो सके।मार्केट में अधिक आलू आयेगा तो कीमतों में कमी आएगी।

### रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में शमशाबाद रेलवे स्टेशन के पास पोल संख्या 153/8 व 153/9 के बीच अज्ञात युवक का शव पड़ा पाया गया। अज्ञात युवक का शव देखकर रेलवे की–मैन मुनीश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव की शिनाख्त कराने में जुटी है। रेलवे ट्रैक के बीचो–बीच युवक का शव पड़ा होने से हड़कंप मच गया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# गमगीन माहौल में निकले ताजिये, देर रात कर्बला में दफन

जिले भर में मोहर्रम की दसवीं बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। शहर भर के ताजिये अपने-अपने मोहल्लों से उठाकर शहर का गश्त करते हुए ग्वाल मैदान कर्बला पहुंचे और देर रात दफना दिए गए। मोहल्ला शेखपुर के खलीफा तौसीफ कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुहर्रम इस्लाम धर्म में विश्वास करने वाले लोगों का एक प्रमुख त्योहार है। मुहर्रम एक महीना है जिसमें दस दिन इमाम हुसैन के शोक में मनाए जाते हैं। इसी महीने में मुसलमानों के पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब, मुस्तफा सल्लाहों अलैह व आलही वसल्लम ने पवित्र मक्का से पवित्र नगर मदीना में हिजरत किया था।


छिबरामऊ में ताजिये के साथ मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार


तिर्वा में ताजिया निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार


सौरिख में जंजीर का मातम करते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

## मातमी धुन के साथ निकला ताजियों का जुलूस

संवाददाता, छिबरामऊ/तिर्वा, कन्नौज

- नगर में कई जगह लंगर व शरबत का इंतजाम कर लोगों में वितरण किया गया
- पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच मनाया गया मुहर्रम उल हरम का त्यौहार

**अमृत विचार।** मोहल्ला विरतिया से निकला ताजियों का जुलूस अपने तयशुदा मार्ग होते हुए बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित भोंदू शाह बाबा की दरगाह पर सलामी देकर वापस कर्बला पहुंचा। मुस्लिम बहुल मोहल्लों में बड़ी तादाद में लंगर का इंतजाम किया था। कई जगह पर अलग-अलग तरह के शरबत का भी इंतजाम किया गया था। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। इसी तरह से तिर्वा में भी ताजिया जुलूस निकाला गया जो वापस कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ।

मुस्लिम मान्यताओं के अनुसार मोहर्रम का महीना इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है। नगर के मुस्लिम बहुल मोहल्लों में सुबह से ही अच्छे-अच्छे पकवान की तैयारियां होने लगी थी। नगर में भव्य तरीके से इस्लामिक कैलेंडर की 10 वीं तारीख शनिवार को मातमी धुनों के साथ हजारों लोग ताजियों का जुलूस मोहल्ला ऊंचा से लेकर, सय्यदवाड़ा, विरतिया, लाहोरी टोला, कानून गोयान, ज़ेरकिला, बजरिया से मुख्य बाजार होते हुए क़स्स्वान, जुलाहापुरी व सराय मोहल्ला से होते हुए भोंदू शाह बाबा की मजार पर सलामी देने के बाद लौटते हुए कर्बला पहुंचऔर ताजियों को दफना दिया।

तिर्वा प्रतिनिधि के अनुसार बुधवार को मोहर्रम की दसवीं तारीख कस्बा में अन्नपूर्णा नगर, सुभाष नगर, आजाद नगर, मंडी बाजार, इंद्रा नगर से ताजिया जुलूस मातमी धुनों के साथ शुरू हुआ। सभी ताजिया शाम को राम लीला मैदान में एकत्रित हुए। यहां पर विभिन्न अखाड़ों ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में शानदार करतब दिखाए। इस अवसर पर समाजसेवियों ने जगह जगह स्टॉल लगाकर शीतल पेय जल वितरित किया। सभी ताजिया देर रात बरधइया रोड स्थित करबला में गमगीन माहौल में सुपर्दे खाक किए गए। इस अवसर पर एसडीएम अशोक कुमार, सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेई, प्रभारी निरीक्षक जे पी सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक राधेश्याम, कस्बा चौकी प्रभारी अनुज चौधरी, उप निरीक्षक सुरेश चंद्र, गुलाब केसकर, सुप्रिया गुप्ता, वेदप्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार, श्रीनाथ, देवी सहाय वर्मा समेत भारी फोर्स मौजूद रहा।

## जंजीर के मातम के साथ गूंजीं या हुसैन की सदाएं

- अकीदतमंदों ने किया जंजीर का मातम
- जुलूस के दौरान जगह-जगह बांटा गया शर्बत

**सौरिख।** दस मोहर्रम पर शिया समुदाय ने जंजीर के मातम के साथ या हुसैन की सदाएं बुलंद कीं। बताया गया कि इस दिन हजरत इमाम हुसैन सहित उनके 72 साथियों को कर्बला के मैदान मे यजीदी फौज ने शहीद कर दिया था। इसमें छह महीने के बच्चे से लेकर बड़ों तक शामिल थे।

शिया समुदाय उस शहादत की याद में बुधवार को मोहर्रम के दिन राजापुर बम्बा स्थित कर्बला तक या हुसैन की सदाओं के साथ जंजीर का मातम किया। सौरिख सहित ग्राम कबीरपुर एवं राजापुर के शिया समुदाय के युवा जंजीर का मातम कर खून से सराबोर गए।

इस मौके पर अली अब्बास, तौसीफ युसुफ, इंतजार अली, मेराज अली, शान मोहम्मद बाबू, शमशुल प्रधान, साहिबे आलम तहजीबुल हुसैन, मुर्रवत हुसैन, शीलू नकवी, दिलदार हुसैन, आदि लोग मौजूद रहे।

## गुरसहायगंज में मातमी धुनों के साथ निकला जुलूस

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** मोहर्रम की दसवीं पर मुस्लिम समुदाय की तरफ से नगर के प्रमुख मार्गों पर मातमी धुनों के साथ जुलूस निकाला गया और युवाओं ने अखाड़ा में करतब दिखाए। इस दौरान अकीदतमंदों व समाजसेवियों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर लंगर, शरबत आदि बांटा।

बुधवार को नगर की विभिन्न कमेटियों की तरफ से मोहर्रम के मौके पर नगर के प्रमुख मार्गों पर ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए सदायें गुंजायमान रहीं। युवाओं ने अखाड़े में छड़ी, तलवार, भाला आदि से करतब दिखाकर हुसैन की शहादत को याद किया। नगर के तिराहा, मुख्य चौराहा, तिर्वा रोड पर लोगों ने स्टॉल लगाया और जुलूस में शामिल लोगों को शरबत, पानी, बिस्कुट अन्य खाद्य पदार्थ भी वितरित किए। जूलस के भ्रमण के बाद ताजियों को देर शाम कर्बला में दफनाया गया। इस दौरान कोतवाली निरीक्षक आलोक कुमार दुबे, कस्बा चौकी प्रभारी रोबिन सिंह, कांस्टेबल अमन, गजेन्द्र, डेविड सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जुलूस के दौरान नगर के तिराहा, पूर्वी व पश्चिमी बाईपास पर बैरीकेडिंग कर वाहनों को रोक दिया गया। इस दौरान शहर काजी हाफिज जुम्मन, मुनीर कुरैशी, कमर खान, तालिब खान, मुकीम खान, सलीम खान, फिरदोस खान आदि मौजूद रहे। जलालाबाद में इमाम चौक से सराय मोहल्ला होते हुए जीटी रोड, सदर बाजार, पठकाना मोहल्ला होते हुए जुलूस निकाला गया और ताजिए कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किए गए। कमेटी बाजार मोहम्मद तालिब ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमामे हुसैन ने कर्बला के मैदान में इस्लाम को कायम रखने के लिए कर्बला के मैदान में यजीदियों से हार न मानकर अपने परिवार को कुर्बान कर दिया था।


मोहर्रम का जुलूस निकालते अकीतदमंद। अमृत विचार

### एक नजर

#### सड़क और नाली बनवाने की मांग

**कन्नौज।** शहर के सरायमीरा निवासी मनीष कुमार, मुकेश कटियार, पुष्पेंद्र सिंह, पूनम सक्सेना व एसपी पांडेय ने डूडा पीओ गिरीश चंद्र को पत्र देकर कहा है कि मोहल्ला अहिल्याबाई नगर में एक होटल के पीछे गली में पक्की नाली नहीं बनी है। इस वजह से जलभराव होने से लोगों को दिक्कत है। दोनों ओर पक्की नाली व गली बनना जरूरी है। बारिश में दिक्कत अधिक होती है। इन दिनों संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा अधिक रहता है। उन्होंने जिला नगरीय विकास अभिकरण के बजट से कार्य कराने की बात कही है।

#### सड़क हादसे में मौत, कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा, कन्नौज।** कार की टक्कर से घायल वृद्धा के मौत के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना इंदरगढ़ के उदैयापुर निवासी लक्ष्मी वर्मा पुत्री सुभाषचंद्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह कस्बे के बौद्धनगर में रहती है। उसकी मां सोनकली 21 जून को बाजार कहकर घर से निकली थी। मुन्ना होटल के पास में कार चालक सुरजीत कुमार ने उसके टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसकी मां घायल हो गई। उन्हें स्थानीय लोगों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया जहां 23 जून को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की जानकारी पर परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### एक्सप्रेस वे पर कुत्ते से टकराई कार, सवार बचे

**सौरिख, कन्नौज।** बुधवार को दिल्ली के गोविंदपुरी के 15/19 डी ब्लॉक 13 गली निवासी किरण पुत्री किशन अपने परिवार के साथ दिल्ली से बनारस जा रही थी। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 148 पर जैसे ही उनकी कार पहुंची अचानक सामने से आया कुत्ता टकरा गया। इससे सवारियां बाल-बाल बच गई वहीं कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। किरण की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

#### जमीन पर नहीं दे रहे कब्जा

**कन्नौज।** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला पठकाना निवासी राजेश शर्मा ने बताया कि जलालपुर पंचमा गांव में मेड़बंदी का आदेश हुआ था। राजस्व निरीक्षक ने भी पुष्टि की थी। उसी के तहत खंबे भी लग गए। दूसरे गाटा के कुछ खातेदार अब जमीन पर कब्जा नहीं करने दे रहे न ही खेती करने दे रहे। यह चार दिसंबर 2023 के आदेश की अवमानना है। इसकी शिकायत पूर्व में की गई है। अधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक को जांच के लिए कहा गया है। आरोपों को पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज कराने को कहा गया है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




- मंगलवार की देर रात रेलवे स्टेशन मानीमऊ के सामने हुई दुर्घटना

**अमृत विचार।** मानीमऊ में रेलवे स्टेशन के निकट हाईवे पर दो बाइकों में आमने सामने हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जब कि दो घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। मंगलवार की देर रात करीब साढ़े 10 बजे मानीमऊ रेलवे स्टेशन के सामने जीटी रोड पर दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी पर मानीमऊ चौकी प्रभारी शेखर सैनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने चारों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान मिले मोबाइल नंबर से परिजनों को फोन कर पुलिस ने जानकारी ली। इस दौरान पता चला कि कानपुर नगर जनपद के बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिहानी निवासी सुमित कुमार (30) पुत्र प्रेम नरायन व गांव रौतामऊ कोतवाली शिवराजपुर जनपद कानपुर नगर निवासी सूरज (21) पुत्र संतोष की मौत हो गई जबकि ककवन थाना क्षेत्र के गांव नेवादा निवासी कृष्णकांत उर्फ शिवा पुत्र रामबाबू व कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव तेरामल्लू गांव निवासी सोनू पुत्र मुन्नू घायल हो गये। पुलिस ने मृतकों के शव मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने बुधवार को दोनों युवकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। घायल युवकों का कानपुर में इलाज चल रहा है।

### डंपर में पीछे से टकराई कार, चालक समेत सात घायल

**सौरिख, कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चालक को झपकी आने से दिल्ली से वाराणसी जा रही तेज रफ्तार कार आगे चल रहे डंपर से जा टकराई। हादसे में चालक समेत कार सवार सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। फर्रुखाबाद जनपद के मोहम्मदाबाद के जाजपुर बंजारा निवासी कार चालक सौरभ पाल पुत्र जागेश्वर पाल गांव के ही उत्तम सिंह पुत्र कृपाल सिंह, संदीप पुत्र पन्नीलाल, किरन पुत्री किशन, गौरी पुत्री शेर सिंह, रिंकी सरकार पुत्री अखिल कुमार, अल्फा पुत्र डेनियल को लेकर दिल्ली से वाराणसी आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते से जा रहा था। सुबह 6 बजे के करीब थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 148 पर कार आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा टकराई। हादसे में चालक समेत कार सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया तथा क्षतिग्रस्त कार और डंपर को टोल प्लाजा पर खड़ा कराया।

## छज्जा गिरने से बालक की जान गई

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- छज्जे पर खड़े होकर ताजिया जुलूस देख रहे थे

**अमृत विचार।** ताजिया देखने के लिए मकान के छज्जे पर खड़े लोगों के भार से छज्जा गिर गया जिससे एक बालक की मौत हो गई और एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है।

सकरावा थाना क्षेत्र के सकरावा मोहल्ले में ताजिए का जुलूस निकलने के दौरान लोग अपने-अपने मकान की छतों पर खड़े होकर देख रहे थे, तभी वकील पुत्र रहमान मंसूरी के मकान का छज्जा कई लोगों का वजन सहन नहीं कर सका और भरभरा कर गिर गया।

इसमें सात वर्षीय रोशन पुत्र गुलफान की मौत हो गई तथा रहनुमा पुत्री अजीज, इस्लाम पुत्र अलाउद्दीन, अशरफ पुत्र रशीद, अंसार पुत्र इकबाल, फुरकान पुत्र सलामत, शहाबुद्दीन पुत्र रशीद, रोशन पुत्र गुलफान, अबरार पुत्र अनवर हुसैन, रुखसाना पत्नी जाकिर हुसैन, गुलशन पत्नी सलमान, तस्लीम पुत्र राजू, समर पुत्र समीम, जेबबानो पुत्री शमशुल, तौसीफ पुत्र आलमवीर लोग घायल हो गए। आनन-फ़ानन में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भर्ती कराया गया।

### अलग-अलग जगहों पर मारपीट में आठ घायल

**तिर्वा।** अलग अलग जगहों पर हुई मारपीट में आठ लोग घायल हो गए। कस्बे के अवंतीबाईनगर मोहल्ले में हुई मारपीट में बीरभान पुत्र राम सिंह व उसकी पत्नी अनीता घायल हो गए। लोहियानगर निवासी शीतलादेवी पत्नी उदयबीर व उसकी पुत्री उपासना घायल हो गए। थाना ठठिया के थरियार गांव मे खेत पर हुए विवाद मारपीट में शिवकुमार पुत्र राधेश्याम, उसकी पत्नी शिवकुमारी, पुत्र-पुत्री प्रकाश व संध्या घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

## तीसरी शादी की जानकारी पर पहली पत्नी से मारपीट

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- दहेज के लिए पहली से विवाद, दूसरी की मौत के बाद तीसरी से की शादी

**अमृत विचार।** दहेज के लिए पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी से शादी कर ली। उसकी मौत हो गई तो फिर तीसरी से शादी कर ली। इसकी जानकारी पर पहुंची पहली पत्नी के साथ युवक ने मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के परसपुर गांव निवासी कीर्ति द्विवेदी पत्नी अवनीश कुमार ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी अवनीश के साथ सन् 2010 में हुई थी। एक साल बाद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका पति व ससुरालियों के साथ विवाद होने लगा। ससुरालियों ने उसे निकाल दिया। उसके पति ने दूसरी शादी कर ली। कुछ दिन बाद दूसरी पत्नी की मौत हो गई। फिर पति ने 13 जुलाई को तीसरी शादी कर ली। इसकी जानकारी पर पहली पत्नी 16 जुलाई को ससुराल पहुंची तो पति अवनीश कुमार, सास सुमन, ससुर विमलेश ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## हनुमान की भक्ति से मिलतीं आठ सिद्धियां

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- ग्राम हरिहरपुर में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन
- भक्ति गीतों ने लोगों का मन मोहा, झूमते रहे लोग

**अमृत विचार।** ग्राम हरिहरपुर में सुंदरकांड का शुभारंभ करते हुए भागवताचार्य पं. विशाल दीक्षित ने कहा कि सीता माता ने हनुमान जी को अजर अमर होने का वरदान दिया था। हनुमान की भक्ति से आठ प्रकार सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं।

हनुमान जी के पास अधिकांश देवों की दिव्य शक्तियां और वरदान है। उनको पवन पुत्र, केसरी नंदन और शंकरस्वयं आदि कई नाम से पुकारा जाता है। उनकी शरणागति के बिना श्री राम की भक्ति प्राप्त नहीं हो सकती है। भगवान सूर्य के तेज का भाग भी हनुमान जी में विद्यमान है। उनको प्रसन्न करने से जीवन में ज्ञान, भक्ति, ऊर्जा, बाल और बुद्धि में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने भजन सुनाए 'श्री राम ना मिलेंगे हनुमान के बिना', 'बजरंगबली जिसने तुझे पुकारा है तूने उसे प्राणी का सबकुछ संभाला है', 'तुम्हें सौ सौ बार प्रणाम श्री मेहंदीपुर वाले बालाजी'। इस अवसर पर सुयज्ञ पाठक, चेयरमैन मनोज दुबे, विशुनगढ़ थाना प्रभारी विनोद कश्यप, जितेंद्र दीक्षित, सुभाष चौहान, अंकित बैस व शिवम तिवारी सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## महीनों से टूटा ब्रेकर दे रहा हादसों को दावत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मकरंदनगर से कन्नौज बाजार को जाने वाली सड़क का मामला, जिम्मेदारों का इस ओर नहीं जा रहा ध्यान

**अमृत विचार।** मकरंदनगर से कन्नौज बाजार के लिए जाने वाली सड़क पर स्थिति स्पीड ब्रेकर महीनों से ध्वस्त है। बावजूद इसके जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं। इससे कभी भी हादसा हो सकता है।

मकरंदनगर तिराहे से लाखन तिराहे तक जाने वाली करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क पर बाबा कुआं स्थित हनुमान मंदिर के सामने कुछ साल पहले स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया गया था। यह अकेला स्पीड ब्रेकर था जो मानक के अनुसार था। यानी नियमानुसार दोनों तरफ ढाल दिया गया था जिस कारण वाहन चालकों को गुजरने में सहूलियत थी। खास यह कि इस सड़क से अधिकारियों के आवागमन के साथ ही सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों का भी निकलना होता है। इस वजह से यहां यह ब्रेकर सहायक सिद्ध हो रहा था। इधर कई महीनों से यह ब्रेकर टूटा पड़ा है जिससे यहां से आने जाने वाले लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। भले ही फूलमती देवी मंदिर से लेकर लाखन तिराहे तक जैसी तैसी सड़क बना दी गई लेकिन बाबा कुआं स्थित स्पीड ब्रेकर पर अब तक जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया है। हालत यह है कि यहां से निकलने वाले वाहन चालक बचते बचाते निकल रहे हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि यदि इस ब्रेकर को जल्द ठीक नहीं कराया गया तो कभी भी कोई हादसा हो सकता है। मांग की है कि इसका दोबारा निर्माण कराया जाए।


मकरंदनगर- कन्नौज सड़क पर हनुमान मंदिर के पास टूटा ब्रेकर। अमृत विचार

**व्यवस्था पर सवाल** — मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक हो रही लापरवाही, तीमारदारों के स्ट्रेचर को धक्का लगाने का वीडियो वायरल

## वार्ड ब्वाय न मिलने पर तीमारदार ने धकियाया स्ट्रेचर

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज


चिकित्सा महाविद्यालय में स्ट्रेचर को धक्का लगाते तीमारदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मरीजों की सुविधा के लिए चिकित्सा महाविद्यालय में जगह-जगह तैनात वार्ड ब्वाय की लापरवाही से मरीजों व तीमारदारों को परेशान होना पड़ रहा है। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो चर्चा का विषय बन गया। इसमें दिख रहा है कि मरीज का स्ट्रेचर खींचने को कोई वार्ड ब्वाय नहीं मिला तो महिला तीमारदार समेत एक अन्य ने धक्का लगाकर उसे वार्ड तक पहुंचाया।

बाबा साहब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर चिकित्सालय में इमरजेंसी, ओपीडी समेत सभी वार्ड में आउटसोर्सिंग के तहत वार्ड ब्वाय, सफाईकर्मियों की तैनाती की गई। मेडिकल कॉलेज में जगह-जगह तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारी आने वाले मरीजों के लिए लापरवाह साबित हो रहे हैं। वहां पर जाने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में तैनात वार्ड ब्वाय किस तरह से लापरवाह बने हुए हैं इसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बुधवार को इमरजेंसी में ऑटो से महिला मरीज को लेकर आए परिजनों को गेट पर न तो स्ट्रेचर मिला और न ही कोई वार्ड ब्वाय। तीमारदार काफी देर तक कर्मियों की तलाश करते रहे। जब किसी ने नहीं बताया तो वार्ड में रखा स्ट्रेचर तीमारदार लाए और ऑटो से मरीज को उतारकर लिटाया। महिला तीमारदार समेत ऑटो चालक ने स्ट्रेचर में धक्का लगाकर मरीज को वार्ड के अंदर तक पहुंचाया। किसी ने मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले कर्मियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै गीता देवी पुत्री स्व0 राम सेवक, निवासी- गडरियनपुर झाऊपुर, तहसील व जिला फतेहपुर। मेरे पिता स्व0 राम सेवक पुत्र स्व0 रघुवर की मृत्यु दिनांक-19.09.2017 को घर पर हो गयी थी मै अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीकरण की जानकारी न होने के कारण नहीं करा सकी। मुझे अपने पिता स्व0 राम सेवक पुत्र स्व0 रघुवर के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है तथा मेरे पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने की अनुमति प्रदान किया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अमृतलाल पुत्र स्वर्गी महावीर निवासी-बलीपुर तहसील व कोतवाली डलमऊ जिला रायबरेली** अपने पुत्र शिवम और किशन जो मेरे परिवार से अलग रहते हैं के अनैतिक कार्यो और मेरे और परिवार के सदस्यों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरे पुत्रों द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए लेनदेन व कार्यो की जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी। मेरा उनसे कोई वास्ता सरोकार नहीं है

**सूचना**

वामदेव सिंह महाविद्यालय ,अंधना सिधौली सीतापुर के लिए ,लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्राचार्य की आवश्यकता है योग्य व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें, मो. 8318162141

**NOTICE**

I Had change my name Priyanka devi to Priyanka Kumari my army document no 1581740H -L/NKDMT record in Priyanka devi above two name is one female person .Priyanka devi w/o Sanjeev Kumar Singh vill basahi district chhapra chak hafij saran bihar 841206

## एक नजर

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बालक को रौंदा, मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गांव के बच्चों के साथ खेल रहे बालक को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंद दिया। बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। चालक ट्रैक्टर छोड़ कर मौके से फरार हो गया।


सौरभ।

बुधवार को कोतवाली के दीपकपुर नायक नगर निवासी बलवीर का 6 वर्षीय बेटा सौरभ बच्चों के साथ गांव के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बालक को रौंद दिया। उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। वहीं मौके पर पहुंचे एसडीएम उमाकांत तिवारी ने घटना के बावत जानकारी ली है।

### निशुल्क मिलेगा ओ-लेवल, सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण

**कन्नौज।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि पिछड़ी जाति के ऐसे बेरोजगार युवक/युवतियां जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक नहीं है उनको निशुल्क ओ-लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने बताया कि 18 से 35 वर्ष के युवा भारत सरकार की संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त एक वर्षीय ओ-लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण अथवा तीन माह का सीसीसी प्रशिक्षण कर सकते हैं। आवेदन 15 जुलाई से शुरू हो गए हैं। इसमें युवक/युवतियों को केवल परीक्षा शुल्क ही देना होगा। इच्छुक लोग विभागीय वेबसाइट www.obccomputertraining.upsdc.gov.in अथवा www.backwardwelfareup.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन पांच अगस्त तक कर सकते हैं। उसके बाद उसकी हार्डकॉपी अभिलेखों सहित विकास भवन के कक्ष संख्या 201 में दिनांक जमा करेंगे।

### हेड सिपाही की बाइक चोरी

**कन्नौज।** हेड कांसटेबल अजमल खां हसेरन पुलिस चौकी में तैनात हैं। 14 जुलाईको वह किसी काम से सदर तहसील आये थे। तहसील परिसर में अपनी बाइक खड़ी कर काम से चले गये। कुछदेर के बाद वापस आये तो मौके से बाइक गायब थी।

## मानपुर विद्युत उपकेंद्र ओवरलोड, बिजली की भारी कटौती, देर रात केबल बाक्स फुंका, ठठिया से जोड़ी गई बिजली

# 24 में 19 घंटे गुल रही 100 से अधिक गांवों की बिजली, लोग रहे बेहाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ओवरलोडिंग की समस्या से बिजली विभाग को निजात नहीं मिल रही है। सबसे बुरा हाल मानपुर विद्युत उपकेंद्र का है जहां मंगलवार दिन से शुरू हुई ओवरलोडिंग बुधवार तक जारी रही। इसी बीच केबल बक्सा जल गया। इसे ठीक करने में पूरा दिन चला गया। समस्या से 20 घंटे में मात्र तीन घंटे उपभोक्ताओं को बिजली मिली।

जिले में बिजली की ओवरलोडिंग की समस्या का विभाग समाधान नहीं कर सका है। जिले के अधिकतर विद्युत उपकेंद्र ओवरलोड हैं। इससे एसएसओ को काट काट कर बिजली देनी पड़ रही है। इन में सबसे खराब हाल मानपुर विद्युत उपकेंद्र का है। यहां मंगलवार को दिन के समय आई खराबी के चलते पूरे दिन बिजली के दर्शन उपभोक्ताओं को नहीं हुए। इस के चलते बिजली विभाग के अधिकारियों ने ठठिया विद्युत उपकेंद्र से बिजली जोड़ कर सप्लाई बहाल की। इसी बीच मशीने वर लोड हो गई। इससे बिजली काट दी गई। इस की जानकारी एसएसओ ने अधिशाषी अभियंता को दी तो उन्होंने इस समस्या से निजात पाने के लिये कोल्ड स्टोरेज फीडर और कलेक्ट्रेट फीडर को लगातार बिजली देने के निर्देश दिये। इससे 100 से अधिक गांव की बिजली काट दी गई।

मंगलवार को दिन में बिजली कटौती के बाद रात में भी भारी कटौती की गई। बुधवार को सुबह करीब 30 मिनट बिजली दी गई इस के बाद मानपुर उपकेंद्र के फुंके केबल बक्से को बनाने का काम शुरू किया गया। यह काम करीब पांच घंटे तक चला। विभाग की लापरवाही का आलम यह रहा कि आये दिन अंडरग्राउंड केबल बाक्स फुकने के बाद भी विभाग ने कोई बैकल्पित व्यवस्था नहीं की। इससे केबल बाक्स के फुकने पर उपभोक्ताओं को बिजली संकट से न जूझना पड़े।


गोलकुआँ पर मानपुर विद्युत उपकेंद्र को जाने वाली अंडरग्राउंड केबल के बॉक्स को ठीक करते कर्मचारी। अमृत विचार

### अधिकारियों के आवासों को दी जा रही भरपूर आपूर्ति



■ **कन्नौज।** मानपुर विद्युत उपकेंद्र से कलेक्ट्रेट फीडर निकला है। इस में सभी अधिकारियों के आवास व कार्यालय हैं। जिलाधिकारी का आवास व कार्यालय है। इसलिये ओवरलोडिंग होने पर गांव व निजी नलकूपों की बिजली काट दी जाती है पर कलक्ट्रेट फीडर की नहीं काटी जाती है। इस भीषण गर्मी में रात के समय कटौती हो जाने पर उपभोक्ता पूरा रात जाग कर व्यतीत कर रहे हैं। पर विभाग के अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नहीं है।

> बारिश ने होने से बिजली की मांग अधिक हो रही है। इसीलिये उपकेंद्र ओवरलोड हो रहे हैं। इसी के चलते केबल बाक्स फुंक रहे हैं। इसीलिये काट-काट कर उपभोक्ताओं को बिजली दी जा रही है। बारिश होने के बाद समस्या से निजात मिल जायेगी।
>
> मगन सिंह( अधिशाषी अभियंता विद्युत कन्नौज)

# आज से मिलेंगे पर्चे, उपचुनाव के लिए आरओ, एआरओ तैनात

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रधान व बीडीसी के चार-चार और वीडीसी के 22 पद रिक्त
- गुगरापुर को छोड़ सभी ब्लॉकों पर चलेगी निर्वाचन प्रक्रिया

**अमृत विचार।** जिले में रिक्त चल रहे प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) व ग्राम पंचायत सदस्य (वीडीसी) के लिए सात-सात रिटर्निंग ऑफीसर (आरओ) व सहायक रिटर्निंग ऑफीसर (एआरओ) की तैनाती कर दी गई है। आज यानि 18 जुलाई से गुगरापुर ब्लॉक को छोड़कर सातों विकास खंड मुख्यालय पर नामांकन पत्र मिलेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने जारी किए आदेश में कहा है कि प्रधान व बीडीसी के लिए चार-चार पद व वीडीसी के 22 पद रिक्त हैं। ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र में अवर अभियंता सिंचाई खंड के राजाराम को आरओ और एडीओ सहकारिता सुभाष यादव को एआरओ बनाया गया है। जलालाबाद में आरओ की जिम्मेदारी राजकीय हाईस्कूल भंवरगाढ़ा के प्रधानाध्यापक शिवमोहन सिंह कुशवाहा व अवर अभियंता आरईडी संतोष कुमार को एआरओ की जिम्मेदारी दी गई है। तालग्राम क्षेत्र में आरओ की कमान पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विकराल सिंह व एआरओ अवर अभियंता आरईडी अरुणेश रावत को सौंपी गई है। छिबरामऊ में आरओ सहायक अभियंता सिंचाई खंड मनोज पांडेय व एआरओ बीईओ छिबरामऊ आनंद द्विवेदी को बनाया गया है। सौरिख में अवर अभियंता नलकूप खंड प्रशांत कुलश्रेष्ठ को आरओ व सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण शिशुपाल सिंह को एआरओ बनाया गया। उमर्दा में बीईओ विश्वनाथ पाठक को आरओ व सीडीपीओ अमित मिश्र को एआरओ बनाया गया है। हसेरन में बीईओ संजय कुमार को आरओ व अवर अभियंता नलकूप विजय कुमार को एआरओ बनाया गया है।

### इनको रखा गया रिजर्व ड्यूटी में

रिजर्व ड्यूटी में आरओ की जिम्मेदारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कमार, भूमि संरक्षण अधिकारी रामकिशोर वर्मा व डायट प्रवक्ता अनुज कुमार को दी गई है। रिजर्व एआरओ में अवर अभियंता नलकूप पंकज तिवारी, सिंचाई के पंकज सिंह व आरईडी के गौरव यादव को शामिल किया गया है।


गुरसहायगंज में मोहर्रम जलूस को लेकर पैदल भ्रमण करते डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी कर्मचारी। अमृत विचार

## मोहर्रम जलूस के रास्ते की परखी व्यवस्था

**कन्नौज।** डीएम, एसपी ने मोहर्रम जलूश को लेकर जिले में पैदल किया भ्रमण, रुट की सुरक्षा व्यवस्था देखी। इस दौरान पुलिस की लगाई गई ड्यूटी चेक की गई। बुधवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के साथ मोहर्रम जुलूस को देखते हुएजिले के सभी थाना क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान पैदल भ्रमण कर जलूस निकलने के रास्ते को चेक किया। एसपी ने मोहर्रम जलूस को लेकर लगाई गई ड्यूटी चेक की और पुलिस को दिशा निर्देश दिये। यही नहीं डीएम ने मोहर्रम पर निकलने बाले जलूस के रास्तों में आने बाली बाधाओं का तत्काल निस्तारण किया। इस दौरान उनके साथएसडीएम से लेकर सीओ व थाना कोतवाली प्रभारी व नगरपालिका, नगरपंचायत के ईओ मौजूद रहे।

# नलकूपों को निशुल्क बिजली का रजिस्ट्रेशन 31 जुलाई तक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** निजी नलकूप को फ्री बिजली देने की एक मुश्त समाधान योजना की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ाई गई है। योजना का लाभ लेने के लिये किसानों को रजिस्ट्रेशन कराकर बीते वर्ष का बकाया पहले चुकाना होगा। इसके बाद प्रति माह 120 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जायेगी।

निजी नलकूपों को निशुल्क बिजली देने के लिये सरकार की ओर से चलाई गई योजना में रजिस्ट्रेशन कराने की तिथि 15 जुलाई समाप्त हो गई। इस योजना में जिले से करीब 3643 निजी नलकूप धारकों ने योजना का लाभ लिया जबकि जिले में 17 हजार के करीब निजी नलकूप कनेक्शन हैं। कम संख्या में रजिस्ट्रेशन और निशुल्क बिजली का लाभ लेने की जानकारी पर शासन ने अधिक से अधिक किसानों को लाभ देने के लिये योजना को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है। अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह ने बताया कि योजना को 31 तक बढ़ाया गया है। लाइनमैन को लगाकर योजना का प्रचार प्रसार कराया जाएगा। निजी नलकूप धारक किसानों को बतायेंगे कि योजना का लाभ लेने के लिये किसानों को अप्रैल 2023 तक का बकाया पूरा बिल पहले जमा करना होगा। इस के बाद निजी नलकूप पर मीटर लगाया जायेगा। हर तीन माह में मीटर की रीडिंग ली जायेगी। इस में 120 यूनिट प्रति माह मुफ्त मिलेगी। इसके अलावा जो बिजली अधिक खपत की जायेगी उस का भी बिल जमा करना होगा। मालुम हो कि विधानसभा चुनाव में सरकार ने निजी नलकूप धारक किसानों को निशुल्क बिजली देने का वादा किया था। इसी वादे को पूरा करने के लिये सरकार ने यह योजना लागू की है। सरकार की मशा है कि अधिक से अदिक किसान इस योजना का लाभ लें जिससे सरकार की मंशा सफल हो सके।


बिजली कार्यालय में बिल छंटवाते निजी नलकूप के उपभोक्ता। अमृत विचार

- शासन से एकमुश्त समाधान योजना को 16 दिन के लिये बढ़ाया

### एक मुश्त समाधान योजना में जमा हुआ 6 करोड़ रुपये

■ **कन्नौज।** निजी नलकूपों की एक मुश्त समाधान योजना समाप्त की आखरी तिथि पर बिजली कार्यालय में उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान एक मुश्त योजना के तहत छूट पर बिल जमा करने के लिये उपभोक्ता अपने बिल छटवाते रहे। निजी नलकूपों को निशुल्क बिजली देने के लिये सरकार ने शुरू की एक मश्त समाधान योजना के अंतिम दिन बिजली कार्यालय में उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ी। बाबुओं ने सभी उपभोक्ताओं के बिलों की छटनी की। इस दौरान किश्तों में जमा किये गये बकाया भूगतान को काट कर बकाया बिल जमा कराया। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि जिले में करीव 17562 निजी नलकूप है। इन में 6985 बकायेदार उपभोक्ता है। एक मुश्त योजना का लाभ लेने के लिये 3643 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। कुछ ने किश्तों में तो कुछ ने अंतिम दिन पूरा बिल पैड किया। इस तरह से योजना के अंतिम दिन तक 6 करोड 5 लाख रुपये जमा किया गया।

# जेसी हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग दर्ज कराएगा रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ऑपरेशन के बाद महिला की मौत होने का मामला
- शव रख कर परिवार के 400 लोगों ने किया था हॉस्पिटल का घेराव

**अमृत विचार।** हसेरन रोड सौरिख के जेसी हास्पिटल में बीते माह हुए आपरेशन के बाद महिला की हालत खराब हो गई। कानपुर में चले उपचार के बाद महिला की मौत हो गई। हरकत में ये स्वास्थ्य विभाग अब हास्पिटल के मालिक व डाक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायेगा।

अवैध तरह से चल रहे सौरिख के जेसी हास्पिटल में पथरी के आपरेशन के बाद कानपुर में हुई मौत के मामले में परिजनों ने हंगामा काटा था। इस की जानकारी होने पर सीएमओ डा. विनोद कुमार ने एसीएमओ डा. जितेंद्र नाग को मौके पर भेजा था। इस दौरान हास्पिटल का मृतक के करीब 400 परिजन घेराव किये थे। एसडीएम के अलावा पुलिस मौजूद थी। जांच में पाया गया था कि हास्पिटल के अंदर कोई मालिक, डाक्टर व कर्मचारी नहीं था। इसी लापरवाही को लेकर सीएमओ के निर्देश पर संबंधित हास्पिटल के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी। सीएमओ डा. विनोद कुमार का कहना है कि जिले में करीब 70 नर्सिंगहोम व क्लीनिक हैं। इन की जांच होती रहती है।

# जनता के विश्वास से होगा सत्ता परिवर्तन

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक ने यहां कहा कि 2027 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होगा। सपा की सरकार बनेगी और इसके बाद छिबरामऊ में जनता की सुविधा के लिए पीजीआई बनवाया जाएगा। वे बुधवार को ग्राम रामाश्रम स्थित प्रतिष्ठान का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने सभी लोगों से लोकतंत्र पर विश्वास करने की बात कही। भरोसा जताया कि जनता का विश्वास ही इस बार प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का कारण बनेगा। चिंता जताई कि देश व प्रदेश में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। कानून व्यवस्था लचर है। भाजपा की सरकार में लगातार अत्याचार, गुंडागर्दी बढ़ रही है। कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो लगातार विकास की गंगा बह रही थी। अबकी बार समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। इस मौके पर प्रसून यादव, अरविंद शुक्ला, राशिद फारुकी, संतोष गुप्ता, सोहेल खान, वसीम सिद्दीकी, अंकुर सिंह मीडिया प्रभारी, तस्लीम सिद्दीकी, अमन खान, राम शंकर यादव प्रधान, नवीन सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।


फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ करते पूर्व विधायक। अमृत विचार

## 205 परीक्षार्थी देंगे कंपार्टमेंट परीक्षा

**कन्नौज।** शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज में 20 जुलाई को दो पालियों में इंप्रूवमेंट, कंपार्टमेंट परीक्षा होगी। इसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 205 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल में इंप्रूवमेंट/ कंपार्टमेंट व इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, उसका कार्यक्रम घोषित हो गया है। हाईस्कूल में इंप्रूवमेंट परीक्षा सुबह आठ से सवा 11 बजे तक होगी। इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा दोपहर दो से शाम सवा पांच बजे तक संपन्न होगी। डीआईओएस का कहना है कि हाईस्कूल में 100 और इंटरमीडिएट में 105 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## सार-संक्षेप


विद्यालय में पौधरोपण करती छात्राएं। अमृत विचार

### विद्यालय प्रबंधक के साथ छात्र-छात्राओं ने रोपे पौधे

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बुधवार को ग्राम डंडवाबुजुर्ग स्थित एचएम इंटर कॉलेज में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक व पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने छात्र-छात्राओं के साथ परिसर में लगभग 50 पौधे रोपे। पूर्व विधायक बताया कि वृक्ष न सिर्फ पर्यावरण को संतुलित रखते हैं बल्कि इससे हम सभी को प्राणवायु भी मिलती है। इसलिए सभी की यह जिम्मेदारी है कि पौधरोपण कर उनके वृक्ष बनने तक देखरेख करें। इस मौके पर प्रधानाचार्य आशीष शर्मा, लिपिक उपदेश कुमार मिश्रा, राशिद खान, शिक्षक विवेक कुमार, संतोष कुमार, सोनू शर्मा, हसीन अहमद, मोहम्मद अहमद आदि मौजूद रहे।

### राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन, आज अंतिम दिन

**कन्नौज।** राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आखिरकार जिले से पहला फाइनल ऑनलाइन आवेदन हो गया है। 18 जुलाई को आवेदन करने की आखिरी तारीख है। बताया गया है कि दो अन्य शिक्षक भी फाइल पूरी करने में लगे हैं। आज यह संख्या बढ़कर तीन हो सकती है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को सुयोग्य शिक्षकों से आवेदन कराने व आवेदन का समय बढ़ने की जानकारी देने को लेकर पत्र भेजा है। कहा है कि राज्य अध्यापक पुरस्कार 2023 के लिए अर्ह शिक्षकों के अधिक से अधिक आवेदन 18 जुलाई तक कराए जाएं। पत्र में यह भी कहा गया है कि कन्नौज, ललितपुर, हापुड़, चित्रकूट, अमरोहा, मैनपुरी, मेरठ, रामपुर व सोनभद्र से एक-एक आवेदन हुआ है।

### पशुओं का नहीं कराया टैग तो इलाज में हो सकती दिक्कत

**कन्नौज।** इन दिनों जिले में पशुओं के टैग लगाने का अभियान चल रहा है। भविष्य में इसके बिना सरकारी इलाज में दिक्कत हो सकती है। इसलिए पशुपालकों से कहा गया है कि वह अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर व उस पर आने वाले ओटीपी का नंबर मौके पर जरूर बताएं। सीवीओ डॉ. कर्णवीर सिंह ने बताया कि महेशवंश में गाय व भैंस का टैग चल रहा है। जिले में छह लाख 65 हजार 471 पशुओं के सापेक्ष अब तक दो लाख 48 हजार 94 मवेशियों का टैग लग चुका है। इस अभियान में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, पैराबैग, पशु धन प्रसार अधिकारी आदि लगे हुए हैं। सीवीओ का कहना है कि पोर्टल पर 37 फीसदी फीडिंग हो चुकी है। टैग लगाने का कार्य विभाग की ओर से पशुपालकों के लिए निशुल्क है। उन्होंने बताया कि जो पशुपालक मवेशियों के टैग लगवाएंगे उनके लिए आने वाले समय में कई सुविधाएं बढ़ाई जा सकतीं हैं। बिना टैग वाले जानवरों का इलाज भी सरकारी अस्पतालों में नहीं मिलेगा। टैग के बाद रशीद दी जाएगी। टैग लग जाने से 12 अंकों के नंबरों से पशु व उसके पालक की शिनाख्त करने में भी सहूलियत रहेगी। हालांकि डॉ. सिंह का कहना है कि अभियान के तहत लक्ष्य 30 जून तक ही पूरा करना था, जो प्राप्त नहीं हो सका। इस वजह से टैग लगाने का कार्य अभी चल रहा है। कुछ पशुपालक ओटीपी बताने को राजी नहीं होते हैं इससे दिक्कतें आ रहीं हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा गर्भित गाय व भैंस का भी टीकाकरण अभियान चल रहा है।

**बरसो रे मेघा** | पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 20 जुलाई तक मॉनसून की घटी रफ्तार, न्यूनतम तापमान बढ़ने से बढ़ रही उमस, रात में भी हो रही गर्मी

# उमस और गर्मी ने बढ़ाई बेचैनी, बिन बरसे गुजर रहे मेघ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीषण तपिश झेलने के बाद मॉनसून का इंतजार कर रहे लोग बारिश न होने से परेशान हैं। पश्चिमी विक्षोभ से निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से मॉनसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग ने भी 20 जुलाई तक भारी वर्षा न होने की बात कही है। बारिश न होने से बुधवार को दिन का तापमान चढ़ा रहा तो उमस से लोग बेहाल रहे।

बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इससे दिन भर गर्मी रही और उमस के कारण लोग पसीने से तरबतर रहे। हालांकि दिन में धूप के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन उसका कोई प्रभाव नहीं दिखाई दिया। मौसम विभाग का कहना है कि पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद जगह-जगह पानी भर गया है। धूप निकलने से पानी का वाष्पीकरण हो रहा है। इस कारण उमस बढ़ रही है। विक्षोभ के प्रभाव से रात में भी तापमान बढ़ रहा है। हवा की दिशा बदलने से भी मौसम शुष्क हो रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया पिछले कुछ दिन से हवा उत्तर-पूर्व दिशा से चल रही है, जिससे मॉनसून टिक नहीं पा रहा है। जब हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम होती है तो मॉनसून प्रभावी हो जाता है। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई तक मौसम इसी तरह शुष्क रहेगा। इसके बाद दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सक्रिय होने से भारी बारिश हो सकती है। जनपद कन्नौज और आसपास के क्षेत्र में 18 से 19 जुलाई के मध्य कहीं-कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है। 20 जुलाई और उसके आगे अच्छी बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं।

**मक्का समेटने में जुटे किसान:** मौसम शुष्क होने से फायदा किसानों को मिल रहा है। कई किसान ग्रीष्मकालीन मक्का की कटाई कर उसे धूप में सुखा रहे हैं। बता दें कि बारिश होने से खेतों में खड़ी मक्का भींग गई थी तो कई खेतों में पानी भर गया था। पिछले कुछ दिन से बारिश न होने से किसान मक्का को समेटने में जुट गए हैं। जिले में सड़कों पर मक्का सूखते हुए देखी जा सकती है। किसानों का कहना है बारिश के कारण खेतों में खड़ी मक्का खराब हो रही थी। अब धूप निकलने से मक्का सुखाने में आसानी हो गई है।


महादेवी घाट पर गंगा का जलस्तर घटने लगा। अमृत विचार

### महादेवी घाट पर 18 सेमी जलस्तर घटा

■ **कन्नौज।** जिला मुख्यालय से करीब आठ किमी दूर महादेवी घाट पर गंगा का जलस्तर और घट गया है। कुल 18 सेमी पानी कम हो जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। चेतावनी बिंदु पहुंचने से पहले ही गंगा का जलस्तर नीचे आना शुरू हो गया था जो लगातार जारी है। बुधवार को सुबह आठ बजे की रिपोर्ट में 14 सेमी जलस्तर कम हुआ। उसके बाद दोपहर की रिपोर्ट में चार सेमी पानी और कम हो गया। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक चौधरी चरण सिंह गंगा बैराज नरौरा से 18,445 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वर्तमान में गंगा का जलस्तर घटकर 124.700 मीटर पर आ गया है। चेतावनी बिंदु 124.970 मीटर और खतरे का निशान 125.970 मीटर पर है। गंगा का जलस्तर घटने से खतरे की आशंका और कम हो गई है।

### बुधवार को मौसम का हाल

- अधिकतम (डिग्री से.): 32.5 (+2.7)
- न्यूनतम तापमान (डिग्री से.): 29.4 (+2.8)
- सापेक्षिक अधिकतम : 81 प्रतिशत
- सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 60 प्रतिशत
- हवा की औसत गति : 10.9 किमी/घंटा
- हवा की दिशा- उत्तर- पूर्व
- वर्षा (मिमी) : 0.0

# या अली या हुसैन के नारों के साथ ताजिए कर्बला में दफन

## बारह अखाड़ों के उस्ताद खलीफाओं ने शिष्यों के साथ सलामी दी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** दसवीं मोहर्रम, योमें आशूरा पर शहीद ए आज़म हजरत इमाम हुसैन एवं शहीदाने कर्बला का ताजियत में उठाए जाने वाले ताजियों को स्थानीय बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान में स्थित कर्बला में या अली या हुसैन के साथ हम हुसैनी है,करबला हमारा है के गगन भेदी नारों के साथ ताजिये सुपुर्दे खाक कर दिए गए।

यहां पर शहीदाने कर्बला की नजर के साथ मनकवत कुरानख्वानी की तथा दुआ पढ़ी गई। इससे पूर्व विभिन्न इमामबाड़ों, इमामबारगाहों में कुरान ख्वानी के साथ जिक्रे शहादतैन व मजलिसों का आयोजन किया गया। इसके उपरांत ताजियों के उठने का सिलसिला शुरू हुआ। सभी ताजिए स्थानीय मोहल्ला रामगंज चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां पर बारह अखाड़ों के उस्ताद खलीफाओं ने अपने मय शिष्यों के साथ सलामी दी। यहां पर अलमध्वजों व जुल्फिकारों का हुजूम पहुंचा।


शहर में निकले अलविदाई ताजिये। अमृत विचार

रामगंज चौराहे से ताजियों के काफिले ने कर्बला की तरफ कूच किया। मेवाती मोहल्ला, उर्दू, अड्डा व नौरंगाबाद के सफेद ताजियों के साथ व रामगंज इमामबाड़े से चांदी का ताजिया कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, समसुल हसन वारसी, पप्पू ,परवेज वारसी ,चीनी व भानू के नेतृत्व में उठा, जो मुख्य जुलूस में शामिल हो गया। चांदी व मेवाती मोहल्ले के सफेद ताजिए जो अबरक पर सफेद कागज की महीन कटिंग से काबा, मदीना, कर्बला के तुगरे बनाए गए थे वह आकर्षण का मुख्य केंद्र थे। ताजिया जुलूस मार्ग पर अकीदतमंदों ने लंगर व शर्बत की व्यवस्था की थी।

मोहर्रम जुलूस में कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, पूर्व अध्यक्ष फुरकान अहमद, वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी, इंसानी भाईचारा समिति अध्यक्ष मोहम्मद आमीन भाई, मोहम्मद इरशाद खान, मोहम्मद यूसुफ, सिराज अहमद, फरीदमेव हाजी मोइनुद्दीन मंसूरी उर्फ गुड्डू, हाजी साजिद वारसी मौजूद रहे।

# इमाम हुसैन की शहादत पर मोहर्रम के ताजियों का निकला जुलूस

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** करबला में 10 मोहर्रम को रसूल के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को इस कारण शहीद कर दिया गया था की वह रसूल के दीन को बचाने गए थे। इसी को लेकर शिया समाज के मोहर्रम के अलविदाई ताजियों का जुलूस आलमपुरा से मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व व मुशीर हैदर व जीशान हैदर, अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, राहत अक़ील की देखरेख में अदबो एहतराम के साथ निकला गया। ताजियों को बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किया गया।

जुलूस शनिवार की सुबह मोहल्ला आलमपुरा से उठा और कोतवाली चौराहा, जिला परिषद कार्यालय, तिकोनिया, पुल कहारान, नोरंगबाद चौराहा, शाही मस्जिद


ताजिया निकालते शिया समाज के लोग। अमृत विचार

- छुरियों का मातम कर इमाम हुसैन की मुसीबत को याद किया

नोरंगबाद, पक्का तालाब होते हुए बाइस ख्वाजा स्थित कब्रिस्तान पहुंचा जहां गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

शिया युवक व बच्चे हाथों में अलम, इस्लामी परचम और छोटे छोटे ताजिये लेकर आगे चल रहे थे। ताजियों के भ्रमण के दौरान शिया युवकों व बच्चों ने शाही मस्जिद व नोरंगबाद पुलिस चौकी के पास पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी छुरियों और कमा का मातम कर अपने आप को लहूलुहान कर कर्बला में इमाम हुसैन की मुसीबतों को याद किया। जुलूस में राहिल सगीर, जीशान हैदर, सैफू, अहमद जाफर, अली हैदर, शारिक सगीर शानू ने मातमी नोहा ख़्वानी की, सलमान रिज़वी ने आदि अलम पकड़े यह वहीं बच्चों के हाथो में हुसैनी परचम लहरा रहे थे।

# श्रमिक ने फांसी लगाकर जान दी

**बकेवर,इटावा।** थाना क्षेत्र गांव भीम नगर में रहने वाले श्रीराम के बेटे देशराज ने बताया कि उसका 42 वर्षीय बड़ा भाई फूल सिंह मंगलवार रात खाना खाकर बिजली न होने के कारण पत्नी व बच्चों के साथ घर की छत पर सोने चला गया था। आधी रात के समय बिजली आ गयी तो भाई छत से उतरकर नीचे कमरे में आ गया, उसने कमरे के अंदर छत में लगे कुंडे में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार सुबह मृतक की पत्नी रामवती पशुओं को चारा डालने के लिए घर के अंदर आई तो पति को फांसी के फंदे पर लटका देख चीख पुकार मचाने लगी जिस पर बच्चे व आसपास के लोग मौके पर आ गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी। बकेवर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा फोर्स तथा फारेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी करके उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। टीम ने मृतक के कमरे से साक्ष्य एकत्रित किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रतीत हो रहा है।

## एक नजर

### मानसिक रूप से परेशान मां बच्चों सहित लापता

**इटावा।** बसरेहर थाना प्रभारी को दिए पत्र में इसी क्षेत्र में गांव दिमार में रहने वाले अतिवीर सिंह ने कहा है कि पत्नी ज्योति मानसिक रूप से परेशान रहती थी। मंगलवार को वह नौ साल की बेटी पूनम तथा पांच साल के बेटे रोबी को लेकर घर से निकल गई। भतीजे कुलदीप के साथ खोजबीन की तो पता चला कि गांव नगला जलाल में सड़क पर एक मकान में रह रहे लोगों से खाना मांगकर खाया फिर आटो में बैठकर इटावा की ओर चली गई।

### टेंपो में पैसे चोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग

**इटावा।** मैनपुरी जनपद के थाना करहल के ग्राम अंडनी निवासी अमित कुमार ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह ऑटो चालक है। 12 जुलाई को लगभग छह बजे सैफई गोल चक्कर से एक महिला बैठी। महिला के साथ आए एक अज्ञात व्यक्ति ने ऑटो का फोटो अपने मोबाइल में खींचा। 13 तारीख को ऑटो चालक के पास थाना सिविल लाइन की आईटीआई चौकी प्रभारी का फोन आया कि महिला ने आटो में पैसा चोरी हो जाने की शिकायती की है। उसने एसएसपी इटावा से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**इटावा।** औरेया के थाना कुदरकोट क्षेत्र के गांव बाजरहार के रहने वाले सुरेश का 30 साल का बेटा रक्षपाल उर्फ रजनेश मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे इटावा से अपने घर बाइक से जा रहा था। तभी थाना इकदिल क्षेत्र में नगला गुदा के पास कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मोबाइल के दुरुपयोग से बढ़ रहे मानसिक रोगी

**इटावा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत जिला अस्पताल में मानसिक रोग पर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आए लोगों को सुभाष चंद्र ने बताया कि मानसिक रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसका कारण मोबाइल का दुरुपयोग है। अनावश्यक रूप से मोबाइल चलाने से मनुष्यों में तमाम बीमारियां पैदा हो रही हैं। उसमें मानसिक रोग भी है मानसिक रोग विभाग में मरीजों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। शिविर में डॉ यशमिता व अनिल कुमार मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**इटावा।** पछायंगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत मडैया करीलगढ में किसी बात से परेशान होकर एक युवक ने फांसी लगा ली। उसकी मौत हो गई। उक्त गांव निवासी प्रवेश कुमार (22) पुत्र मंशाराम ने बुधवार को किसी बात से नाराज होकर फांसी लगा ली। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फांसी लगाने के कारणों का पता नही चल सका है।

### किशोरी ने खाया जहर, मौत

**इटावा।** पछायगांव थाना क्षेत्र के गांव मडैया करीलगढ में किकिशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले जाने लगे तभी उसकी मौत हो गई। उक्त गांव निवासी लाखन सिंह की 15 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले जा रहे थे तभी उसकी मौत हो गई।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास, अस्पताल में भर्ती

**इटावा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत काशीराम कालोनीमें एक युवक छोटू पुत्र मुस्ताक 24साल ने घर वालो से विवाद होने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया गया। घर वालो को जानकारी हो जाने पर तुरंत ही उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

# सांसद की वादा खिलाफी से रोष

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** वादा करने के बाद भी सांसद जब किसानों को ज्ञापन लेने के लिए नहीं पहुंचे तो संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कड़ी नाराजगी जताई। ज्ञापन डाक से भेज दिया। संयुक्त किसान मोर्चा के फैसले के अनुसार संसद के बजट सत्र के पूर्व देश भर के सांसदों को ज्ञापन व मांग पत्र के क्रम में इटावा के सपा सांसद जितेन्द्र कुमार दोहरे को ज्ञापन दिए जाने के लिए उनसे पूर्व में 11 बजे सपा कार्यालय में ज्ञापन ग्रहण करने की सहमति भी ली गई थी। इसके बाद भी वह ज्ञापन लेने के लिए नहीं पहुंचे और न ही कोई संदेश भेजा। संयुक्त किसान मोर्चा इटावा ने सांसद पर किसानों की उपेक्षा पर रोष प्रकट किया। ज्ञापन डाक से सांसद और केंद्र सरकार को प्रेषित किए गए।

ज्ञापन में कहा गया है कि कृषि संकट से उबरने के लिए सभी



प्रदर्शन करते किसान नेता मुकुट सिंह एवं अन्य। अमृत विचार

- संयुक्त किसान मोर्चा ने डाक से भेजा ज्ञापन, किसान आंदोलन को और तेज करने का ऐलान

फसलों पर एमएसपी की गांरटी कानून, व्यापक ऋण माफी, बिजली निजीकरण व स्मार्ट, प्रीपेड मीटरों पर रोक, किसानो को सिंचाई के लिए फ्री बिजली देने एवं घरेलू उपभोक्ताओ को 300 यूनिट फ्री बिजली का वादा पूरा करे। साथ ही आवारा पशुओं से फसल बचाव, मंहगाई, बेरोजगारी आदि सहित 12 तत्कालिक मांगे और 8 नीतिगत मांगों को उठाया गया तथा 9 दिसंबर 2021 को दिल्ली के बार्डर पर किसान आंदोलन के समय किए गए लिखित समझौता लागू करने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह, किसान सभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री एवं जिलामंत्री संतोष शाक्य, किसान सभा औरैया के अध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता, बीकेयू टिकैत के जिलाध्यक्ष संजीव यादव, महामंत्री सुरेन्द्र यादव शामिल रहे।

# स्वधा हॉस्पिटल में हुआ सफल घुटना प्रत्यारोपण

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- मरीजों को मिलेंगी सभी प्रकार की सुविधाएं
- मरीज ने अस्पताल के इलाज पर जताई संतुष्टि

**अमृत विचार।** चौ. सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा संचालित स्वधा हास्पिटल ने घुटना प्रत्यारोपण का सफल ऑपरेशन करके हड्डी रोग के मरीजों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। हास्पिटल की निदेशक डॉ. अंजलि यादव ने बताया कि अपने शहर में पहली बार हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने सफलता पूर्वक घुटना प्रत्यारोपण किया।


डॉ. अंजलि यादव।

अवगत करा दें कि करहल निवासी फरीद अपने दोनों घुटनों की समस्या से ग्रस्त थे। इसके चलते उनके दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण किया गया। मरीज ने कहा कि वह हॉस्पिटल के डॉक्टर और उनकी टीम के व्यवहार और इलाज से संतुष्ट है। उन्हें खुशी है कि अपने घर के आसपास रहकर ही वह यह इलाज ले सके। जिससे उनका अतिरिक्त व्यय बच गया।

डॉ. अंजलि यादव ने कहा कि हॉस्पिटल में सभी सुविधाओं के उपलब्ध कराने को लेकर वह विशेष ध्यान दे रही हैं। हॉस्पिटल का लक्ष्य बेहतर से बेहतर सेवा देना है और इस लक्ष्य को वह हर से संभव उम्मीद के साथ पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में आगरा के चार लोग घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** दो जिलों के साथ तीन राज्यों को जोड़ने वाली सड़क लखेरे-कुआं कचौरा घाट मार्ग पर लगभग दो सप्ताह पूर्व मिट्टी कट जाने से गड्ढा हो गया है। लोकनिर्माण विभाग ने अपने कर्मचारियों को भेज कर गड्ढा तो सही नहीं करा दिया लेकिन गड्ढे के आगे सड़क पर बचाव करने के उद्देश्य से बीचों बीच बड़े बड़े पत्थर रख दिए। इन पत्थरों से टकराकर आगरा के चार लोग घायल हो गए। पीडब्ल्यूडी ने सड़क पर न तो लाल झंडी लगाई है और न ही ऐसा कोई सांकेतिक बोर्ड लगाया गया है जिससे वाहन चालकों को पता चल जाए कि सड़क पर आगे बड़ा गड्ढा है। मंगलवार की रात जसवंतनगर बाजार से एक बाइक पर सवार होकर आगरा जिले के चित्रहाट थाना क्षेत्र के 22 वर्षीय अमर सिंह और 25 वर्षीय विजलेश कुमार सामने से आ रहे दूसरे वाहन की लाइट में आंखें चकाचौंध होने से सड़क पर रखे पत्थरों से टकरा गये। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना देर रात लगभग 12 बजे उसी जगह पर आगरा जिले के बाह कोतवाली क्षेत्र के 40 वर्षीय करू पुत्र सुरेन्द्र सिंह गांव मुकुटपुरा और 50 वर्षीय मंगल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दलित, मुसलमानों को झूठे केसों में फंसाना बंद हो

**इटावा।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के आह्वान पर बुधवार को धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। इसमें उत्तर प्रदेश में व्याप्त आतंक, दहशत को समाप्त करने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। इसी के साथ पिछड़े, दलित, मुसलमानो और गरीबों को झूठे मुकदमे में फांसना बंद किया जाए। प्रदेश की सराकार बुलडोजर नीति के तहत कानूनी प्रक्रिया को ताक में रख कर मुसलमानो दलितों और गरीबों के खिलाफ झूठे केस डालना बंद किया जाए। देश और प्रदेश में फैलने वाले नफरत के माहौल को समाप्त किया जाए। धरना में मो. एजाज खान, इमान खान, मो. शावेज राइन, अहसान खान, मुहीत तारिक यूथ जिलाध्यक्ष, नईम अली, वसीम अंसारी, तस्लीम आदि शामिल हुए।

### पॉकेटमारों ने सेवानिवृत्त फौजी के पार किए 50 हजार

**सैफई, इटावा।** मैनपुरी जिले के कस्बा भोगांव में रहने वाले भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार हरपाल सिंह ने बताया कि उनका भतीजा प्रशांत कुमार सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। उसके इलाज के रुपये लेकर आ रहे थे। बुधवार को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे सैफई पेट्रोल पंप से कॉलेज चौराहा की तरफ पैदल जा रहा था। तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आए। दोनों ने कॉलेज का रास्ता पूछा और लिफ्ट देने के बहाने उन्हें बाइक पर बैठा लिया। गेट नंबर तीन के पास उतार दिया। बाइक से उतरकर ट्रामा सेंटर में जाकर पैंट की जेब में हाथ डाला तो रुपये गायब, जेब कटी मिली। पीड़ित ने थाने में दो अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर दी है।

### माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना आज से

**इटावा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने 18,19 एवं 20 जुलाई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रस्तावित धरना के संबंध में समीक्षा बैठक की। जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने अध्यक्षता की। प्रांतीय संयोजक संरक्षण समिति श्रीनारायण दुबे, जिला मंत्री मनोज कुमार, प्रांतीय मंत्री अरुण कुमार, कार्यवाहक मंत्री विजय कुमार, व अन्य जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की उपस्थिति में धरना की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। अध्यक्ष एवं मंत्री ने संयुक्त रूप से सभी शिक्षक साथियों व शिक्षिका बहनों से विद्यालय समय के उपरांत दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक धरना में प्रतिभाग करने की अपील की।

### शिक्षकों को सरकार के खिलाफ खड़ा किया जा रहा

**इटावा।** प्रख्यात शिक्षाविद् एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. विद्याकांत तिवारी ने शिक्षकों की पीड़ा पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की वर्तमान बेसिक शिक्षा में प्रतिभाशाली शिक्षक-शिक्षिकाओं की अच्छी टीम है। बेसिक शिक्षकों के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार का रवैया असंवेदनशील है। बेसिक शिक्षा का कोई भी मंत्री उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि सैकड़ों की संख्या में ऐसी शिक्षिकाएं हैं जो अपने सेवारत पतियों और शिक्षा ग्रहण कर रहे बेटे-बेटियों से दूर दूसरे जिलों में नौकरी कर रही हैं। उन्हें उनके पतियों के जिले में स्थानांतरित किया जाए।

### करंट से युवक की मौत

**इटावा।** शहर के मोहल्ला शांती कॉलोनी में बुधवार को सुबह करीब 10 बजे कूलर को चलाने के प्रयास में प्लग बोर्ड में लगाते समय लगे करंट से एक 18 साल के युवक की अस्पताल में पहुंचने पर मौत हो गई। शांतीकालोनी निवासी अहलाद सिंह (18) पुत्र अजीत सिंह अपने घर में लगे कूलर को चलाने के लिए उसके तारों को बिजली के बोर्ड में लगा रहा था। इसी दौरान उसे जोरदार करंट लग गया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गल्ला आढ़ती व्यापारियों ने कराया हवन

**भरथना।** देवशयनी एकादशी पर बुधवार की दोपहर भरथना कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में स्थापित श्री बांके बिहारी मंदिर पर हवन-पूजन कराया गया। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू ने पूजन किया। तदोपरांत मौजूद आढ़ती व गल्ला व्यापारियों के साथ आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सम्पन्न कराये गये यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर अपने इष्टदेव का आवाहन कर सर्वकल्याण की कामना की। हवन पूजन के दौरान आढ़ती संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव,होम सिंह यादव नेताजी,शिवराज सिंह यादव,अजय यादव, राजेश यादव पण्डा,कमलेश यादव,बलराज यादव आदि मौजूद रहे।

### एंबुलेंस से गांजा तस्करी करने में दो गिरफ्तार

**इटावा।** सिविल लाइन एवं एसओजी की टीम ने कचौरा रोड पर राजा के बाग के पास से चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की एबुलेंस से गांजा की तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 12 किलो छह सौ ग्राम गांजा, चार फर्जी नंबर प्लेट बरामद की गईं। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि मंगलवार की रात को एसओजी टीम व सिविल लाइन थाना पुलिस गस्त पर थी। टीमें राजा के बाग के पास वाहनों की चेकिंग कर रहीं थीं, तभी बिना नंबर प्लेट की एंबुलेंस आती दिखायी दी। पुलिस ने चालक सहित एक अन्य युवक को राजा का बाग चौकी के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में एंबुलेंस से 12 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपियों ने अपने नाम विजय चौहान पुत्र तेजवीर सिंह निवासी ग्राम विक्रमपुर थाना सिविल लाइन व प्रदीप कुमार पुत्र राम औतार निवासी ग्राम लुहन्ना थाना सिविल लाइन बताए। विजय चौहान पहले भी जेल जा चुका है।

# श्रीकृष्ण का जन्म होते ही भक्तों ने लगाए जयकारे

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** गांव जैनपुर नागर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत में बुधवार को राम जन्म ओर कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथा वाचक मोहिनी शास्त्री ने जब राम जन्म की कथा सुनाई तो श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा श्रीराम ने भी पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की। आज का व्यक्ति ईश्वर की सत्ता को मानने से भले ही इंकार कर दे, लेकिन एक न एक दिन उसे ईश्वर की महत्ता को स्वीकार करना ही पड़ता है।

कथा वाचक ने कहा कि कृष्ण जन्म पर नंद बाबा की खुशी का वृतांत सुनाते हुए कहा कि जब प्रभु ने जन्म लिया तो वासुदेव जी कंस कारागार से उनको लेकर नन्द बाबा के यहां छोड़ आये। वहां से जन्मी योगमाया को ले आये। नंद बाबा के घर में कन्हैया के जन्म की खबर सुनकर पूरा गोकुल झूम उठा। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है।

### राजा वेन के कुशासन का प्रसंग सुनाया

**इटावा।** अशोक नगर में भरथना चौराहा स्थित गुरु पूर्णिमा आश्रम में चल रहे गुरु पूर्णिमा महोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते हुए कथावाचक पंडित शशिकांत पांडे ने पृथु चरित्र पर व्याख्यान देते हुए वेन के कुशासन का उल्लेख किया। कहा कि राजा वेन के साम्राज्य में जब धरती ने स्वयं अपनी संपदा अपने अंदर समेट ली तो दुखी प्रजा के हित में सप्तर्षियों ने वेन का अंत किया। उसकी दाहिनी भुजा के मंथन से स्वयं परमपिता परमात्मा को पृथु के रूप में प्रकट होना पड़ा।

# एक साल से ज्यादा नहीं चलेगी सरकार

संवाददाता चकरनगर, इटावा

**अमृत विचार।** चकरनगर के ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा कि बूथ अध्यक्षों ने मेहनत कर बड़े पैमाने पर वोट डलवाए, जिसका नतीजा सबके सामने है। आज हम सांसद बनकर आप सबकी सेवा के लिए खड़े हैं। केंद्र में भाजपा की सरकार एक साल से ज्यादा नहीं चलेगी और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी जो कभी नहीं हटेगी।

उन्होंने भाजपा के पूर्व सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया को तानाशाह बताते हुए कहा कि उनका घमंड जनता ने तोड़ दिया। स्वागत समारोह में मौजूद कार्यकर्ताओं से सांसद ने वादा करते हुए कहा कि हम अपनी निधि का सबसे ज्यादा हिस्सा चकरनगर क्षेत्र के लिए खर्च करेंगे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख महिपाल सिंह यादव ने कहा कि 2027 में सपा की सरकार पूर्ण बहुमत की बनने जा रही है।


बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सपा सांसद जितेंद्र दोहरे। अमृत विचार

- सांसद जितेंद्र दोहरे ने बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा को लिया आड़े हाथ

बुधवार को नवनिर्वाचित सांसद का जय श्री कृष्णा पैलेस चकरनगर व हनुमन्तपुरा में स्वागत किया गया। अध्यक्षता जय सिंह ने की। संचालन हेमरुद्र सिंह सेंगर व सतीश यादव ने किया। इस अवसर पर सपा नेता लंकू यादव, बृजेन्द्र यादव, राजकुमार यादव, बाबा रघुवीर सिंह, सुरजीत यादव, विशंभर यादव, बूथ अध्यक्ष रामकेश यादव व गौरब त्रिपाठी, कमल दोहरे, महात्मा यादव, महेंद्र प्रधान, मुनेश यादव पूर्व प्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## ताइक्वांडो

### सीनियर श्रेणी में 5 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक जीते

# प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में इटावा को 20 पदक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पांच खिलाड़ियों को राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मिला मौका
- इटावा ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**अमृत विचार।** राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इटावा के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाया। इन खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीनियर श्रेणी में 5 स्वर्ण, 3 रजत तथा 3 कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। फ्रेशर वर्ग ने भी अपने सीनियर्स का अनुकरण करते हुए 2 स्वर्ण, 3 रजत तथा 4 कांस्य पदक हासिल किए। कुल 20 पदकों पर इटावा के खिलाड़ियों ने अपना कब्जा जमाया।

इटावा ताइक्वांडो संघ के सचिव हिमांशु यादव ने बताया कि सीनियर वर्ग में चयन स्पर्धा के तहत इटावा से खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्ग की 11 स्पर्धाओं में मेडल जीते हैं। 5 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रदेश चयन सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इनमें प्रियदर्शन शाक्य(सब जूनियर वर्ग, अंडर 27 किलोग्राम भार वर्ग), आराध्या सिंह (जूनियर वर्ग अंडर 68 किलोग्राम भार वर्ग), शौर्य सिंह(जूनियर वर्ग, इंडिविजुअल पूमसे), शौर्य सिंह और आराध्या सिंह(जूनियर वर्ग, पेयर पूम्से) तथा आयुष सिंह और तृषा सिंह(कैडेट वर्ग पेयर पूम्से) शामिल हैं।

वहीं स्पर्धा की तीन श्रेणियों में रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में सोनाक्षी(सब जूनियर, इंडिविजुअल पूमसे), आयुष सिंह, रुद्र प्रताप और अदम्य अनुराग(कैडेट वर्ग टीम पूम्से) तथा आराध्या सिंह(जूनियर वर्ग, इंडिविजुअल पूमसे) रहे। इसके अलावा प्रियदर्शन और सोनाक्षी(सब जूनियर वर्ग, पेयर पूम्से), सौरभ चंद्र(अंडर सीनियर वर्ग, 80 किलोग्राम भार वर्ग) तथा सिद्धी त्रिपाठी(सब जूनियर वर्ग अंडर 22 किलोग्राम भार वर्ग) ने कांस्य पदक पदक अपने नाम किया।

रुद्र प्रताप ने कैडेट वर्ग अंडर 148 सेंटीमीटर में सराहनीय खेल का प्रदर्शन किया। फ्रेशर श्रेणी में ओम शर्मा तथा प्रशांत कुमार स्वर्ण पदक; अभिराज, अंशुल, हर्षित भदौरिया रजत पदक एवं कौस्तुभ दीक्षित, कौस्तुभ चौहान, सानिध्य कटियार और सम्राट ने कांस्य पदक पर अपने नाम की मोहर लगाई।

इटावा ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रत्युष तिवारी ने कहा कि इस बार की पदक तालिका में पिछली बार से बढ़ोत्तरी हुई है। खिलाड़ियों का नेतृत्व कोच नबीला और श्यामजी सक्सेना ने सचिव हिमांशु यादव के दिशा निर्देशन में किया था। मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता, संरक्षक एडीएसओ देवेंद्र पाल, समन्वयक सौरभ दुबे, दीपक पाल ने प्रसन्नता जताई है। साथ ही युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# दंपति की मौत में पिता ने लगाई जांच की गुहार

संवाददाता सैफई,इटावा

- पत्नी की हत्या कर खुदकुशी करने का मामला

**अमृत विचार।** दो दिन पहले पत्नी की हत्या करके खुदकुशी करने के मामले में मृतक के पिता ने जांच की गुहार लगाई है। इसमें युवक ने खुदकुशी से पहले वायरल किए वीडियो को लेकर पति पत्नी और वो के एंगल की आशंका प्रकट की थी। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है लेकिन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सैफई थाना प्रभारी को संबोधित इसी क्षेत्र के गांव नगला चेनसुख में रहने वाले जगदीश सिंह ने दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि बेटा अबनीश उर्फ मनोज ट्रक ड्राइवर था। वह एक साल पहले हुए सड़क हादसे के बाद मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहता था। इसके चलते उसका पत्नी सोनम तथा सगे भाई से अक्सर झगड़ा होता था।

इसी के चलते उसने बीते रविवार की रात उपरोक्त भयावह कृत्य को अंजाम दिया। उसने खुदकुशी करने से पहले जो वीडियो वायरल उसमें पड़ोसी पर शंका जताई , हालांकि पड़ोसी में घर में आना जाना काफी कम है। इसके बावजूद इस मामले की गहनता से जांच करके आवश्यक कार्यवाही की जाए। सैफई थाना प्रभारी कपिल दुबे ने बताया इस मामले की शुरू से ही गहनता से जांच की जा रही है।

# या हुसैन या अली की सदाओं से गूंजा कस्बा

## देर रात तक तकसीम होता रहा लंगर और शर्बत



मोहर्रम के जुलूस में शामिल अकीदतमंद। अमृत विचार



पुलिस की देखरेख में जुलूस निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार

**संवाददाता फफूंद, औरैया**

**अमृत विचार।** गम और रंज के पर्व मोहर्रम पर मुस्लिम बस्तियों में रखे गए ताजिये मंगलवार और बुधवार रात को मातमी जुलूस के साथ निकाले गए। मिलाप स्थल पर लगे मेले में ताजियों का जुलूस इकट्ठा हुआ। जायरीनों ने ताजियों की जियारत कर मन्नत मांगी और फातिहा पढ़कर तबर्रुक तकसीम किया। जुलूस में या हुसैन या अली के नारों से सदाएं गूंज रही थीं। ताजियों में शामिल बैंड मातमी धुन बजाते हुए चल रहे थे। गुरुवार तड़के ताजियों को करबला ले जाकर सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

फफूंद कस्बे में मोहर्रम का त्योहार गमगीन माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। मंगलवार रात 12 बजे से ताजिये उठना शुरू हुए। सबसे पहले मोहल्ला केसरवानी निवासी सफी खां के ताजिया का जुलूस उठा और मोहल्ला जुबैरी होकर मोतीपुर पहुंचा जहां सद्दाम के ताजिया से मिलाप हुआ। उसके बाद ताजियों का जुलूस मोहल्ला भराव पहुंचा जहां अबरार अंसारी, जान मोहम्मद के ताजियों से मिलाप होकर जुलूस आगे बढ़ा जो बरकी टोला, सब्जी मंडी, बकर मंडी, तिवारियांन और मुख्य बाजार होता हुआ तिराह चमनगंज पर पहुंचा जहां अब्दुल रशीद का ताजिया जुलूस में शामिल होने के बाद जुलूस मोहल्ला मेवातियांन पहुंचा जहां इजहार अहमद के ताजिया से मिलाप होने के बाद जुलूस का ठहराव हुआ। जुलूस में शामिल हजारों अकीदतमंद और जायरीन के या हुसैन या अली के नारों से सदाएं गूंज रही थीं ताजियों में शामिल बैंड मातमी धुन बजाते हुए चल रहे थे। लोगों ने ताजियों की जियारत कर मन्नतें मानी और फातिहा पढ़कर तबर्रुक तकसीम किया। कस्बे में ताजियों के जुलूस के रास्तों पर मुस्लिम युवाओं की टोलियों ने जगह जगह स्टाल लगा रखे थे जिसमें पानी,शरबत और चाय वितरित की जा रही थी।ताजियों के जुलूस में बीस से अधिक जगहों पर जमकर लुट्टस लुटाई गई।बुधवार शाम दोबारा सभी ताजियों का जुलूस मातमी धुनों और नक्काडे की धुनों के बीच तय रास्तों से गुजरता हुआ तिराह चमनगंज पर पहुंचा जहां सभी ताजिया इकट्ठा हुए इसके बाद जुलूस दिबियापुर रोड होता हुआ मेवातियांन पहुंचा और वहां लगे मेले में सभी ताजियों का ठहराव किया गया मेले में कस्बे और गांव क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर ताजियों की जियारत की मन्नत मानी और फातिहा पढ़कर तबर्रुक तकसीम किया।देर रात तक मेले में रौनक बनी रही रविवार भोर गमगीन माहौल में ताजियों को कर्बला ले जाकर सुपुर्दे खाक किया गया।

जुलूस में चेयरमैन मोहम्मद अनवर, जियाउल्ला खां, सभासद शब्बीर कुरैशी, हमीद अंसारी, पुलिस फोर्स और विद्युत विभाग की टीम मौजूद रही। नगर पंचायत ने साफ-सफाई की चाक चौबंद व्यवस्था की थी।

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकाले गए ताजिये

**कुदरकोट।** बुधवार को मोहर्रम के पर्व पर कुदरकोट में कड़ी सुरक्षा के बीच ताजिया निकाले गए, जिसमें कुदरकोट थाना अध्यक्ष पूजा सोलंकी पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं। वहीं ताजियों में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली और मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं या हुसैन या हुसैन की आवाज गूंजती नजर आई। इस अवसर पर असलम मास्टर, भोले, डाबर खान, नसीब, उस्मान, दिलशाद, आमिर, कमालुद्दीन, रियाजुद्दीन, सलीम, एहसान खान,एकाम खान आदि मौजूद रहे।

### पुलिस की सुरक्षा में निकला ताजिया जुलूस

**कंचौसी,औरैया।** कंचौसी कस्बे में मोहर्रम का त्योहार गमगीन माहौल में बहुत ही सादगी व अकीदत के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। मंगलवार रात 12 बजे से ताजिये उठना शुरू हुए, सबसे पहले मोहल्ला कंचौसी निवासी सोनी खां, कल्लू खान,भूरे खां के ताजिया का जुलूस उठा और मोहल्ला आंबेडकर नगर से होकर कंचौसी बाजार में स्थित मुख्य चौराहे पर पहुंचा। जहां सोनी खां ने अपने भाइयों के साथ ताजिया से मिलाप किया। उसके बाद ताजियों का जुलूस मोहल्ला ढिकियापुर के पास पहुंचा जहां मोहम्मद अंसारी, रफीक मोहम्मद खान के ताजियों से मिलाप होकर जुलूस आगे बढ़ा जो आंगे आकर, सब्जी मंडी, तिराहे से बढकर मुख्य बाजार से होता हुआ कंचौसी तिराहे पर पहुंचा जहां पप्पू मियां, राशिद मियां, जमील अहमद, का ताजिया जुलूस में शामिल होने के बाद जुलूस मोहल्ला कंचौसी बाजार पहुंचा जहां जाहीर अहमद के ताजिया से मिलाप होने के बाद जुलूस का टहराव हुआ। जुलूस में शामिल हजारों अकीदतमंद और जायरीन के या हुसैन अली के नारों से सदायें गूंज रही थीं ताजियों में शामिल बैंड मातमी धुन बजाते हुए चल रहे थे। गमगीन माहौल में ताजियों को कर्बला ले जाकर सुपुर्दे खाक किया गया। जुलूस में सोनी खां, कल्लू खां भूरे खां, पूर्व प्रधान रविन्द्र दोहरे, बीनू पंडित, मो. इजहार खां, पप्पू मियां, सहित चौकी इंचार्ज शशिधर त्रिपाठी, हमराही राजकुमार, देवेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राजधानी दिल्ली के निहाल बिहार नागलोई पश्चिमी निवासी राज कुमार ने जैनपुर भीखेपुर निवासी युवक के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी की तहरीर कोतवाली में दी है। राज कुमार ने बताया कि दिल्ली से ममिया ससुराल उमा शंकर पुत्र जीराखन सिंह ग्राम जैनपुर भीखेपुर के घर शादी में शामिल होने आया था। बीते सोमवार रात्रि 11बजे आरोपी सुखदेव उर्फ प्रधान पुत्र राम किशोर आया डी जे पर नाच रही महिलाओं से छेड़छाड़ कर बत्तमीजी करने लगा। रोकने पर मारपीट पर आमादा हो गया। आरोपी ने राजकुमार के ऊपर लाठी से हमलाकर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। क्राइम इंस्पेक्टर आर पी त्रिपाठी ने बताया मारपीट कर धमकी की तहरीर प्राप्त हुई है, जांचकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।




ढोल-ताशे के साथ ताजिया निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार

## ढोल-ताशे के साथ निकाला मोहर्रम का ताजिया जुलूस

**संवाददाता अछल्दा,औरैया**

**अमृत विचार।** कस्बा में ढोल ताशे के साथ ताजिया जुलूस निकाला गया। ताजिए दार सिर पर छोटी-छोटी ताजिया रख, हरे रंग का इस्लामी झंडा लिए नारे तकबीर का नारा लगाते हुए नगर, चौराहा, मुख्य बाजार में भ्रमण किया। ताजियों का मिलन होने के बाद अपने अपने घरों की तरफ रवाना हो गए। ताजियों के आगे ढोल ताशा बजाकर कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसको देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ इकट्ठा रही। वही पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच ताजिया निकाला गया। वहीं कस्बा के ब्लॉक चौराहा से ताजिया उठाया गया फिर सराय बाजार होते स्टेशन बाजार फिर मुहब्बत शाह बाबा की मजार पर सुपुर्द ए खाक कर दिया इसी बीच सुलेमान खान, आविद खान, आमिर खान, फिरोज खान रूपेश अली, रहीम, जमील खान, पुररू, सानू, पॉपी, इमरान, अकबर, आदि लोग है।

## गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए- खाक हुए ताजिये

**संवाददाता,बिधूना**

**अमृत विचार।** बुधवार को नगर एवं क्षेत्र में गमगीन माहौल में मोहर्रम का त्योहार सादगी व अक़ीदत के साथ मनाया गया। नगर में पंचायती इंतजामिया कमेटी के द्वारा सब्जी मंडी आदि स्थानों से ताजिये उठाए गए। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अमित बाथम ललतू ने भी शिरकत की जबकि ताजियों के जुलूस में नगर एवं क्षेत्र के हजारों अकीदतमंद जायरीन शामिल थे। कर्बला में ताजिए दफ़न कर दिए गए। उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र तहसीलदार रणवीर सिंह मौजूद रहे।



ताजिया निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार

# लेखपाल ने की आत्महत्या की कोशिश

**संवाददाता अछल्दा, औरैया**

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग के अछल्दा रेलवे स्टेशन पर लेखपाल ने आत्महत्या करने की कोशिश की। वह एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में लटक गए और लोको पायलट ने आनन-फानन में ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दी। घटना में घायल लेखपाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से सैफई रेफर कर दिया गया।



घायल लेखपाल का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

बिधूना निवासी चंद्रपाल पुत्र घनश्याम राजपूत एरवा कटरा क्षेत्र में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। वह इटावा जाने वाली मेमो का इंतजार कर रहे थे। तभी अछल्दा रेलवे स्टेशन पर कानपुर की ओर से आ रही अपलाइन पर बडोदरा स्पेशल एक्सप्रेस संख्या 03109 ट्रेन आते देख लेखपाल हाथ जोड़कर उसके आगे खड़े हो गए। लोको पायलट ने हॉर्न बजाया तब तक लेखपाल ट्रेन के इंजन में फंस गए। इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। आरपीएफ और लोको पायलट ने इंजन से व्यक्ति को निकाल कर एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर गौरव ने हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया। वहीं ट्रेन 22 मिनट तक खड़ी रही व्यक्ति को निकालने के बाद ट्रेन को गंतव्य को रवाना की गई। वहीं आ रही मालगाड़ी, और टाटा नई दिल्ली को आऊटर पर रोका गया।

## पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

**औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव जुआ निवासी संत कुमार कुशवाह ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि वह सब्जी का फड़ लगाकर परिवार पालता है। उसके पुत्र जीतू सिंह का उसकी पत्नी से विवाद चल रहा है। न्यायालय की तिथि 8 जून को हाजिरी में देरी से एनबीडब्ल्यू का वारंट जारी हुआ था। जिसका तामीला कराने थाना फफूंद का हल्का दरोगा संजीव यादव और राजेंद्र सोनकर दो अज्ञात सिपाहियों के साथ 16 जून की शाम गांव आए। आरोप लगाया कि बाजार में सब्जी की दुकान पर आकर गालियां देते हुए मारने लगे। पीड़ित ने न्याय न मिलने पर जीवनलीला समाप्त करने की बात की है।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजन फरार

**संवाददाता अछल्दा,औरैया**

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी दामाद ने ससुरालियों को दी। मृतक महिला के मायके वालों का रो रो कर बुरा हाल है।मौके पर पहुंचे सीओ, थाना प्रभारी फॉरेंसिक टीम ने शव को नीचे उतरवाया।



घटनास्थल पर जांच करते सीओ अशोक कुमार। अमृत विचार

- पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर की जांच-पड़ताल टीम ने जुटाए साक्ष्य

थाना क्षेत्र के पुराना अछल्दा निवासी सुमन देवी पत्नी संगीत कुमार (21) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति संगीत कुमार ने अपने ससुर रामौतार को घटना की जानकारी दी। मायके पक्ष के लोग पुराना अछल्दा स्थित अपनी बेटी के घर पहुंचे। मृतक के पिता रामौतार ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे बेटी से फोन पर बात की थी। दोपहर करीब 2 बजे हमने जब बेटी से बात करने के लिये फोन किया तो देवर ने फोन उठाया और बताया कि मैं बाजार में हूं। घर जाकर बात करवा दूंगा उसके बाद शाम 4 बजे दामाद ने फोन कर बताया कि तुम्हारी बेटी ने फांसी लगा ली।

मृतका के पिता ने बताया कि अभी गांव पुर्वा सती में शादी थी तब वह अपने मायके गई हुई थी, वहां से वह एक दिन बाद वापस आ गई थी। मृतक के देवर की पत्नी करिश्मा ने बताया कि जब हम अपने मायके से घर पहुंचे तो घर का दरवाजा बंद था। तब पड़ोस के घर की दीवार के सहारे से चढ़कर मकान में घुसे तो देखा तो बड़े भाई की पत्नी का शव लटका हुआ था। तब शोर मचाया जिससे आस पड़ोस के लोग भी आ गए तथा पुलिस को सूचना दी।

घटना की जानकारी होते ही सीओ अशोक कुमार थाना प्रभारी विनेश कुमार मौके पर पहुंच गए। सूचना पर आई फॉरेंसिक टीम ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक महिला की 3 वर्ष पहले 2021 में शादी हुई थी। मृतक की मां मीरा देवी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक महिला के पति सहित अन्य भाई घटना के बाद से फरार हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक की मौत, अनहोनी की जताई आशंका

**संवाददाता अजीतमल, औरैया**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोहानी खुर्द निवासी कुंवर सिंह (39) पुत्र मोहन सिंह की हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी अजीतमल लाए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि कल मृतक अपनी खेती किसी को बेचकर आया था, लेकिन वह घर पर कुछ भी पैसे नहीं लाया। घर आने पर पत्नी को बताया कि सीने में दर्द है। इसके बाद अचानक हालत बिगड़ गई। मृतक की बहन ने आरोप लगाया कि भाई के साथ कुछ गलत हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोहानी खुर्द का मामला

पीड़ित परिजनों ने उच्च अधिकारियों से मृतक की खेती वापस कर उसको और उसके बच्चों का भरण पोषण के लिए मदद की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह 11 बजे अजीतमल तहसील में खेत बेचने गए थे। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।तहरीर प्राप्त होते ही कार्रवाई की जाएगी।



ग्रामीणों को जागरूक करते निरीक्षक शशि भूषण मिश्रा। अमृत विचार

### बाढ़ से बचाव के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**औरैया।** एसपी चारु निगम के निर्देशन में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे बाढ़ जागरुकता अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 द्वारा पीआरवी वाहन में लगे पीए सिस्टम के माध्यम से ग्राम आस्ता में जाकर लोगों को जागरूक किया गया। यमुना पुल के आसपास घूम रहे लोगों को नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी के आसपास न जाने के लिए जागरुक किया गया।

## सार-संक्षेप

### स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता, रिपोर्ट

**अयाना,औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसकी बेटी क्षेत्र के सरकारी विद्यालय की छात्रा है। 13 जुलाई को वह साइकिल से स्कूल पढ़ने के लिए निकली थी मगर स्कूल नहीं पहुंची। तलाश करने पर पता चला कि बेटी अयाना स्थित एक पंचर की दुकान पर साइकिल रख कर कहीं चली गई है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही छात्रा को बरामद किया जाएगा।

### ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान

**कंचौसी।** विद्युत विभाग की ओर से ग्रामीण तथा नगर क्षेत्र में शेड्यूल के अतिरिक्त विद्युत कटौती कई घंटे तक की जा रही है। जिसकी कोई भी सूचना विद्युत उपभोक्ताओं को पूर्व में नहीं दी जाती है। उमस भरी गर्मी में कटौती ने लोगों को परेशान कर रखा है। जेई सतीश जायसवाल ने बताया सुचारू रूप से बिजली चलाने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है।

**प्रतिभा को बढ़ावा** | आइडिया चयनित होने पर विद्यार्थी के खाते में भेजे जाएंगे 10 हजार रुपये

# विद्यालयों में लगाएं आइडिया बॉक्स, 5 बच्चों का हो पंजीकरण

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं में रचनात्मक एवं नवाचारी सोच विकसित करने के उद्देश्य से जारी इंस्पायर अवार्ड (मानक) योजना में नामांकन कराए जाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश कुमार ने नवोदय विद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालय के अतिरिक्त जनपद के सभी राजकीय, अशासकीय एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों, सीबीएसई बोर्ड के प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी किए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों सहित एसआरजी और एआरपी (विज्ञान) को निर्देश दिए हैं कि अपने स्तर से प्रत्येक विद्यालय से पांच बच्चों का ऑनलाइन नामांकन अनिवार्य रूप से कराएं। आदेश में जनपद के प्रत्येक सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल एवं परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए आइडिया बॉक्स लगवाए जाएं, जिसमें छात्र-छात्राएं अपने आइडिया को लिखकर बॉक्स में डाल सकें और फिर शिक्षकों की टीम उनमें से 05 सर्वश्रेष्ठ विचारों को ऑनलाइन वेब पोर्टल से अथवा इंस्पायर मानक एप के माध्यम से नामांकित कराएं।

नामांकन में किसी प्रकार की असुविधा के लिए जिला नोडल अधिकारी रामेंद्र सिंह कुशवाहा (प्रवक्ता भौतिक विज्ञान) स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज सहार से संपर्क करने को भी कहा गया है। बता दें कि छात्र-छात्राओं के लिए यह लाभकारी योजना है। इसमें बच्चों का आइडिया चयनित होने पर उसके खाते में भारत सरकार द्वारा एक मुस्त 10 हजार रुपये मिलते हैं। इन रुपयों से फिर वह अपना मॉडल तैयार करता है और फिर उसका मंडल, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुतीकरण देता है। जहां से चयनित होने पर उसे राष्ट्रपति भवन में आयोजित प्रदर्शनी में प्रतिभाग का अवसर मिलता है। तत्पश्चात विदेश जाने का मौका मिलता है। उसके मॉडल का उत्पाद रूप में निर्माण हेतु भारत सरकार मदद करता है। इतनी बेहतरीन योजना के लिए औरैया जनपद से न्यूनतम 2700 पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है।




शिक्षकों के साथ आइडिया बॉक्स लिए खड़े छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

> वर्ष 2023 में बेसिक व माध्यमिक से कुल 1021 नामांकन हुए थे जिनमें से 35 बच्चों के आइडिया मंडल स्तर पर प्रस्तुतीकरण हेतु चयनित हुए हैं। इस वर्ष भी हम शिक्षकों की मेहनत से निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे।
> **-रामेन्द्र सिंह कुशवाहा जिला नोडल, इंस्पायर।**

> प्रत्येक विद्यालय को कक्षा 6 से 10 तक में पढ़ने वाले कुल पांच छात्र-छात्राओं के नवोन्मेषी विचारों का नामांकन कराना अनिवार्य है।
> **बृजेश कुमार डीआईओएस औरैया**

> प्रत्येक विद्यालय में आइडिया बॉक्स लगवाए जाएंगे जिससे बच्चे बेझिझक अपने विचारों को एक सादे कागज पर लिखकर उसमें डाल सकें।
> **संजीव कुमार बीएसए औरैया**

## इंजीनियरिंग में कॅरियर बनाने की सुविधा

**इटावा।** जिले के छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा लेने के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं है। कम फीस में प्रवेश लेकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने की सुविधा जनपद का एक मात्र कृषि इंजीनियरिंग महाविद्यालय अपने छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप के साथ प्रदान कर रहा है।
कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. शर्मा ने बताया कि यूपी कैटेट के माध्यम से परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राएं अब बीटेक, एमटेक कोर्स में चंद्र शेखर आजाद कृषि विश्विद्यालय कानपुर से संबद्ध डॉ. भीम राव आंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में ऑनलाइन काउंसलिंग में सीएसए कानपुर का चयन कर इस कॉलेज में चल रहे कोर्स में प्रवेश ले सकते है। यूपी कैटेट का रिजल्ट आ चुका है। प्रवेश के लिए प्रथम काउंसलिंग का रजिस्ट्रेशन 21 से 23 जुलाई तक होगा।

# क्षेत्र के चोखिया बाबा के नाम से बसा है गांव चौकी

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

- गुरु पूर्णिमा पर हर वर्ष होता है विशाल मेले का आयोजन

**अमृत विचार।** अजीतमल ब्लाक की ग्राम पंचायत चौकी में प्रचीन समय से मेला लगता है। जहां दूर-दूर से दुकानदार आते हैं। महंत कमलेश शुक्ला बताते हैं कि यहां गांव के ही एक सिद्व बाबा थे जिनको लोग चोखिया बाबा के नाम से जानते थे। उनकी भक्ति की चर्चा इलाके के आसपास गांव में फ़ैल गई।



महंत कमलेश शुक्ला।

आसपास गांव के लोग उनसे समस्या का समाधान कराने व धर्म चर्चा के लिए उनकी कुटिया में आने जाने लगे थे। उन्ही के नाम से गांव वालों ने गांव का नाम चौकी रख दिया। 72 वर्षीय श्याम सिंह त्रिपाठी ने बताया कि यह मेला काफी पुराना है। वह अपने बुजुर्गो के साथ मेला देखने जाया करते थे। युवा समाज सेवी चन्दन त्रिपाठी ने बताया कि रोशनपुर, गुदरी, महमूदपुर, कटघरा, नवादा, करमपुर, फतेहपुर अयाना, जसवन्तपुर, कस्बा जाना, मुरादगंज, सिहोली सहित बीहड़ के कई गांव के लोग गुरु पूणिर्मा के अवसर पर लोग मेला देखने आते हैं, और चोखिया बाबा की मठिया पर प्रसाद चढ़ाकर मन्नत पूरी करते हैं। श्री त्रिपाठी बताते हैं कि इस मेले की जलेबी बहुत प्रसिद्ध है। यहाँ से दर्शक जलेवी का स्वाद तो लेते ही है साथ ही घर पर भी लेकर जाते है। मेले में जगह जगह मिठाई की दुकानें सजती है।

आक्रुश्यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षतः।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।


## संपादकीय

# मंडराते संकट

पृथ्वी पर मंडराते संकटों जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण व कचरा के गहराने की गति तेज हो रही है। प्राकृतिक जगत का मानव गतिविधियों के कारण क्षरण हो रहा है, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) जैसी टेक्नोलॉजी को त्वरित ढंग से इस्तेमाल में लाया जा रहा है, प्राकृतिक संसाधनों के लिए स्पर्धा बढ़ रही है, विषमताएं चौड़ी होती जा रही हैं और संस्थाओं से भरोसा कम हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आईएससी) की ओर से जारी रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ये चुनौतियां, एक ऐसे बहुसंकट का निर्माण कर रही हैं जो वैश्विक संकटों को और गहन बना रहा है, जिसके मानवता और पृथ्वी के लिए विशाल दुष्परिणाम हो सकते हैं। भारत उन नौ देशों में से एक है जहां पिछले दो वर्षों में अत्यधिक तापमान और जलवायु संबंधी आपदाओं की प्रवृत्ति ने बड़े पैमाने पर, लंबे समय तक और बार-बार होने वाले विस्थापन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अन्य देशों में पाकिस्तान, फिलीपींस, सोमालिया, चीन, बांग्लादेश, ब्राज़ील, कोलंबिया और केन्या शामिल हैं। संघर्षों और हिंसा के अलावा, जलवायु परिवर्तन लोगों के जबरन विस्थापन का सबसे प्रमुख कारण रहा है, जिनके घर जलवायु-जनित चरम स्थितियों जैसे कि जंगल की आग, बाढ़, खराब वायु गुणवत्ता, असहनीय गर्मी और/या लंबे समय तक संघर्ष के परिणामस्वरूप मानव निवास के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हर 69 लोगों में से एक या दुनिया की 1.5 प्रतिशत आबादी अब जबरन विस्थापित है, जो एक दशक पहले विस्थापित हुए लोगों की संख्या से लगभग दोगुनी है।

यूएनईपी एक अग्रणी वैश्विक पर्यावरण प्राधिकरण है, जो वैश्विक पर्यावरण एजेंडा निर्धारित करता है, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सतत विकास के पर्यावरणीय आयाम के सुसंगत कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है तथा वैश्विक पर्यावरण के लिए एक आधिकारिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करता है। इसका मिशन, भविष्य की पीढ़ियों के जीवन स्तर से समझौता किए बिना, राष्ट्रों और लोगों को उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रेरित, सूचित और सक्षम बनाकर पर्यावरण की देखभाल में नेतृत्व प्रदान करना और साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। बदलाव के संकेतकों की निगरानी और अग्रदृष्टि तौर-तरीकों के इस्तेमाल के जरिये, दुनिया अतीत की गलतियों को दोहराने से बच सकती है। साथ ही, ऐसे समाधानों पर ध्यान केन्द्रित किया जा सकता है, जिनसे भावी व्यवधानों का पुख्ता ढंग से सामना किया जा सके। बेहतर समाधानों व उपकरणों को साथ लेकर चलना, भावी व्यवधानों को समझने और उनसे निपटने की तैयारी करने का सर्वोत्तम तरीक़ा है। ऐसे में एक रणनीतिक दूरदर्शी ढांचा स्थापित करने और भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# तब शाहबानो अब समद


राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है।

बेशक मुद्दा वही है, लेकिन हालात बदले हुए हैं। 1985 में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ते का हकदार माने जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ सड़कों से सदन तक जबरदस्त लड़ाई लड़ी थी। तब बोर्ड सरकार को झुकाने में कामयाब हो गया था।

इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट के अब्दुल समद मामले के हाल के फैसले ने बोर्ड और मुस्लिम संगठनों को फिर उत्तेजित कर दिया है, लेकिन फैसले से असंतुष्ट होने के बाद भी बोर्ड सधे कदमों के साथ आगे बढ़ रहा है और कानूनी रास्तों पर जोर दे रहा है। बोर्ड ने इसे शरिया कानून से टकराव बताए जाने के साथ ही संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का विरोधी बताया, लेकिन मसले को अपने संगठन की कानूनी समिति को सौंपने का फैसला किया। समिति कानूनी, संवैधानिक और लोकतांत्रिक विकल्प सुझाएगी। उत्तराखंड सरकार द्वारा लाई जा रही समान नागरिक संहिता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला हुआ। असलियत में मुस्लिम लॉ पर्सनल बोर्ड तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ते के सवाल पर लगभग चार दशक पुराने शाहबानो मामले में लिए स्टैंड पर कायम है, लेकिन फिलहाल उस और इस बार की लड़ाई की तैयारी में बड़ा फर्क नजर आ रहा है। क्यों? तब कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार थी। अब नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए की सरकार का सामना है।

23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था। इस लड़ाई में राजीव सरकार बैकफुट पर आ गई थी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। 1986 में मुस्लिम महिलाओं के लिए विशेष कानून बनाया गया। लगभग चार दशक के अंतराल पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर ऐसे ही एक मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का हकदार माना है। इस अदालती फैसले पर मुस्लिम संगठनों की खिलाफ प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। तय है कि उनकी गूंज अदालतों के बाहर भी सुनाई देगी। संसद में उनके हक में कौन से दल खड़े होंगे? जल्दी ही बजट सत्र में इसकी झलक दिख सकती है। मुद्दा भले एक हो, लेकिन शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जब दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला को गुजारे भत्ते का हकदार माना था तो उनके लिए कोई पृथक कानून वजूद में नहीं था। राजीव सरकार ने इस फैसले को मुस्लिम महिला (तलाक संबंधी अधिकारों के संरक्षण) अधिनियम 1986 के जरिए निष्प्रभावी कर दिया था। अब्दुल समद (तेलांगना) के ताजा मामले में धारा 125 के तहत मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाए जाने का हकदार मानते समय सुप्रीम कोर्ट के सामने 1986 का वह भी कानून था, जिसे शाहबानो मामले को पलटने के लिए तत्कालीन सरकार ने बनाया था। बावजूद इसके कोर्ट ने इस कानून के कारण समद मामले को धारा 125 के दायरे से बाहर होने की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने फैसला दिया है कि अन्य कानून दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत किसी भी धर्म की तलाकशुदा महिला के अधिकारों को प्रभावित नहीं कर सकते।

> 23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था।

पहली नजर में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला एक तलाकशुदा जोड़े अब्दुल समद और उसकी पत्नी के बीच की कानूनी लड़ाई के निपटारे तक सीमित है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड या अन्य मुस्लिम संगठनों का नजरिया इसे लेकर जुदा है। वे इसे मुस्लिम पर्सनल लॉ में सीधा हस्तक्षेप मानते हैं। वे इसके दूरगामी प्रभावों को लेकर फिक्रमंद हैं। स्वाभाविक है कि वे चाहेंगे कि यह पलटा जाए। ऐसे ही हालात शाहबानो मामले में पैदा हुए थे। तब मुस्लिम संगठनों ने इसकी लड़ाई अदालत की जगह सड़कों और सदन में लड़ी थी। राजीव गांधी सरकार को झुकाकर कामयाबी भी हासिल की थी। हालांकि इस लड़ाई में उनकी जीत ने देश के माहौल पर बुरा असर डाला था। बहुसंख्यकों के बीच विपरीत प्रतिक्रिया के डर से डैमेज कंट्रोल में राजीव सरकार ने अयोध्या में मंदिर का ताला खोला था। ये कोशिश भी कांग्रेस के काम नहीं आई थी। आने वाले दिनों में कांग्रेस ने इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकाई।

तब क्या हुआ था? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तीन महीने बाद मुस्लिम लीग के सदस्य जी.एम.बनातवाला ने लोकसभा में एक निजी बिल पेश कर मुस्लिमों को धारा 125 के दायरे से बाहर रखने की मांग की। राजीव गांधी की पहल पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने इसका जोरदार विरोध किया। उन्होंने इस्लामिक मामलों के अधिकारी विद्वान और आजादी की लड़ाई की अगली कतार के नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद के औरतों से जुड़े अधिकारों से जुड़े विचारों के हवाले से बिल का कड़ा विरोध किया था। संसद में यह बिल गिर गया, लेकिन अदालती फैसले के खिलाफ मुस्लिम संगठनों सड़कों पर विरोध तीव्र होता गया। 1984 में राजीव गांधी ने लोकसभा की 403 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की थी, लेकिन 1985 के अंत तक उत्तर भारत में उपचुनावों में पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा था। इसे शाहबानो मामले का इफेक्ट माना गया। दबाव बढ़ने पर राजीव गांधी का रुख बदला और मुस्लिमों से जुड़े मामलों में उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान को दरकिनार कर जेड.ए.अंसारी को तरजीह देनी शुरू कर दी।

आरिफ खान और अंसारी की पार्टी भले एक रही हो, लेकिन शाहबानो मामले में दोनों का स्टैंड दो किनारों पर था। अंसारी ने लोकसभा में अपने तीन घंटे के भाषण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सिर्फ पूर्वाग्रह ग्रस्त, भेदभावपूर्ण और विरोधाभासी ही नहीं बताया था, बल्कि न्यायधीशों को इस्लामी कानूनों की व्याख्या के नजरिए से "बहुत छोटा इंसान" कहते हुए खारिज किया था। फरवरी 1986 में सरकार ने संसद में मुस्लिम महिला बिल पेश किया, जिसके द्वारा पूर्व पति को सिर्फ इद्दत अवधि (तीन महीने) के लिए गुजारा भत्ता देने का जिम्मेदार माना गया। इस बिल को पारित कराने के लिए कांग्रेस ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया था। खिन्न आरिफ मोहम्मद खान ने कांग्रेस छोड़ दी थी।

मुस्लिम पर्सनल बोर्ड एक बार फिर शाहबानो मामले जैसी चुनौती से रूबरू है। हालांकि अब्दुल समद मामले में भी उसका स्टैंड पुराना है अर्थात् सुप्रीम अदालत के इस फैसले को भी वह मुस्लिम पर्सनल लॉ में दखल मानता है, लेकिन 1985 और 2024 के राजनीतिक हालात में बुनियादी फर्क है। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जिसे मुस्लिम वोटरों के समर्थन की हमेशा फिक्र थी। 2024 में नरेंद्र मोदी मुस्लिम वोटरों के प्रायः एक मुश्त विरोध के बीच तीसरी बार सत्ता में हैं। उनकी सरकार तीन तलाक को रद्द कर चुकी है। पिछले कार्यकाल में वे तेजी से समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहे थे। यद्यपि इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने और सहयोगियों के सहारे होने के कारण मुमकिन है कि ऐसे सवालों पर वे उतनी तेजी न दिखाएं, लेकिन अपनी विचारधारा के अनुकूल किसी अदालती फैसले के खिलाफ उनके जाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। फिर भी पर्सनल बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठन चाहेंगे कि संसद में यह मुद्दा जोरशोर से उठे।

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है। क्या पार्टी इस मसले पर सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ राजीव गांधी के दौर के रुख की जुगलबंदी करना चाहेगी? उत्तर प्रदेश में सपा, बिहार में राजद तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मुस्लिम वोटरों का जबरदस्त समर्थन मिलता रहा है। दिलचस्प है कि ये दल अब अपने प्रभाव क्षेत्र में मुस्लिम मतों के साथ ही हिंदू मतों को लेकर भी सजग और संवेदनशील हो चुके हैं। आगे वे क्या स्टैंड लेते हैं, इस पर सबकी नजर रहेगी। बेशक फैसला अदालत का है, लेकिन उसका असर देश की राजनीति पर दिखना तय है।

## प्रसंगवश

# सच्चा रास्ता मत छोड़ना


हफीज किदवई
लेखक

वह दिन, जब सुनसान रेगिस्तान में, तपती रेत में, दुनिया के बहुत बड़े लावलश्कर के जुल्मी ने सोचा था। एक शख्स और उनके अपनों का खून को यहां बहाकर किस्सा खत्म कर देंगे। वह लहू, आम लहू नहीं था, जुल्म के खिलाफ एक दास्तान था। यह सच है कि उस रोज वह खून बह गया। तपती रेत ने उसे अपनी नसों में पैबस्त कर लिया और फिर रेत तो रेत थी। जहां-जहां पहुंच सकती थी, उस मैदान की दास्तान की वह जुल्म भरी दास्तान खोलती चली गई और सारे आलम ने जान लिया कि एक थी 'कर्बला'।

कर्बला के मैदान में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे, मौला हजरत अली की औलाद और हर जमाने की ईमाम हजरत हुसैन का लहू मुबारक उस कर्बला की रेत में जज्ब हो गया। धीरे-धीरे वह हर उस दिल में अपनी दस्तक देने लगा, जो जुल्म के खिलाफ था। यह वह लहू था, जिसने कर्बला की जमीन को चूमा और हर उस तरफ बिखर गया, जिधर-जिधर हजरत हुसैन का रास्ता था। यह लहू जमाने की ऐसी तारीख बनकर जिंदा हुआ कि हर दौर उससे रोशनी पाने लगा। कर्बला ने जो अपनी आंखों से देखा, वह इस माटी के बर हिस्से में वैसे ही दर्ज हो गया। जैसे वह उसके सामने हुआ हो। कर्बला ने वह राज जमाने को दे दिया। शहादत के मर्तबे को बुलंद कर दिया और जमाने को बता दिया, जुल्म के खिलाफ जो मौत मिलती है, वह किसी भी जिंदगी से बहुत बेहतर है। दसवीं मोहर्रम है। गम है। तकलीफ है। दर्द है। तड़प है मगर मायूसी नहीं है।

कर्बला ने हमें बताया कि झुकना नहीं और उसकी जात से मायूस मत होना। सर भले तन से उतर जाए, सही और सच्चा रास्ता मत छोड़ना। जुल्मी कितना ही ताकतवर, सितमगर हो, झुकना नहीं। कर्बला के किस्से आज भी जिंदा हैं। कर्बला हमारा सबक है। हमारा रास्ता है। हमारा इम्तेहान है। हमारा गुरूर है, क्योंकि इसमें हमारी तारीख की सबसे जानदार नजीर दर्ज है। मोहर्रम और कर्बला हमारे दिलों को जुल्म के खिलाफ मजबूत करे और कमजोर के साथ खड़े होने की ताकत, हिम्मत दे...

# जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

स्वतंत्रता से पूर्व कराची में कांग्रेस के अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत में कार्यरत निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना पहली प्राथमिकता होगी, जिसके पीछे भारतीय राजनीतिज्ञों की सोच थी कि भारत की जनता जो थोड़ी बहुत पूंजी धीरे-धीरे जोड़ती है उसका उपयोग देश के विकास में हो सके और गरीब जनता को प्राइवेट बैंकों/साहूकारों के चंगुल से बचाया जा सके।

बैंकों की सुविधा दूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच सके और यह कार्य केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ही संभव था। स्वतंत्रता के बाद नेहरू जी ने सामाजिक विकास का मॉडल देश के सामने रखा, जिसमें राष्ट्रीय बैंकों की परिकल्पना की गई, किंतु बैंकों को राष्ट्रीयकृत करने की औपचारिक घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की। राष्ट्रीयकरण घोषित होते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में दो फाड़ हो गए। राष्ट्रपति के अध्यादेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। तत्कालीन भारतीय जनसंघ के बलराज मधोक सहित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स और अन्य राजनीतिज्ञों ने सर्वोच्च न्यायालय में रिट पिटीशन दिया कि इस अध्यादेश को तत्काल निरस्त किया जाए। इसके विपरीत ए.के. गोपालन (सांसद) और सुशीला गोपालन बुंबई ट्रेड यूनियन लीडर ने 22 जुलाई 69 को अध्यादेश के समर्थन में पिटीशन दायर की। अध्यादेश के विरोध में रिट पिटीशन आने से संपूर्ण देश के कर्मचारी उद्वेलित और आंदोलित हो गए।

इन 14 बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पूर्व इनके संचालन निजी पूंजीपतियों के घरानों के हाथ में था। यहां सेंट्रल बैंक-टाटा घराने, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक-बिड़ला घराने, पंजाब नेशनल बैंक-डालमिया एवं जैन घराने एवं कुछ गुजराती बड़े घराने देना बैंक का संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर मतभेद होते हुए भी तमाम वर्किंग क्लास ने कांग्रेस के इस कदम को विशेषकर इंदिरा जी के इस कदम को सराहा। यही नहीं इसके फलस्वरूप अगले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी सफलता भी हासिल हुई और श्रीमती इंदिरा गांधी पूर्ण बहुमत हासिल कर पुनः सत्तासीन हुई। तत्पश्चात 15 अप्रैल 1980 को 6 और बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।

> सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए।

1969 से 1985 का दौर सामाजिक बैंकिंग का स्वर्ण युग रहा। इस काल में हर वर्ग के छोटे से छोटे तबके तक बैंकिंग पहुंची। इस दौर में कृषि, ग्रामीण उद्योग, बेरोजगारी दूर करने के लिए महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सुविधाएं प्रदान करने को बैंक आगे आए, यही वह दौर था जब देश में जीडीपी वास्तव में 8 प्रतिशत के समीप रही और हरित क्रांति, दुग्ध क्रांति संभव हो सकी। इसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल का दौर रहा। 1988 की बाढ़ में देश की अर्थव्यवस्था चौपट रही। 1991 की कांग्रेस सरकार की मनमोहनी नई आर्थिक नीतियों ने इसे काफी चोट पहुंचाई और अब यह सरकार पूरी तरह देशी और विदेशी पूंजीपतियों के आगे घुटने टेक चुकी है। विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंकों ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। अगर वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंको को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है। विगत वर्षों में कुछ बैंकों के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अच्छा लाभ कमाकर दिया है तो इस बार 55 वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों की मांग है कि जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमा राशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए। ये देश के हित में आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्यवश, सरकार बैंकों का निजीकरण करना चाहती हैं और हो सकता है इस संबंध में बजट सत्र में कोई प्रयास सरकार की तरफ से हो, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंको में सरकार की अंश धारिता को 51 प्रतिशत से कम किए जाने का प्रयास किया जाए। बैंकों के निजीकरण को विफल करने के लिए एकजुटता अभियान को तीव्र करना होगा।

## सोशल फोरम

# धर्म और ईश्वर


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

आज से करीब दस बारह हजार साल पहले घुमंतु मानव समाज पालतू होने लगा। गेहूं संग्रह ने उसे विशेष रूप से पालतू बनाया। वह एक जगह रहने लगा, उसने समाजोपयोगी नियम, मर्यादाएं, पाबंदियां विकसित की और उपयोगिता के आधार पर उनकी स्वीकृतियां ही तो तो सनातन है।

वस्तुतः एक जीवनशैली विकसित हुई, जो समाज द्वारा स्वतः चुना गया अनुशासन था। यही उनका धर्म था। धर्म क्या है? धर्म का शाब्दिक अर्थ होता है, 'धारण करने योग्य', अर्थात् जिसे सबको धारण करना चाहिए। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि नैतिक मूल्यों का आचरण ही धर्म है। धर्म से हमारी चेतना का शुद्धिकरण होता है। अपने-अपने कर्तव्य का निःस्वार्थ भाव से पालन करना 'स्वधर्म' और साथ ही मानवता को मनुष्य का सच्चा धर्म कहा जा सकता है। ईसा ने जैसे ईसाइयत को और हजरत मुहम्मद ने जैसे इस्लाम को जन्म दिया, हिंदू धर्म की रचना उस तरह किसी पुरुष द्वारा नहीं की गई। हिंदू धर्म अनेक विश्वासों का समुदाय है। जिस प्रकार भारतीय समाज की रचना उन अनेक जातियों से हुई, जो समय-समय पर इस देश में आती रहीं, उसी प्रकार हिन्दुत्व भी इन विभिन्न जातियों के धार्मिक विश्वासों के योग से आगे बढ़ता रहा। जब 1800 ईपू. के आसपास आर्य यहां आए, उसके पहले ही सिंधु घाटी जैसी विकसित सभ्यता यहां हो चुकी थी। आर्यों और द्रविड़ों की सभ्यताओं का संघर्ष और बाद में समन्वय एक ऐतिहासिक सत्य है। महाभारत और पुराणों के अध्ययन से आर्यों और नागों के क्रांतिकर संघर्ष का पता चलता है। आगे चलकर इन नागों की अनेक रीति-नीतियां आर्य-विश्वास का अंग बन गईं। सिंदूर नाग-चूर्ण है। आर्य स्त्रियों ने इसे नागजाति की आचार पद्धति से ग्रहण किया था, परंतु आज वह हिंदू-विवाह का अविच्छेद्य अंग हो गया है। भारत की अन्य जातियों ने आर्यों की जाति प्रथा को स्वीकार कर लिया, यह हमारे देश में संस्कृति-समन्वय की ओर पहला कदम था। इससे इतना हुआ कि आर्य, द्रविड़, औष्ट्रिक और नीग्रो तथा सभी मंगोल खानदानों के लोग एक समाज के सदस्य हो गए, जिसका नाम आगे चलकर हिंदू समाज पड़ा। **-फेसबुक वॉल से**

# डिजिटल अरेस्ट


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

डिजिटल अरेस्ट न तो कोई लीगल टर्म है और न ही कोई प्रशासनिक व्यवस्था। दरअसल यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला वह तरीका है, जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति को फोन काल पर डरा धमकाकर उसे उसके घर-परिवार के लोगों से अलग कर एक बंद कमरे में रहने को विवश किया जाता है और किसी भी व्यक्ति से संपर्क न करने को कहा जाता है। इसके द्वारा पीड़ित व्यक्ति को किसी जांच अथवा किसी बड़े मामले में फंसा दिखा करके उससे लगातार वार्ता की जाती है और क्रमशः उसके बैंक अकाउंट, बचत आदि के डिटेल्स पूछकर उसका पैसा अन्य अकाउंट में ट्रांसफर करा लिया जाता है।

यह एक प्रकार से ठगी व ब्लैकमेलिंग का घातक मिश्रण है। इस प्रकार की साइबर ठगी की अनेक विधाएं हैं, लेकिन पिछले दिनों जो प्रकाश में आया है, उनमें सबसे उल्लेखनीय विधा यह है कि ईडी/ सीबीआई ऑफिसर बनकर फोन पर कॉल करके यह कहा जाता है कि संबंधित व्यक्ति का नाम किसी मनी लांड्रिंग केस में आ गया है और सही जांच के लिए तथा पीड़ित व्यक्ति को मुसीबत से बचाने के लिए कुछ तथ्यों का सत्यापन करना आवश्यक है। ईडी, सीबीआई और मनीलांड्रिंग का नाम सुनते ही माहौल के अनुसार संबंधित व्यक्ति को ऐसा लगता है, मानो उसे कोरोना डायग्नोज हो गया है। वह घबराहट में अपने बचने के लिए इन साइबर ठगों को अपना हितैषी समझकर उनके निर्देशों का पालन करता जाता है और उनके मायाजाल में फंसकर बैंक डिटेल्स आदि दे देता है और साइबर ठग संबंधित धनराशि को अपने सुविधाजनक खातों मे ट्रांसफर करते जाते हैं। पीड़ित व्यक्ति को किसी एकांत कमरे में पहुंचकर, कमरा बंदकर बात करने को कहा जाता है और यह भी कहा जाता है कि इस अवधि में वह किसी से संपर्क न करें, क्योंकि वह जिससे भी संपर्क करेगा उसका नाम भी मनी लॉन्ड्रिंग अथवा सीबीआई जांच में जुड़ जाएगा। लगभग 15 दिनों पूर्व चितरंजन पार्क, नई दिल्ली में रहने वाली एक संभ्रांत महिला इन साइबर ठगों के कुचक्र का शिकार हुई और लगभग चौबीस घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में रही। इस अवधि में ठगों ने उससे पूछताछ करके उसके विभिन्न खातों में मौजूद लगभग चौरासी लाख रुपए हड़प लिए। उस महिला ने बाद में न्यूज चैनल को दिए गए इंटरव्यू में बताया कि वह एक प्रकार से सम्मोहन का शिकार हो गई थी और उनके कहे के अनुसार उनके निर्देशों का पालन करती रही। विगत दिनों लखनऊ के सुविख्यात कवि नरेश सक्सेना को भी ठगों ने सीबीआई जांच का बहाना बनाकर अपने जाल मे फंसा लिया था। वे लगभग डेढ़-दो घंटे से बंद कमरे में किसी से फोन पर बात कर रहे थे। उनकी पुत्रवधू को संदेह हुआ और उन्होंने फ्राड काल लिखकर सक्सेना साहब को दिखाया और कमरा खुलवाकर फोन काल को डिस्कनेक्ट किया। यहां भी ठगों ने मनी लांड्रिग की जांच के ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया था। ठगों ने उनसे भी बैंक खाते का विवरण मांगा था। बातचीत में यह पता चलने पर कि सक्सेना जी कवि हैं, ठगों ने उन्हें मीर और फैज की गजल सुनाने को भी कहा था। अपनी पुत्रवधू के सामयिक हस्तक्षेप से वे सुरक्षित बच निकले।

सीबीआई व ईडी आदि एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी न होने के कारण लोग घबराहट में ऐसे शातिर ठगों के जाल में फंस जाते हैं। निश्चित रुप से कोई भी जांच एजेंसी इस प्रकार अचानक फोन काल करके न तो विवेचना करती है और न ही कोई जानकारी मांगती है। इस प्रकार की जानकारी फोन पर देने की कोई कानूनी बाध्यता भी नहीं है। मुझे यह निश्चित जानकारी नहीं है कि इन एजेंसियों ने पब्लिक के संपर्क हेतु कोई टोल फ्री नंबर जारी कर रखा है। अगर ऐसा नहीं है तो इस समस्या को देखते हुए इन एजेंसियों द्वारा टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराना व उसका व्यापक प्रचार-प्रसार जनहित में होगा। आवश्यकता पड़ने पर लोग उनसे जरूरी सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

# अर्जुन की ससुराल उपेक्षित क्यों


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में धर्म-कर्म वालों की सरकार है। भगवानों और प्राचीन धर्म ग्रंथों को खूब मानते हैं और उनके सहारे वोट लेते हैं। ऐसा होते हुए भी महाभारत के नायक और श्रीकृष्ण के सखा अर्जुन की ससुराल मणिपुर की बड़ी अनदेखी हो रही है। उनकी पत्नी चित्रांगदा यहीं की थीं। तब इसको नागलोक कहते थे।

तैंतीस लाख आबादी वाला पूर्वोत्तर का यह राज्य अरसे से उबल रहा है। यहां वर्ग संघर्ष जारी है। हत्याएं हो रही हैं और अल्पसंख्यक जनजातीय कुकी समुदाय की नारियां सड़कों पर नग्न करके घुमाई जा रही हैं। वहां भाजपा का शासन है और मुख्यमंत्री बहुसंख्यक मैतेयी समुदाय के हैं। मैतेयी ही ज्यादतियां कर रहे हैं। हालांकि अब कुकीज भी सिर उठाने लगे हैं। केंद्र में तो भाजपा की सरकार लंबे है ही। राज्य सीमावर्ती है और इसकी सीमा म्यांमार से मिली है, जहां निर्वाचित सरकार की मुखिया सू ची सैनिक शासक द्वारा जेल में डाल दी गई हैं। सैन्य सत्ता चीन के प्रभाव में है। ऐसे में मणिपुर की समस्याओं की अनदेखी और वहां हिंसा और अभद्रता का तांडव सत्ता द्वारा तटस्थ भाव से देखते रहना घातक सिद्ध हो सकता है। कहीं ऐसा न हो कि देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ जाए।

यह समझ से परे है कि इतनी लंबी अवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां गए ही नहीं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी अभी कुछ दिन पहले मोदी को सलाह दी है कि वे मणिपुर जाएं और वहां की समस्याओं का समाधान निकालें। हालांकि भागवत जी ने ऐसा कहने में काफी देर लगाई, फिर भी अब तो पीएम को इस बिंदु पर सचेष्ट हो ही जाना चाहिए। "का बरषा जब कृषी सुखाने। समय चूक पुनि का पछिताने"। मनोरम प्राकृतिक छटा वाले, संसाधनों से भरपूर इस राज्य की उपेक्षा कब तक होगी?

# दिल्ली के केदार


राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार

चल सयाणी, काफल दाणी ऐंसु केदारनाथ/बड़ा-बड़ा ढंगार तखी, अर मल्यों की डार तखी / चल कल्याणी, रतनु की खाणी ऐंसु केदारनाथ। दिल्ली में श्री केदारनाथ के मंदिर और विग्रह की स्थापना को मैं देव पलायन के रूप में देखता हूं।

दिल्ली सत्ता, शोषण, संपत्ति और शक्ति संचय का एक केंद्र है। जिस तरह टिहरी में लाखों लोगों को डूबाकर वहां से गंगा का पानी अपने लॉन सींचने, कार धोने और टॉयलेट में बहाने के लिए दिल्ली ले गए, उसी तरह श्री केदार को भी दिल्ली ले जाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सभी राजाओं का एक ठिकाना दिल्ली में बनाया जाता था। वह किसी दूतावास की तरह था। उसी तरह दिल्ली दरबार में केदार बाबा की हाज़िरी क्यों न हो। जिस तरह देवदार, बांज, सेब और अखरोट के वृक्ष वास्ते सिर्फ भूमि नहीं, जलवायु भी चाहिए, उसी तरह देव विग्रहों को भी एक निश्चित वातावरण की दरकार होती है। अंग्रेजों ने जबरन दिल्ली में चीड़ के पौधे रोप दिए, जो संसद और नार्थ साउथ ब्लॉक की बगल में आज भी खड़े हैं, लेकिन वे बंध्या पेड़ हैं। उन पर न कभी फल आते हैं और न परागण होता है। दिल्ली के केदार भी ऐसे ही निस्तेज होंगे।

आखिर श्रीमद आद्य शंकराचार्य भी दुर्गम जगह की बजाय किसी सुविधाजनक स्थल पर केदारनाथ धाम क्यों नहीं बसाए होंगे? क्योंकि वह दिल्ली में केदार बसाने वाले वर्तमान धर्म ध्वजियों की भांति अमर्यादित और दंभी नहीं थे। दिल्ली की गर्मी, उमस, धूल, धुआं, शोर और आपधापी में श्री केदारनाथ जी कैसे रहेंगे? क्या वह वहां आरओ का छना मृत पानी पिएंगे? जाहिर है कि वह वहां नहीं जाएंगे। सिर्फ एक पाषाण विग्रह और सीमेंट कंक्रीट का भद्दा ढांचा होगा।

## एक नजर

### अंशू की मौत की जांच सीआईडी से कराने की मांग

मानिकपुर (चित्रकूट)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट की अगुवाई में युवक अंशू सिंह के परिजनों से मुलाकात की। न्याय दिलाने का भरोसा दिया। अमित ने कहा कि पुलिस हत्या के साक्ष्य मिटाकर दोषियों को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने मामले की सीबीसीआईडी जांच कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में चंद्रपाल पाल, सुशील सिंह, रामू यादव व जगदीश विश्वकर्मा शामिल रहे।

### अमृत भारत स्टेशन के कामों को गुणवत्तापूर्ण कराएंः जोशी

मानिकपुर (चित्रकूट)। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी ने बुधवार को प्रयागराज-मानिकपुर रेल खंड का मुआयना किया। उनके साथ मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बडोनी भी रहे। अधिकारियों ने अमृत भारत स्टेशन मानिकपुर में हो रहे विकास कार्यों को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। मुआयने के दौरान अधिकारियों ने रेल पथ, सिग्नल, ओएचई, प्लेटफॉर्म पर सफाई इत्यादि का चलती हुई गाड़ी से निरीक्षण किया। उन्होंने राइडिंग गुणवत्ता, ओएचई की स्थिति, मार्ग के लेवल क्रॉसिंग गेटों की स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण काम कराने के लिए निर्देशित किया।।

# यमुना नदी के तेज बहाव में गुम हो गईं ननद और भाभी

## शादी की रस्म के लिए रिश्तेदारों के साथ गई थीं मऊ घाट, एसडीआरएफ की टीम लगा रही पता, फिलहाल नाकाम

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

अमृत विचार। यमुना नदी में निर्माणाधीन मऊ-महिला पुल के नीचे नहा रहीं ननद-भाभी की डूबने से मौत हो गई। दोनों घर में हुई शादी के बाद बुधवार सुबह मायन सिराने (विसर्जन) की रस्म के लिए अन्य रिश्तेदारों के साथ मऊ घाट आई थीं। समाचार भेजे जाने तक राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम दोनों युवतियों का पता लगाने में जुटी थी।

कर्वी कोतवाली के गांव रगौली के रहने वाले कवलेश परिवार के साथ मऊ के अंबेडकरनगर निवासी बहनोई शिवमंगल के यहां लड़के की शादी में आए थे। मंगलवार को बारात लौटी थी। बुधवार की सुबह मायन सिराने की रस्म के लिए परिवार की महिलाएं और कुछ पुरुष यमुना घाट गए थे। परिजनों के अनुसार, कवलेश की बहू पुष्पा (22) पत्नी रामभरोष ननद किरण (16) और चचेरे देवर रामचरण (24) पुत्र दिनेश के साथ नदी में हंसी-ठिठोली कर रही थी। लगातार बारिश से यमुना का पानी उफान था। इससे अनजान तीनों लोग गहराई में चले गए और डूबने लगे। यह देखकर अन्य रिश्तेदार चिल्लाए पर तब तक पुष्पा और किरण तेज बहाव में गुम हो गईं। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय, कस्बा इंचार्ज इंद्रजीत गौतम फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक और अन्य अधिकारी भी पहुंच गए। एसडीआरएफ की टीम, गोताखोरों के साथ दोनों का पता लगाने में जुटी थी। समाचार भेजे जाने तक इनका पता नहीं चल सका था।


घाट पर बैठीं परिवार की शोकग्रस्त महिलाएं। अमृत विचार


थाना प्रभारी को जानकारी देता डूबने से बचा युवक रामचरण। अमृत विचार


मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार


जानकारी देतीं रामदुलारी और ननकी।


किरण


पुष्पा।

### युवक को नाविकों ने बचाया

लोगों की चीख-पुकार सुनकर पास ही में नाव खे रहा युवक नदी में कूद पड़ा। उसने रामचरण को बचाकर किनारे पहुंचाया। हालांकि ननद-भौजाई को गहराई में जाने से नहीं बचा सका।

### अचानक हुए हादसे से सब हो गए सन्न

ननद-भाभी के डूबने की खबर जिसने भी सुनी, नदी की ओर दौड़ चला। रिश्ते में किरण की बुआ रामदुलारी और ननकी ने रुंधे गले से बताया कि सभी लोग मायन विसर्जन के बाद नहा धो रहे थे कि पुष्पा, ननद किरण और देवर रामचरण के साथ हंसी मजाक करने लगी। एक दूसरे पर पानी की बौछार करते करते तीनों कब गहराई में चले गए, पता तक नहीं चला।

### हाल ही में हुआ था एक और हादसा

नदी में तेज बहाव का अंदाजा न लगा पाने से पहले भी दर्दनाक हादसे हो चुके हैं। कुछ दिनों पहले 21 अप्रैल को आशीष केशरवानी (26) पुत्र कृष्णा प्रसाद निवासी पुरौना त्यौंथा जिला रीवा (मध्य प्रदेश) रिश्तेदारों के साथ यमुना स्नान करने आया था। तेज बहाव और गहराई की थाह न पाने से डूब गया। वह टाकीज रोड निवासी अपने जीजा व्यापारी पप्पू केशरवानी की बहन की शादी में आया था।

### पुष्पा का है एक साल का बेटा

कवलेश और अन्य परिजन घटना से बेसुध हो गए। कवलेश ने रोते हुए जब यह कहा कि अब तो उसकी दुनिया ही उजड़ गई, लोग भावुक हो गए। कवलेश की बहू पुष्पा का एक डेढ़ वर्षीय बेटा विपांशु भी है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो की मौत, 35 श्रद्धालु घायल

सीतापुर (चित्रकूट)। तीर्थक्षेत्र में मध्यप्रदेश सीमा अंतर्गत सतना-चित्रकूट मार्ग पर बगदरा घाटी के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो लोगों की मौत हो गई। लगभग 35 लोगों के घायल होने की जानकारी है। ये सभी लोग बच्चों का मुंडन कराने चित्रकूट जा रहे थे।

मप्र के अंतर्गत सभापुर थाना क्षेत्र के बरखेड़ा गांव निवासी लगभग 40 लोग बुधवार दोपहर ट्रैक्टर ट्राली में तीर्थक्षेत्र जा रहे थे। बगदरा घाटी के पास ट्राली पलट गई। इससे चीखपुकार मच गई। मीनाक्षी द्विवेदी (15) और रानी सेन (50) की मौके पर मौत हो गई। अन्य लोगों को मझगवां और जानकीकुंड अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### पॉक्सो एक्ट के दो आरोपियों को दबोचा

चित्रकूट। कोतवाली के इंस्पेक्टर लाखन सिंह ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अजय सोनकर पुत्र अच्छेलाल निवासी राघवपुरी सीतापुर व रोहित पुत्र कमलेश जोशी निवासी ग्राम चौगलिया सीतापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी विकास यादव शामिल रहे।

# खाद वितरणः बंद हो कृषि विभाग का हस्तक्षेप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। जिला सहकारी संघ (डीसीएफ) की बैठक में कृषि विभाग की कार्यशैली को लेकर रोष जताया गया। अध्यक्ष योगेश जैन ने कहा कि खाद वितरण जैसे कामों में विभाग का अनावश्यक हस्तक्षेप बंद होना चाहिए।

अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के कार्यालय में बुधवार को हुई बैठक में अध्यक्षता करते हुए योगेश ने कहा कि कृषि विभाग के हस्तक्षेप से जिले में खाद का कृत्रिम संकट पैदा होता है और सरकार की छवि खराब होती है। प्रस्ताव पारित कर तय किया गया कि इस संबंध में शासन को पत्र भेजा जाएगा। योगेश ने बताया कि जिले में तीन ड्रोन संचालित हो रहे हैं। 300 रुपये प्रति एकड़ की दर से कोई भी किसान खर्च करके अपने खेतों में छिड़काव कर सकता है। इफको कॉर्डेड के ट्रस्टी राजदत्त पांडेय ने कहा कि हिंदीभाषी क्षेत्र में सहकारिता को आगे ले जाना जरूरी है। अपना सुधार संसार की प्रमुख सेवा है। पैक्स फेडरेशन लखनऊ के डायरेक्टर प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय बन जाने से लोग सहकारिता में तेजी से जुड़ रहे हैं और काम भी हो रहे हैं। डायरेक्टर दिव्या त्रिपाठी ने समितियां में खाद उपलब्ध न होने की बात कही। सहकार भारती के जिलाध्यक्ष परमहंस त्रिपाठी ने अयोध्या सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया। शंकर दयाल पयासी, राजेश मिश्रा, डीसीएफ डायरेक्टर राखी चौबे, सारंगधर मिश्रा, सुनील आदि मौजूद रहे।



डीसीएफ की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

### जल्द आ रहे हैं नीम के पौधे

इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक राजवीर सिंह ने बताया कि जल्द नीम के 3500 पौधे आ रहे हैं। इन्हें समितियों के माध्यम से किसानों को दिया जाएगा। जिले में ड्रोन की और उपलब्धता का प्रस्ताव भेजा गया है। यूरिया एवं डीएपी की कमी नहीं होने पाएगी। कही कि लोग नैनो यूरिया का भी उपयोग करें

### बंद पड़े खाद विक्रय केंद्र चालू

योगेश ने बताया कि सभी के सहयोग से एक वर्ष के कार्यकाल में डीसीएफ चित्रकूट ने प्रदेश में अच्छा कार्य करके नाम कमाया है। पहले की तुलना में बंद पड़े खाद विक्रय केंद्रों को पुन: चालू किया गया है और नए भी स्थापित किए जा रहे हैं।

# मातमी धुनों के बीच निकले ताजिये, कर्बला में दफनाए

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। मोहर्रम की दसवीं तारीख को पूरे जिले में मातमी धुन के साथ ताजिया जुलूस निकाला गया। इनको देर शाम कर्बला में सुपुर्दे खाक किया गया।

राजापुर संवाददाता के अनुसार, शाही इमामबाड़े से मुस्लिम समाज के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम की 9वीं तारीख को मध्य रात्रि में जलते हुए अंगारों में कूदकर मातम मनाया। बुधवार की शाम ताजिया जुलूस इमामबाड़े से होते हुए हनुमान मंदिर रोड, यमुना रोड, सरांय तलैया चौराहा, पश्चिम नाका तथा माधवगंज से देर रात इमामबाड़े पहुंचा। वहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अंतिम फातिहा देकर कब्रिस्तान में बने कर्बला में खाक-ए-सुपुर्द किया।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अतहर नईम, नाजमा बेगम, नूरी खान, रेशम खान, गूंजा खान,रईस अहमद, मो. अली उर्फ बाबू जी, आबिद अली, साबिद अली, मो. रफीक कुरैसी, मो. मेराजुल हक, मजीद कुरैसी के दरवाजों पर लंगर का आयोजन किया गया। जुलूस की व्यवस्था में ताजियेदार शाबिर अली, मोहम्मद अली, इस्लाम नईम, वसीम कुरैसी, अकबर अली, हैदर अली, मो. अली, रईस अहमद, मदार कुरैसी, लाली खां, मुख्तार अली, मो. महबूब, शमीम कुरैसी, मजीद कुरैसी, लाल मोहम्मद, मो. हारून, मो. अकर आदि लोग ढोल नगाड़ों के साथ शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था पर तहसीलदार रामसुधार राम,प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, एसआई अनिल कुमार, इमरान खान, सुरेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। बरगढ़ संवाददाता के अनुसार, वहां भी मातमी धुन के बीच ताजिए निकाले गए। देर रात इन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। मऊ संवाददाता के अनुसार, बुधवार को मुस्लिम समुदाय ने पंरपरागत ताजिये का जुलूस निकाला।

कस्बा मुहर्रम कमेटी की अकबरी बेगम, इस्लामुद्दीन, शादाब गनी, कल्लन खाँ, बहादुर खा, इशरत अली के अगुवाई में ताजिया जुलूस रामलीला मैदान से बाजार रोड होते हुए बस स्टॉप चौराहा से राष्ट्रीय राजमार्ग, सीएचसी मार्ग से यमुना पथ के कर्बला पहुंचा जहां ताजिये का फूल सुपुर्द- ए- खाक कर दिया गया। जुलूस में चेयरमैन नगर पंचायत, शारदा अग्रहरि, विष्णु देव त्रिपाठी, शादाब गनी आदि ने शिरकत की। क्षेत्राधिकारी जयकरन सिंह, एसडीएम राकेश कुमार पाठक, थाना प्रभारी विनोद कुमार राय, क्राइम इंस्पेक्टर अभय राज प्रताप, एसआई कृपानंदन शर्मा, एसआई इंद्रजीत गौतम सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। सीतापुर संवाददाता के अनुसार, चितरा गोकुलपुर में मंगलवार रात 12 बजे जलते आग के अलाव में बने अंगारो को हाथों से उछलकर मातम किया गया।

बुधवार को ताजिया जुलूस निकाला गया। सीतापुर में मोहर्रम के जुलूस में मोहर्रम कमेटी शरीफ खान अध्यक्ष समसूत उपाध्यक्ष यासीन अली, सरफराज खान, इजरायल खान, अयूब खान उर्फ पप्पू खान आदि शामिल रहे।


मऊ में निकला ताजिया जुलूस। अमृत विचार


राजापुर में ताजिया जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

- मुस्लिम समाज के लोगों ने अंगारों पर चल मातम मनाया

# कर्बला में ढाल-ताजिए किए 'ठंडे', मोहर्रम के आयोजन खत्म

कार्यालय संवाददाता,बांदा

अमृत विचार। ढालों को सुपुर्दे खाक और ताजियों को सुपुर्दे आब किए जाने के साथ ही 10 दिवसीय मोहर्रम आयोजन खत्म हो गए। ढोल-ताशों की रोजाना गूंजने वाली सदाएं भी थम गईं। आखिरी दिन प्रतीकात्मक कर्बला से लेकर कई किलोमीटर दूर तक भारी हुजूम का मेला रहा।

परंपरा के तहत मनाया जाने वाले मोहर्रम का बुधवार को आखिरी दिन था। कत्ल की पूरी रात नवमी पर शहर में रतजगा जैसा माहौल रहा। वहीं बुधवार को 10वीं पर दोपहर बाद फिर धूम शुरू हो गई। शहर के सभी इमामबाड़े में रखी ढाल, नेजा, अलम और ताजिए बाजों के बीच अलग-अलग जत्थों में कर्बला (केन नदी किनारे) की ओर चल पड़े। मयूर टाकीज रोड, जीजीआईसी, पद्माकर चौराहा, से लेकर केन नदी तक शाम को तिल रखने की जगह नहीं रही। तीन हजार से ज्यादा ढाल-सवारियां लगभग आधा सैकड़ा छोटे-बड़े ताजिए और सैकड़ों नेजे व अलम सूरज ढलने के वक्त प्रतीकात्मक कर्बला पहुंचे।


नरैनी में निकाले गए ढाल-ताजिया। अमृत विचार

### अंगारे उछाल कर मनाया मातम

मंगलवार को शाम होते ही इमामबाड़ों और गली-कूचों में कत्ल की रात के आयोजनों की शुरूआत हो गई। मातम मनाने वालों ने इमामबाड़ों और आसपास जमकर सजावट की। रात गहराते ही शहर के एक सैकड़ा से ज्यादा इमामबाड़ों के अलावों में लगभग 10-10 कुंतल लकड़ी को आग लगा दी गई। घंटों के बाद यह दहकते अंगारों में तब्दील हो गई। सबसे पहले मयूर टाकीज के नजदीक स्थित अलाव तैयार हुआ। जोशीले बाजों के बीच अकीदतमंदों ने अंगारों को हाथों से लुटाया। देर रात तक अलाव खेलने का सिलसिला जारी रहा। अकीदतमंदों ने दहकते अंगारों को उछालकर अपने हुसैन के प्रति श्रद्धा और मातम का प्रदर्शन किया।

### मातमी जुलूस के साथ किया गम का इजहार

चिल्ला कस्बे समेत आसपास के गांवों लौमर, सादी मदनपुर, गौसीपुर, गुगौली आदि में बुधवार को मोहर्रम की 10वीं के मौके पर कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच मोहम्मद साहब के नवासे (नाती), (हजरत हुसैन) व उनके 72 साथियों की शहादत को याद कर गम का इजहार करते हुए शिया-सुन्नी दोनों समुदायों ने अपने-अपने इलाकों से एक सैकड़ा से भी जयादा ताजिये निकाले और मातमी धुनों के साथ इन ताजियों को अलग-अलग कर्बला (कब्रिस्तान) में सुपुर्द-ए-खाक किया। इस दौरान अन्य धर्मों के लोगों ने छबील लगाकर लोगों को शर्बत व फल बांटे।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के कुकुआ खास गांव निवासी 45 वर्षीय राममिलन सबिता पुत्र चुनबाद मंगलवार की रात पैलानी रोड़ पर घूम रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहां से गुजर रहे गांव के लोगो ने उसे पहचान लिया। मामले की जानकारी परिजनो को दी गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के बड़े भाई हीरालाल ने बताया कि राममिलने चार भाईयो में दूसरे नबंर का था। उसका करीब

## सार-संक्षेप

### नशे मे बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी शिवबली सिंह उर्फ बाबू सिंह (65) पुत्र रामसजीवन सिंह मंगलवार की शाम नशे की हालत में घर आया। वह कमरे के अंदर घुस गया। उसने दीवार पर लगी खूंटी में साफी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। दरवाजा तोड़ कर कमरे के अंदर दाखिल हुए परिजनों ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र सत्यम का कहना है कि पिता नशे के आदी थे। शाम को नशे की हालत में घर आए और कमरे के अंदर फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया।

### पेड़ के नीचे लेटे युवक की बिजली गिरने से मौत

नरैनी। बुधवार की दोपहर लगभग ढाई बजे करतल चौकी क्षेत्र के पंचमपुर गांव के मजरा अमहापुरवा निवासी संतराम (25) पुत्र शिवनारायण राजपूत घर के पास लगे सागौन के पेड़ की छांव में बैठकर आराम कर रहा था। इसी बीच बारिश के साथ तेज धमाके के साथ बिजली आ गिरी। चपेट में आकर संतराम की मौत हो गई। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस चैकी प्रभारी को दी। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे चैकी प्रभारी ने ग्राम प्रधान पंचमपुर शिवकुमार राजपूत, ग्राम प्रधान मुकेरा चन्द्र कुमार राजपूत एवं परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दुकान में लगी आग से लाखों का माल खाक

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के तहसील के बाहर सड़क के किनारे रेहड़ी पटरी पर स्थित एक कपड़े की दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिससे दुकान में रखा लाखों रुपए कीमत का कपड़ा जलकर राख हो गया। सुबह होने पर दुकान मालिक को लोगों ने जानकारी दी, जिसके बाद दुकानदार ने मौके पर पहुंचकर दुकान की स्थिति देखी और तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के क्योटरा निवासी दुकानदार हनीफ मंसूरी ने बताया कि बीती शाम रोज की तरह दुकान को बंद कर वह अपने घर चला गया था। वहीं रात में किसी ने मेरी दुकान में आग लगा दी। दुकान में रखा सारा सामान खाक हो गया।


निशान यात्रा निकालते खाटूश्याम के भक्त। अमृत विचार

### गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने निकाली खाटू श्याम यात्रा

बांदा। जब खाटू नरेश का हो सर पर हाथ व आशीर्वाद क्या है तेज धूप से डरने कि बात। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल ने हर माह की तरह ही एकादशी पर गाजे-बाजे के साथ निशान यात्रा निकाली। निशान यात्रा में बाबा के भक्त थिरकते नजर आए। देवशयनी एकादशी पर बुधवार को खाटू श्याम सेवा मंडल की अगुवाई में लगातार 18वीं पैदल यात्रा निकली गई। निशान यात्रा महेश्वरी देवी मंदिर से शुरू हुई। गाजे-बाजे के साथ निशान यात्रा में श्रद्धालु खाटू श्याम की भक्ति में थिरकते रहे। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं डिगा सकी। यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। वीरेंद्र गुप्ता, जीतू गुप्ता, अमित गुप्ता, राकेश गुप्ता, रामबहोरी गुप्ता, राजेश जैन, पिंटू गुप्ता, नरेंद्र सोनी, केके गुप्ता, आशू सविता, पप्पू गुप्ता, गुड्डू, विष्णु चैरसिया, हरीशंकर, विनोद, अमित सेठ, विमला यादव, शैल गुप्ता, रूबी गुप्ता, संगीता शिवहरे, नंदनी यादव, सुमन यादव, अमन गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, शीतल गुप्ता आदि शामिल रहे।

ऑपरेशन ईगल

क्षेत्राधिकारी, एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय थाना पुलिस की बनेगी इंटीग्रेटेड टीम

# जनपद को नशामुक्त करने को इंटीग्रेटेड टीम करेंगी गैंगस्टर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,बांदा

अमृत विचार। प्रदेश की योगी सरकार ने अब नौजवानों का भविष्य खराब करने वाले नशे के सौदागरों पर नकेल कसने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर अब जिले में पुलिस की इंटीग्रेटेड टीमें मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों को चिन्हित कर नशे की पूरी चेन को नेस्तनाबूद करेगी। साथ ही गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद संपति कुर्क करके ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत नए कानूनों के तहत कठोर सजा दिलाई जाएगी।

वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार पुलिस ने अभी तक कुल 67 अभियुक्तों के कब्जे से एक हजार किलो से अधिक गांजा बरामद किया है, वहीं एक दर्जन तस्करों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई है। जबकि करीब 15 करोड़ रुपए की संपति को कुर्क किया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया है कि नशे के कारोबारियों को चिन्हित कर उन्हें रेड कार्ड भी जारी किया जाएगा।

बुधवार को पुलिस लाइन में पत्रकारों से बात करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर सख्त रुख अपनाया है और तस्करों पर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसीक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानू भास्कर के मार्गदर्शन में जनपद को नशा मुक्त करने के लिए ऑपरेशन ईगल शुरू किया गया है।

बताया कि ऑपरेशन ईगल के तहत न सिर्फ मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले बल्कि उनके माध्यम से मादक पदार्थों के तस्करों की पूरी चेन को चिन्हित करके कार्रवाई की जाएगी। जिसमें छोटे-छोटे अभियुक्तों के साथ ही तस्करी की चेन में शामिल सप्लायर आदि भी शामिल होंगे। बताया कि नशे के दलदल में फंसे युवाओं को बाहर निकालने का भी प्रयास किया जाएगा। अभियान में क्षेत्राधिकारी अपराध की अगुवाई में सर्विलांस व लोकल थानों की बाडी कैम और अन्य तकनीकों से लैस इंटीग्रेटेड टीम गठित की गई है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि अभी तक गांजा आदि मादक पदार्थ पकड़े जाने पर थाना पुलिस आरोपी पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाइ करती थी, जबकि ऑपरेशन ईगल के तहत बरामदगी के दौरान पकड़े गए वाहनों के मालिकों की भी जांच की जाएगी और उनको भी कार्रवाई की जद में लाया जाएगा। बताया कि नशे के कारोबार में शामिल प्रत्येक अभियुक्त पर गैंगस्टर व पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। साथ ही संपति की जांच कराकर कुर्की की जाएगी। वांछित अभियुक्तों पर पुरस्कार घोषित करके उनकी शीघ्र गिरफ्तारी कराई जाएगी। वहीं पहले से एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुके अभियुक्तों को पुलिस रेड कार्ड जारी करेगी।


ऑपरेशन ईगल की जानकारी देते डीआईजी व एसपी। अमृत विचार

### 15 करोड़ की संपति सीज कर तोड़ी तस्करों की कमर

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया है कि जनपद पुलिस ने अभी तक 67 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर करीब दो करोड़ से अधिक कीमत का 1011 किलो गांजा बरामद किया है और एनडीपीएस एक्ट के तहत 45 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। जबकि मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त एक दर्जन अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी गई है। वहीं अभियुक्तों की 14 करोड़ 94 लाख 36 हजार चार सौ रुपए की संपति सीज करके उनकी आर्थिक रूप से कमर तोड़ने का काम किया है। बताया कि इस वर्ष जनवरी माह में थाना गिरवां में 6 अभियुक्तों के कब्जे से 6 कुंतल गांजा, डीसीएम और एक बोलेरो, अप्रैल में अतर्रा में 4 अभियुक्तों के कब्जे से 60 किलो गांजा, बिक्री का 69 हजार रुपया नगद व दो लग्जरी वाहन, थाना पैलानी में 6 अभियुक्तों के पास से 101 कलो सूखा गांजा, दो मारुति वैन, बोलेरो पिकअप वाहन बरामद किए गए हैं। जबकि दो दिन पहले ही थाना कालिंजर में 5 अभियुक्तों के कब्जे से दो प्लास्टिक की बोरियों में 55 किलो गांजा, इनोवा क्रिस्टा, मारुति स्विफ्ट डिजायर कार बरामद किया गया है।

## एक नजर

### विधवा के घर में घुसकर पुत्र को मारा पीटा

मौदहा(हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम मकरावं में दबंगों ने विधवा के घर घुस उसके पुत्र को मारपीट गांव छोड़ देने की चेतावनी दी है। गांव न छोड़ने पर दबंगों ने उसके पुत्र की हत्या करने की धमकी दी है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को घटना की तहरीर सौंप आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र मकरावं निवासी उत्तरी देवी पत्नी स्व. अंबिका सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है कि 17 जुलाई की सुबह जब वह अपने घर में बच्चों के साथ मौजूद थी। तभी गांव का गया सिंह, उसका साथी अमित निवासी ग्राम बिलहड़ी तथा लल्लू निवासी ग्राम बांकी तमंचा लेकर उसके घर में घुस आए और उससे गांव छोड़ देने की चेतावनी देते हुए उसके पुत्र फूल सिंह के साथ मारपीट करने लगे। अपने पुत्र को पिटता देख पुत्री उत्तरी व उसकी पुत्रियों ने जब फूल सिंह को बचाने का प्रयास किया तो दबंगों ने उनके साथ भी मारपीट की। तहरीर मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पांच भैंसों की चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के हरेहटा गांव से पांच भैंसों को चोरी कर ले जाने के मामले में दो नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरेहटा निवासी रामशंकर पुत्र छिद्दू ने दी तहरीर में बताया कि बीते 9 जुलाई को अपनी भैंस को खेत में चराने गया था। इस बीच किसी काम से घर आ गया। उसकी भैंस के साथ रामकुमारी की दो भैंस, सुखरानी की एक भैंस, मनीषा की एक भैंस साथ में चर रही थी। जब घर से खेत गया तो देखा कि गांव का रामकरण पुत्र रमेश, चीकू उर्फ बुद्ध सिंह पुत्र राम प्रकाश कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ सभी भैंसों को हाक कर चोरी करके ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भैंस चोरी करने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अंतर यादव ने सपा सुप्रीमो का टैटू बनवाया

मुस्करा। विकासखंड के एक गांव निवासी युवक ने सीने पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का टैटू बनवाकर सबसे बड़ा फैन होने का दावा किया। बिहुनी खुर्द निवासी अतर सिंह यादव (25) पुत्र भारत ने बताया कि 12 वर्ष की आयु से ही वह सपा सुप्रीमो का फैन बन गया था। कहा अब सपा के मुखिया अखिलेश यादव उसके सीने में निवास करते हैं। जिसके चलते उसने अपने सीने पर उनका टैटू भी बनवा रखा है। जिसे दिखाते हुए कहा वह अपने आप में गर्व महसूस करता है। कहा भविष्य में उनकी जब सरकार बनेगी तो एक बार उनसे हाथ मिलाने लखनऊ जरूर जाऊंगा। उसका यह सपना कभी न कभी जरूर साकार होगा।

### बाइक रोक छात्रा के साथ की मारपीट

मौदहा (हमीरपुर) राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाई के साथ बाइक से जा रही छात्रा को तीन युवकों ने रोक कर अभद्रता कर मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को पकड़ा है।

थाना क्षेत्र के बजरंगपुर डेरा मौजा पढ़ोरी निवासी छात्रा जयंती निषाद पुत्री जगत नारायण ने दी तहरीर में बताया कि वह मंगलवार की शाम अपने भाई के साथ बाइक से ननिहाल कुम्हउपुर थाना ललपुरा जा रही थी। तभी मकरांव में तीन युवकों ने रोक अभद्रता कर मारपीट शुरू कर दी। जिसकी सूचना 1090 पर की तो पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी युवक निकल गए। वहीं इस मामले में ग्रामीणों ने बताया कि मारपीट में बरदानी खंगार व कल्लू कुशवाहा का लड़का शामिल है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि संदीप नाम के लड़के को गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा दर्ज के निर्देश दिए हैं अन्य आरोपी की खोज जारी है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने दी कार्यक्रम की जानकारी

# क्षेत्र व ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर मतदान छह अगस्त को

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 22 जुलाई नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि
- 23 जुलाई नामांकन पत्रों की जांच
- 24 जुलाई नामांकन पत्रों की जांच, चुनाव चिह्न आवंटन
- 06 अगस्त मतदान (प्रात: 7 से शाम 5 बजे तक)
- 08 अगस्त मतगणना, परिणाम की घोषणा

**इन अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी**

- उप चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें कुरारा ब्लाक में निर्वाचन अधिकारी आरओ समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल व सहायक निर्वाचन अधिकारी लोनिवि के अवर अभियंता राकेश कनौजिया, सुमेरपुर में आरओ लोनिवि के अधिशासी अभियंता सुरेश चंद्र व एआरओ लोनिवि के अवर अभियंता महेंद्र प्रताप सिंह, मौदहा ब्लाक में आरओ जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार व एआरओ लघु सिंचाई के अवर अभियंता विकास कुमार गुप्ता को बनाया गया है। इसी प्रकार मुस्करा ब्लॉक में आरओ चकबंदी अधिकारी विमल कुमार, एआरओ अवर अभियंता भूपेंद्र सिंह, राठ ब्लॉक में आरओ भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ.राम अवतार व एआरओ लघु सिंचाई के अवर अभियंता सुभाष चंद्र मौर्य, गोहांड ब्लॉक में आरओ अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार व एआरओ अवर अभियंता अरविंद कुमार अहिरवार तथा सरीला ब्लॉक में लघु सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता शशिभूषण सिंह व एआरओ नलकूप खंड के अवर अभियंता शिवानंद पांडेय को नामित किया गया है।

**अमृत विचार।** ग्राम प्रधान और पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के उपचुनाव का कार्यक्रम तय हो गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) राहुल पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि उन रिक्त पदों पर, जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, चुनाव कार्यक्रम तय कर दिया गया है। छह अगस्त को मतदान और आठ अगस्त को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई है। इनकी जांच 23 को होगी। 24 जुलाई को नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। मतदान छह अगस्त को प्रातः सात बजे से शाम पांच बजे तक और मतगणना आठ अगस्त को प्रातः आठ बजे से होगी। डीएम ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी इस संबंध में 18 जुलाई को सार्वजनिक सूचना निर्गत करेंगे। गांवों में मुनादी की जाएगी। परिणाम की घोषणा विकासखंड मुख्यालय पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि समय सारिणी के बीच पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी संबंधित कार्यालय खोले जाएंगे।

**इन जगहों पर होना है उप चुनाव:** कुरारा विकासखंड क्षेत्र में वार्ड संख्या 20 जल्ला क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव होना है। जबकि ग्राम पंचायत भौली में वार्ड संख्या 1 से लेकर 8 तथा 11 व 12 में सदस्य पद के लिए मतदान होगा। वहीं सुमेरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बरुआ में वार्ड 3 व 6, ग्राम पंचायत नदेहरा में वार्ड 15, टेढ़ा में वार्ड 1, टिकरौली में वार्ड 7, कलौलीजार में वार्ड 14, बदनपुर में वार्ड 2 तथा भौनिया में वार्ड 9 में सदस्य पद के लिए चुनाव होगा। इसी प्रकार मौदहा विकासखंड के ग्राम पंचायत लेवा में वार्ड 7 तथा अतरार में वार्ड 6, मुस्करा विकासखंड के ग्राम पंचायत इमलिया के वार्ड संख्या 10, कैमोखर में वार्ड 7, राठ विकासखंड क्षेत्र में ग्राम पंचायत गल्हिया में वार्ड 11, गोहांड विकासखंड में बड़ा खरका के वार्ड 2 तथा अकौना के वार्ड 9 तथा सरीला विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदुआ के वार्ड 4 में रिक्त पड़े सदस्य पद के लिए उप चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

## दो पक्षों में चले लात घूंसे, रिपोर्ट

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बे के वार्ड नंबर 4 में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। वार्ड नंबर 4 निवासी रानी पत्नी स्व शंकर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की सुबह घर के बाहर बैठी थी। तभी पड़ोसी पन्ना पुत्र बुद्धू अकारण गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। इस बीच आरोपी के पुत्र अंकित, अरुण, कोमल भी आकर मारपीट करने लगे। वहीं बीच बचाव करने आए पिता चुन्नू के साथ भी मारपीट की।

लोगों के एकत्र होने पर हमलावर जान से मारने धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मानले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरे पक्ष की कोमल पत्नी मनीष ने तहरीर में कहा है कि रानी पत्नी शंकर अकारण गाली गलौज कर मारपीट करने लगी साथ ही शोर सुनकर उनके पिता चुन्नू निवासी लुवतरा बांदा भी आ गया। दोनों मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आए उसके भाई अंकित को भी मारा पीटा। पुलिस ने दो पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# नलकूप में मृत पाया गया दिव्यांग युवक

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- शराब पीने से मौत की वजह बता रहे परिजन

**अमृत विचार।** खेत में बने ट्यूबवेल पर दिव्यांग युवक की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत से गांव में हड़कंप मच गया। खबर सुनते ही ग्रामीणों की भीड़ ट्यूबवेल पर जमा हो गई। थानाक्षेत्र के बसवारी गांव निवासी संजय कुमार राजपूत (28) पुत्र तुलाराम ने बताया कि उनके पिता की बहुत पहले मृत्यु हो चुकी है। वह दो भाई हैं। जिसमें बड़ा भाई रामहेत (35) दिव्यांग और अविवाहित था। बताया वह शराब पीने की आदि था। कई कई दिन घर नहीं आता था। खेत पर बने ट्यूबवेल पर रहता था। पिछले तीन दिनों से ट्यूबवेल पर बने कमरे में ही रहकर शराब में मस्त था। बताया कि बुधवार को उसकी पत्नी दोपहर में टिफिन में खाना लेकर ट्यूबवेल पर गई तो देखा कमरे में वह सो रहा था। पत्नी उसके पास खाने का टिफिन छोड़कर वापस घर चली आई। शाम को जब चाचा कालका प्रसाद राजपूत वहां पहुंचे तो देखा कि कमरे में रामहेत के पास टिफिन रखा है। तब उसे खाना खाने के लिए जगाने की कोशिश की और देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ा है। शाम 8:00 बजे चाचा ने घटना की सूचना पर पहुंचे थाना उपनिरीक्षक शिवम पांडे ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया घटना की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# संपत्ति के विवाद में अधेड़ को मार डाला

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- भाई व भतीजों पर लाठी-डंडों से मारपीट कर हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गहरौली गांव में मकान और संपत्ति के पुराने विवाद को लेकर खून के रिश्तों को तार-तार करते हुए भाई और भतीजे ने ईंट और लकड़ी की जेरी (लाठी) से अपने ही भाई को मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थानाक्षेत्र के गहरौली गांव निवासी भैरम प्रजापति ने बताया कि करौंदा बाबा नाले के पास रोज की भांति वह और उसका भाई दशाराम खेतों की रखवाली कर अपने जानवर चरा रहे थे। तभी दोपहर करीब 2:30 बजे उसके भतीजे महेश, रमेश और उसका पिता सरजू तीनों ने मिलकर आते ही दशाराम (55) को ईंट और लकड़ी के जरी से कुचल कुचल कर हत्या कर दी और मौके से भाग गए। बताया कि मृतक चार भाई थे, दूसरे नंबर के भाई हरनाम के कोई औलाद नहीं है और उसी की जमीन और मकान संपत्ति को लेकर ही मुख्य विवाद था। ग्रामीणों द्वारा सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर शशि कुमार पांडे स्टाफ पुलिस क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर मृतक की पत्नी गंगिया प्रजापति ने बताया कि घरेलू व जमीन संबंधी विवाद के कारण पति की लाठी-डंडों से मारकर हत्या कर दी गई। बंटवारे को लेकर एक साल पूर्व मारपीट करने पर मृतक रमेश ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## दुकानदार ने ग्राहक से मारपीट की

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बे में बेरी तिराहे पर फल के भाव पूछने के बाद नहीं खरीदने पर दुकानदार ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने फल दुकानदार के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी सुरेश कुमार पुत्र संतराम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की शाम करीब 5 बजे बेरी तिराहे में फल की दुकान लगाए दुकानदार रिजवान उर्फ राजा पुत्र शाहिद निवासी कुरारा के यहां फल लेने गया।

भाव पूछने पर उसे गलत रेट बताया। इस पर वह दूसरी दुकान पर जाकर फल लेने लगा। इससे नाराज रिजवान उर्फ राजा अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी फल दुकानदार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# परछा गांव में मंगलवार की रात दो पक्षों में चली गोलियां


संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

- सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गांव पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की

**संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम परछा में मंगलवार की देर रात गोलियों की तड़तड़ाहट से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव में अलाव देख रहे लोगों के अलावा आसपास मौजूद किसी अनहोनी की आशंका को लेकर अपने घरों में दुबक गए। घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि इस मामले में एक पक्ष ने कोतवाली में तहरीर सौंप आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा झगड़ा व अपराधिक कृत्यों के चलते काफी चर्चित है। मंगलवार की देर रात गांव में जब अलाव का कार्यक्रम संपन्न हो रहा था। तभी देर रात गांव की गली में फायरिंग की आवाज सुन अलाव देख रहे ग्रामीण व आसपास मौजूद लोग अपनी सुरक्षा की दृष्टि से अपने घरों में जाकर दुबक गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव के गैंगस्टर आरोपी मुइनुद्दीन उर्फ जुम्मु ने गांव के ही इरफान व उसके साथियों पर नाजायज असलहों से फायरिंग कर उसे जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। हालांकि गांव में चर्चा है कि यह फायरिंग दोनों पक्षों की ओर से हुई है। इस मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज का कहना है कि घटना की जांच पड़ताल के बाद आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सार-संक्षेप


पानी के अभाव में मुरझा रही धान की फसल। अमृत विचार

### बिजली न मिलने से बर्बाद हो रही धान की फसल

पौथिया (हमीरपुर)। बिजली कटौती से किसान परेशान हैं। वहीं ग्रामीणों को पीने के पानी की दिक्कत झेलनी पड़ रही है। स्वासा खुर्द व स्वासा बुजुर्ग के किसानों ने करीब दो हजार बीघे में धान की रोपाई की है। बिजली कटौती से निजी नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। चौबीस घंटे में मात्र चार पांच घंटे ही बिजली मिल पा रही है। गांव निवासी सुशील सिंह ने 50 बीघे में धान की रोपाई कराई है। वहीं मनोज कोटेदार ने 100, सिद्धू सिंह ने 50, मनीष सिंह ने 60, रज्जन कुशवाहा ने 90, राकेश प्रजापति ने 30, श्याम प्रजापति ने 50, टीकाराम यादव ने 40, ध्यानू सिंह ने 90, एके सिंह ने 120 एवं बलदेव गुप्ता ने 100 बीघे में धान की रोपाई कराई है। दोनों गांवों में करीब दो हजार बीघे में धान की खेती की है। किसानों ने बताया 24 घंटे में मात्र चार से पांच घंटे ही बिजली मिल रही है। पर्याप्त बरसात नहीं होने धान की फसलें सूख रही है। बिजली न आने से ट्यूबवेल बंद हैं। वहीं ललपुरा के गोरे सिंह, अंकित चौहान ने बताया पौथिया पावर हाउस में बिजली रहती है। जबकि उनके गांवों में ट्रिपिंग होती रहती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति से बिजली कटौती रोके जाने कि मांग की है। किसानों का कहना है कि जेई कभी फोन नहीं उठाते हैं।

### दुकान से नकदी व सामान चोरी

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे के स्टेशन मार्ग में चाय समोसा की दुकान से चोर करीब छह हजार रुपये नकद तथा पांच हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। दुकानदार ने पिता एवं उसके पुत्रों पर चोरी करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। गुरगुज थोक निवासी राजकुमार चौरसिया ने बताया कि उसकी स्टेशन मार्ग में चाय समोसा गुटखा मसाला की दुकान है। मंगलवार रात करीब 12:00 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था तभी दुकान के पीछे रहने वाले पिता पुत्रों ने साथ मिलकर दुकान की कच्ची दीवार तोड़कर दुकान के अंदर रखी नगदी एवं गुटखा सिगरेट नमकीन आदि चोरी कर लिया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

### भगवान में रमण करता है ज्ञान परायण व्यक्ति

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के गायत्री शक्तिपीठ पर पांच दिवसीय श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ का समापन हो गया। अयोध्या धाम से पधारे शांतिकुंज टोली नायक कथावाचक स्वामी राम केवल ने कहा कि ज्ञान परायण व्यक्ति वस्तुत: भगवान में ही रमण करता है। उन्हीं में लीन माना जाता है। कहा कि नारदजी की स्थिति ऐसी ही थी। पंडित राज बहादुर ने कहा कि गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा एवं वंदनीया माताजी के सूक्ष्म संरक्षण में अखिल विश्व गायत्री परिवार पूरे विश्व में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के लिए विशेष यज्ञीय कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। समापन के दिन पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में भारी संख्या में यज्ञवीर भावनाशीलों ने अपनी आहुतियां यज्ञ भगवान को समर्पित की। इस दौरान दीक्षा संस्कार भी संपन्न कराए गए। इस दौरान मुख्य ट्रस्टी चन्द्रशेखर मिश्र ने कहा कि सामाजिक एकता, संस्कार संवर्द्धन, धार्मिक सद्भाव हमारा लक्ष्य है। संचालन डा.लक्ष्मण लाल त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर विमला बाबूराम गुप्त, रानी गुप्ता, उषा व्यास, भोजराज, तेज बहादुर मिश्र, शैलेन्द्र शर्मा बादल, ज्ञान प्रकाश, शिव प्रकाश गुप्त, राम कृपाल, राम किशुन, राम जीवन, गिरजेश, सुबोध, ओम प्रकाश समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### पेड़ पर फंदे पर लटका मिला वृद्ध का शव

राठ (हमीरपुर)। चित्रकूट के भरतकूप थाना क्षेत्र के रौली गांव निवासी भरतलाल (60) पुत्र भोला अपनी पत्नी सुनीता के साथ कोतवाली क्षेत्र के टोला गांव में धान की फसल की रोपाई करने के लिए आया था। भरत लाल खेत में ही झोपड़ी बनाकर पत्नी के साथ रहता था। बुधवार को भरतलाल का शव खेत में लगे एक नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने बताया कि भरतलाल शराब पीने का लती था। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।


मौदहा में ढाल व नेजों के साथ जुलूस निकालते लोग। अमृत विचार

### मीरा तालाब में पानी भरा के ताजिए किए गए सुपुर्द आब

मौदहा( हमीरपुर)। बारिश के भारी अभाव के चलते यहां का कर्बला कहे जाने वाला मीरा तालाब सूखा पड़ा है। आज यहां के 17 व रागौल, फतेहपुर, सिचौली के ताजियों को इसी स्थान पर लाकर देर रात सुपुर्द आब किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका परिषद ने दो दिन पूर्व से ही कार्य शुरू कर दिया। उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र व क्षेत्राधिकार श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद ने इस में पानी भरने काम शुरू कर दिया था। पानी का अच्छा भराव होने के बाद बुधवार की देर शाम यहां आसानी से ताजिए को सुपुर्द आब कर दिया गया।

# इमाम हसन हुसैन की याद करते हुए निकाले गए ताजिए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नगर सहित पूरे जनपद में बुधवार को मोहर्रम का पर्व मनाया गया। निर्धारित मार्ग से ताजियों का जुलूस निकला। इस मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। जगह जगह जलपान व नाश्ते के स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों को वितरित किया गया। शहर के सभी इमामबाड़ों से ताजियों का जुलूस उठा। सभी ताजिये सूफीगंज तिराहा स्थित इमामबाड़ा में एकत्र हुए। इस मौके पर मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष वली अहमद साबरी, अनवर खान सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।


मुख्यालय में मोहर्रम के जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

राठ संवाददाता के अनुसार कस्बे में बुधवार की शाम ढलते ही दो दर्जन से अधिक इमामबाड़ों में रखे ताजियों के निकालने का सिलसिला शुरू हुआ। मियांपुरा मोहल्ला स्थित इमामबाड़े से बड़ा ताजिया निकाला गया। इसके बाद धीरे धीरे कसबे के प्रत्येक मोहल्लों के ताजिए एक के बाद एक जुड़ते चले गये। ताजियों का जुलूस कोटबाजार, लुधियातपुरा, फरसौलियाना, जुलेहटी, बजरिया, कसौड़ा सहित पूरे कसबे में निकाले गये। जुलूस के बाद देर रात ताजियों को कर्बला में खाक ए सुपुर्द किया गया।

बिवांर संवाददाता के अनुसार कस्बे में ढोल नगाड़ा के साथ ताजियों का जुलूस निकाला गया। जुलूस में नजर अहमद इमाम अली सिद्दीक, वाहिद अहमद, अजमेर हसन, गफूर अहमद, रोशन खान, ताज मोहम्मद, बबलू चल रहे थे।

सुमेरपुर संवाददाता के अनुसार कस्बे में नेहा नर्सिंग होम चौराहा के पास ऊंछा थोक स्थित इमाम चौक से ताजियों के भ्रमण शुरू हुआ जो कस्बे के निर्धारित मार्ग से होकर नगर भ्रमण के पश्चात रामलीला मैदान में एकत्र हुए। यहां अकीदतमंदों ने अपने करतब दिखाये।

## संस्कार केंद्र संचालन का प्रशिक्षण दिया

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे संस्कार वर्ग के तीसरे दिन आचार्यों को संस्कार केंद्र के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रांतीय संगठन मंत्री रजनीश पाठक ने प्रशिक्षाणियों को संस्कार केंद्र के संचालन, वातावरण की साफ-सफाई, समाज में नवीन परिवर्तन करने के बारे में बताया। इस दौरान कानपुर प्रांत के इस संस्कार प्रशिक्षण केंद्र में बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, कानपुर, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर, कानपुर देहात के करीब 42 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जयवीर सिंह परिहार समेत सभी आचार्य मौजूद रहे।

**सुलझा विवाद** — एसडीएम सीओ ने गांव पहुंचकर दोनों पक्षों से वार्ता कर कराया निपटारा

# पुराने कर्बला से सौ मीटर दूर दफन होंगे ताजिए, बनी सहमति

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** बिदोखर में स्थित कर्बला का विवाद मीडिया की सुर्खियां बनते ही अधिकारी सुबह से ही गांव की तरफ दौड़ पड़े और ग्रामीणों के मध्य सहमति बनाकर पुराने कर्बला की जगह से सौ मीटर दूर पर ताजिया दफन कराने का इंतजाम कराया।

सैकड़ों वर्ष पूर्व से जिस स्थान पर कर्बला बना हुआ था। उस स्थान पर गांव के रामदास कुशवाहा ने कब्जा जमा कर मामले को अदालत में पहुंचा दिया है। इससे ताजिया दफन करने में दिक्कत खड़ी हो गई थी। ताजियादार अहमद अली व ग्राम प्रधान ने पीस कमेटी की बैठक में इस समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया था। एसडीएम सदर ने मौके पर जाकर नई जगह पर ताजिया दफन कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन इस जगह पर भी ग्रामीणों ने आपत्ति जताकर साफ-सफाई का कार्य ठप करा दिया था। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर के प्रकाशित होते ही बुधवार को सुबह एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर राजेश कमल, थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और ग्राम प्रधान लालाराम यादव, ताजियादार अहमद अली, रफीक, ऐनुद्दीन आदि की मौजूदगी में ग्रामीणों से आम सहमति बनाकर ग्राम सभा की जमीन पर पुराने कर्बला से करीब 100 मीटर दूरी पर ताजिया दफन कराने की सहमति बनाकर जगह की साफ सफाई कराई। देर रात यहां पर ताजिये सुपुर्दे खाक किए गए।


ग्रामीणों से बात करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार


आग के अलाव के अंगारे उछालता अकीदतमंद। अमृत विचार

### हुसैन की याद में आग में मनाया मातम

हमीरपुर। नगर के कुछेछा के हुसैनी इमाम बाड़ा पर मोहर्रम की नवीं तारीख को हुसैन की याद में अलाव का खेल कर मातम मनाया। हुसैन के मानने वालों ने दहकते अंगारों को हाथों से उछाल कर अपने अकीदत का सबूत पेश किया। इसके बाद मजलिस कर ताजियों को उठाया गया और कुछेछा से सूरजपुर तक गश्त किया। गश्त के बाद ताजियो को इमाम चौकों पर रखा गया। बुधवार को कुछेछा स्थित हुसैनी इमाम बाड़ा से ताजिया उठाया गया और देर रात कर्बला में सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान हुसैनी इमाम बाड़ा कमेटी के अध्यक्ष रहमत अली, सदस्य आशिक अली, पप्पू, आरिफ,फैजान,जहीर अहमद,वारिस, समीर ने शिरकत फरमाई।

# मातमी धुनों के बीच निकाला गया ताजिये का जुलूस

## मोहर्रम की 9वीं तारीख पर परम्परागत मार्गों से निकले जुलूस, काजीपुरा मैदान में हुए एकत्रित, अकीदतमंदों ने किया मातम

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम मनाया जाता है। मोहर्रम की 9वीं तारीख को जिले भर में ताजिया जुलूस निकाले गये। जबकि शहर में मंगलवार की रात ताजियों को तैयार करने के बाद फातिहा हुई और अलग-अलग मोहल्लों के इमामबाड़ों से ताजिया जुलूस निकाला गया, जो परम्परागत मार्गों से होता हुआ दूसरे मोहल्लों के इमाम चौक में रखा गया और ताजिये बुधवार की सुबह काजीपुरा मैदान में एकत्रित हुये और जलसे के बाद अपने-अपने इमाम चौकों में पहुंच गये।

शहर के मोहल्ला मकनियापुरा से रात में 11 बजे ताजिया जुलूस निकाला गया। जो परम्परागत मार्गों से होता हुआ दरियापुरा तिराहा पहुंचा, जहां पर कसौरा टोरी के ताजिये के बीच जलशा हुआ। इस दौरान हसन हुसैन को याद करके युवाओं ने जमकर मातम किया। जलसे के दौरान भारी संख्या में मेहताब व अन्य आतिशबाजी का नजारा पेश किया गया।

अकीदतमंदों ने आधा घण्टा तक जोरदार मातम किया, इसके बाद सभी ताजिये कतारवद्ध तरीके से काजीपुरा मैदान पहुंचे। उधर दरियापुरा, मिल्कीपुरा, चौसियापुरा, ढपलानापुरा, मुकेरीपुरा, पठानपुरा के ताजियों का जुलूस परम्परागत मार्गों से होता हुआ काजीपुरा मैदान में सुबह पांच बजे पहुंचा। जहां पर काफी देर तक जलसा होने के बाद सभी ताजिये सुबह अपने अपने इमाम चौकों की जानिब चल दिये। ताजियों के पहुंचने के बाद महिलाएं, बच्चे शर्बत, रेबड़ी, लड्डू आदि लेकर फातिहा दिलाने के लिए इमामचौक पर पहुंचे, जहां पर फातिहा के बाद तबर्रुक वितरण किया गया। ताजिया जुलूस के दौरान जगह-जगह लंगर लुटाया गया। कहीं गरी के गोले कहीं लड्डू लुटाये। लंगर लूटने वालों की भारी भीड़ जमा रही।

● ताजिया देखने वालों की सुबह तक जुटी रही भीड़


ताजिया जुलूस निकालते लोग। अमृत विचार


काले कपड़े पहनकर मातम करते युवा। अमृत विचार

### काले वस्त्र पहनकर शिया समुदाय ने किया मातम

**चरखारी महोबा।** मोहर्रम की 9वीं तारीख को कस्बा चरखारी में सिया समुदाय के लोगों ने ताजिया निकाला और काले वस्त्र पहनकर पूरे मार्ग में गमजदा स्थिति में मातम करते हुये निकले। सिया समुदाय के लोगों ने हसन हुसैन की याद में घंटों मातम किया। सभी सिया समुदाय के लोग मातम के दौरान काले वस्त्र पहने दिखाई दिये। सीने में हाथ रखकर हसन हुसैन का नाम लेकर मातम करते रहे।

### ढाल सवारी देखने उमड़ी भीड़

मोहर्रम की नवमी को अलाव समाप्त होने के बाद अलाव खेलने वाले अकीकदमंद इमामवाड़ों से ढाल सवारियां लेकर निकले। ढाल ढोल नगाडों और डीजों में बज रही मातमी धुन के बीच शहर के अलग-अलग मार्गों से निकाली गई। ढाल सवारियों को देखने के लिये रास्तों में जगह-जगह लोगों की भीड़ जमा हो गयी। मातमी धुन सुनकर और ढाल सवारियां निकलने की आहट पाकर महिलायें घरों से बाहर निकल आईं। ढाल सवारियां ऊदल चौक, मिल्कीपुरा, जारीगंज, चौसियापुरा, काजीपुरा, सुभाष चौक, भीतरकोट, आल्हा चौक, तहसील चौराहा होते हुये हवेली दरवाजा इमामबाड़े पहुंची, जहां पर ढाल उठाए युवाओं ने ढाल खेलकर अपनी अकीदत को पेश किया।

### मुराद पूरी होने पर भरा मन्नती प्याला

मंगलवार की देर शाम से मोहल्ला पठानपुरा और दरियापुरा की इमाम चौक पर महिलाओं की फातिहा दिलाने के लिए खासी भीड़ उमड़ी। महिलाएं हाथों में बड़े बड़े थालों में मिट्टी, कांच आदि के प्याले व मिठाई लेकर इमामचौक पर पहुंची और मन्नती प्याला भरा गया। मान्यता है कि सच्चे मन से मन्नत मांगने वाली महिलाओं की मुराद पूरी होने पर उन्हें मोहर्रम की नौवी तारीख में इमामचौक पर आकर मिठाई से प्याले भरकर फातिहा दिलाना पड़ती है और जो महिलाएं जायज मन्नत मानना चाहती हैं वह उन्हीं प्यालों में रखी मिठाई को खाती और मुराद पूरी होने पर उन्हें भी अगले मोहर्रम में प्याला भरकर फातिहा दिलाना पड़ती है। वहीं कुछ लोगों मुराद पूरी होने पर वह ताजिया बनने के बाद होने वाली फातिहा में चांदी, सोने के नीबू ताजिये पर चढ़ाए जाते हैं।


इमामचौक पर फातिहा दिलाती महिलाएं। अमृत विचार

### अकीदमंदों ने फूलों की तरह उछाले अंगारे

**महोबा।** हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम की 9वीं तारीख को शहर में जगह-जगह युवाओं ने अलाव खेलकर अपनी अकीदत पेश की। अलाव में कूदकर फूलों की तरह हाथ से अंगारों को बाहर फेंकते हुए लोग निकल आये। अलाव खेलने का सिलसिला रात बाहर बजे से तीन बजे सुबह तक चलता रहा। इसे देखने के लिए शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी लोग पहुंचे। उपजिलाधिकारी सहित तमाम पुलिस अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, साथ ही शहर के सभी अलाव स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई। गौरतलब है कि हर साल मोहर्रम की 9वीं तारीख को अलाव खेला जाता है। मोहर्रम पर्व शुरु होते ही ढाल सवारियों के लिए इमामवाडे.बनाये जाते हैं और इमामबाड़े के मैदान पर ही बड़ा गड्ढा करते हुए उसमें आग जलाकर अंगारे बनाए जाते हैं, जहां पर अलाव खेलने वाले युवा मातमी धुनों के बीच आग के अंगारे उछालते हैं। मंगलवार को शहर के हवेली दरवाजा, जुमा बाजार, चोसियापुरा, काजीपुरा, सुभाष चौक, मदन सागर के किनारे, बजरिया सहित करीब आधा दर्जन मोहल्लों में अलाव का जलसा हुआ। शहर के मोहल्ला चौसियापुरा के ढाल इमामबाड़े में आखिर में करीब सुबह तीन बजे अलाव खेला गया।


ताजिया को दफन करने ले जाते अकीदतमंद। अमृत विचार

# गम के माहौल में प्राचीन कर्बला में ताजिये सुपुर्द-ए-खाक

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** बुधवार शाम को ताजियेदारों एवं हजारों अकीदतमंदों ने गमगीन माहौल में प्राचीन कर्बला के मैदान में नगर के दर्जन भर ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।

मोहर्रम की दसवीं की भोर 4 बजे इमाम चौकों से ताजियेदार तथा अकीदतमंद अपने-अपने ताजियों को लेकर सदर बाजार स्थित श्री दरवाजे गेट पर पहुंच गए। वहां पर मातम तथा गम के साथ ताजियों का जुलूस शुरू हुआ। जुलूस बड़ा बाजार, अदल सराय होते हुए दीवान औलिया ग्राउंड पहुंचा। जहां अकीदतमंदों ने फातिहा पढ़ी जिसके बाद जुलूस का समापन किया गया। इस मौके पर मुन्ना राइन, इकबाल खान, हिदायत खान आदि ताजियेदारों के साथ काफी संख्या में महिलाएं तथा बच्चे शामिल रहे। ताजिया जुलूस में जगह-जगह लंगर वितरण किया गया।

### मध्य रात में दो स्थानों में हुए मोहर्रम के अलाव

मोहर्रम के चांद की 9/10 वीं की रात में शासन प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर के दों अलग-अलग स्थानों में अकीदतमंदों के द्वारा जलते हुए आग के अलाव का प्रदर्शन किया गया। नगर के मुहल्ला उदनपुरा स्थित दीवान औलिया ग्राउंड में खलीफा नत्थू, खलीफा पप्पू एवं अकीदतमंदों की मौजूदगी में मातम के साथ अलाव का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रात में 1 बजे दमदमा तकिया ग्राउंड में भी खलीफा अलीम के नेतृत्व में अलाव का प्रदर्शन किया गया।

### कर्बला के शहीदों को किया याद

मोहर्रम पर धर्मनगरी कालपी में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर के मोहल्ला उदनपुरा स्थित हुसैनी मस्जिद के ग्राउंड में जिक्र ए इमाम आला मक़ाम व जिक्र ए शोहदा ए कर्बला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौला हस्सान मियां शफीपुर, कारी अहसान बरकाती, कारी दावर रजा, मुफ़्ती शोएब अमजदी ने तकरीर में कर्बला के शहीदों को याद किया। फहीम खान, आबिद खान, कासिम शाह, हाशिम अली, काजिम हुसैन, लाला आदि रहे।

# पेट्रोलपंप में तोड़फोड़ कर कर्मचारी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● कर्मी के गले में कांच घुसने से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर

**अमृत विचार।** मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे बाइक सवार दो दंबगों ने चरखारी वाईपास स्थित पट्रोलपंप के कर्मी को पेट्रोल न देने पर उसके साथ मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया।

शहर के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी अमित वर्मा गांधीनगर क्षेत्र के चरखारी वाईपास स्थित रिलायंश पेट्रोलपंप में कार्यरत है। मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे वह पंप बंद कर रहा था, तभी दो बाइक सवार आए और मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरने की बात कहने लगे, जिस पर अमित पंप बंद होने की बात कहकर जाने लगा। यह बात सुनकर दबंग भड़क गए और गाली गलौज करने लगे, कर्मी ने काफी समझाया, लेकिन वह नहीं माने और जबरन तेल भरने की कोशिश करने लगे, जिस पर कर्मी ने मना किया तो लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। कर्मी ने बचाव का काफी प्रयास किया और बचने के लिए वह मौका पाकर पंप में बनी केबिन के अंदर दौड़कर छिप गया। दबंग यह देख दौड़े केबिन के पास गए और केबिन के शीशे तोड़ दिये और अंदर घुस गए। कर्मी की फिर से पीटाई शुरू करने लगे, इसी बीच कांच का टुकड़ा अमित के गले में घुस गया, जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया, शोर शराबा सुन पेट्रोल पंप के अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दबंग बाइक सहित मौके से फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी।

घायल की गंभीर हालत को देखकर डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे ने बताया कि पेट्रोलपंप सीसीटीवी के जरिए दबंगों की पहचान की जा रही है।


पेट्रोल पंप जहां पर घटना हुई।

# डिवाइडर से टकराकर वाहन पलटा, 4 घायल

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

● झांसी-मिर्जापुर हाईवे का मामला, ब्रेकर के चलते संतुलन बिगड़ गया

**अमृत विचार।** झांसी मिर्जापुर हाईवे पर कस्बे के समीप बनाए गए डिवाइडर वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित होते जा रहे हैं, जिसके चलते बीती रात शादी समारोह में शामिल होने जा रहा चार पहिया वाहन का ब्रेकर के चलते संतुलन बिगड़ गया और वह हाईवे के बीचो बीच बने डिवाइयर पर चढ़कर पलट गया, जिससे उसमें सवार चार यात्रियों में एक से एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

झांसी से चार पहिया वाहन पर सवार होकर चार लोग महोबा शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी कस्बे के टौरियापुरा स्थित सुगिरा एनएच मार्ग पर अचानक ब्रेकर आ गया, जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क के बीच में बने डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन से यात्रियों को बाहर निकाला, जिसमें से झांसी निवासी सत्यप्रकाश को गंभीर चोट आने पर मेडिकल कॉलेज झांसी पहुंचाया, वहीं अन्य के मामूली चोटें होने पर सीएचसी कुलपहाड़ में ही उनकी मरहम पट्टी की गई।

# जल कोष यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** दुनिया में जल संकट है, पानी बनाया नहीं जा सकता केवल बचाया जा सकता है, वर्षा की बूंदे जहां गिरे वहीं रोकें, इस सृष्टि में जो कुछ भी हरा भरा है वह वर्षा की बूंदों का कमाल है। यह विचार पद्मश्री जल योद्धा उमाशंकर पांडे ने पसवारा ब्लाक कबरई गांव में आयोजित जल कोष यात्रा के दौरान विचार गोष्ठी में कही। जल योद्धा ने कहा कि हमें पुरखों के जल जोड़ने के परंपरागत तकनीकी और सामुदायिक भाव को फिर से जगाना है, भूजल के संबंध में महोबा जनपद की स्थिति चिंताजनक है। कहा कि इस ग्राम पंचायत में जल संरक्षण के लिए छोटे-बड़े सात तालाब है. 140 के करीब सरकारी तथा निजी कुआं हैं, यह गांव भाग्यशाली है की वर्षा जल संरक्षण के लिए पुरखों ने 500 बीघा से अधिक जमीन को छोड़ रखा है। ग्राम प्रधान अंजू सुलेरे व ग्राम वासियों के सहयोग से जल कोष को भविष्य की युवा पीढ़ी के लिए सुरक्षित करने के लिए साधन भी है और अवसर भी हैं। खंड विकास अधिकारी सौम्या आलोक ने बताया कि घरेलू कार्य में आने वाले पानी का हम पुनः सदुपयोग कैसे कर सकते हैं। जल शक्ति विद्यापीठ के राष्ट्रीय महासचिव अंकित ने कहा कि हर गांव में पानी की पाठशाला हो ताकि युवा पीढ़ी को पानी के बारे में जान सके। सहायक अभियंता नोडल अटल भूजल अक्षय कुमार, आईईसी एक्सपर्ट बांदा अखिलेश पाण्डेय ने भी विचार रखे। बताया कि जलकोष यात्रा को 16 को लखनऊ से रवाना हुई थी, जो महोबा पहुंची है।


जल कोष यात्रा के दौरान ग्रामीणों को जानकारी देते अतिथि। अमृत विचार

# बीए द्वितीय वर्ष के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा हुई

संवाददाता, बेलाताल महोबा

**अमृत विचार।** विकास खंड जैतपुर के मंगरौल मे स्थित स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय में मंगलवार को बीए द्वितीय वर्ष के सेकेंड सेमेस्टर की भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गई । परीक्षा में जैतपुर समेत क्षेत्र के छात्र छात्राएं महाविद्यालय निर्धारित समय से पहुंच कर परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई सभी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में शामिल होकर प्रश्न पत्र हल किया। परीक्षार्थियों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भूपेंद्र पांडेय ने बताया बीए द्वितीय वर्ष भूगोल विषय के सेकेंड सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा में 137 पंजीकृत छात्र छात्राओं में सभी उपस्थित रहे। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से आए परीक्षक डॉ गयाप्रसाद वर्मा की देखरेख में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सीसीटीवी कैमरों की नजर में संपन्न हुई। परीक्षार्थियों ने समय पर परीक्षा में भाग लिया। इस दौरान प्रवक्ता ब्रजेंद्र मिश्रा ,विपिन पाठक,राघवेंद्र तिवारी,ललित कुशवाहा ,विनय तिवारी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा

# बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** कालपी में महारानी वीरांगना लक्ष्मीबाई पार्क में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ने जम्मू और कश्मीर के कठुआ और डोडा में शहीद हुए सैनिकों के लिए कमांडर अनूप मेहरोत्रा गैलंट्री अवॉर्ड विजेता की अगुवाई में श्रद्धांजलि सभा की। सभी पूर्व सैनिकों ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया। यहां एसोशिएशन की कालपी तहसील के अध्यक्ष कैप्टन छेदा सिंह ने कहा कि सैनिकों का वलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। महेवा ब्लॉक संयोजक हवलदार जितेंद्र सिंह सरदार ने कहा की एक और सर्जिकल स्ट्राइक की आवश्यकता है। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष कैप्टन अखिलेश नगाइच, महासचिव हवलदार राघवेंद्र सिंह सेंगर, संगठन सचिव सुनील कुमार विश्वकर्मा, रविंद्र सिंह शर्मा (देसी रसोई), कैप्टन संतोष कुमार रायकवार, हवलदार अमर सिंह पाल, जगराम प्रजापति, सिरोमन सिंह, राम लखन सिंह. नायब सूबेदार जमुना दास, हवलदार जसपाल सिंह, विजय बहादुर नायक, रामस्वरूप, कौशलेंद्र सिंह जादौन, विजय सिंह यादव, राधाकृष्ण, सोनेलाल, अनिल कुमार, प्रीतपाल, राजू सिंह रहे।


शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

# शीतल जल और शर्बत पिलाया

**उरई।** मोहर्रम की दस तारीख के अवसर पर आज बुधवार को समाजसेवी एवं रोशनी स्टील फर्नीचर एवं रोशनी इलेक्ट्रॉनिक ग्रुप के सरफरोश यूसुफ अंसारी ने अपने आवास मोहल्ला शिवपुरी में विशाल लंगर का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में महिला व पुरुषों ने पहुंच कर भरपेट लंगर छका। समाजसेवी यूसुफ अंसारी हर वर्ष मोहर्रम की दस तारीख को लंगर करते आ रहे। इससे पहले शहर के मुहल्ला सदनपुरी में हो रही मुस्लिम धर्मगुरूओं की तकरीर सुनने के लिए भीषण गर्मी में जलसे को सुनने आये लोगों को शीतल पानी , शर्बत भी पिलाया।

## सार-संक्षेप

### हत्या कर कुएं में फेंकने का लगाया आरोप

**जालौन।** सिकरी राजा निवासी देव प्रसाद ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके पुत्र भरत उर्फ विशाल (25) वर्ष को गांव के ही धीरज, मानसिंह ,रामबरन उर्फ मामू, तथा रवि मंगलवार को दोपहर में घर से लिवा ले गए। देर रात तक जब मेरा बेटा नहीं आया तो उसकी खोजबीन की गई। पता चला कि गांव के पास गड़ीकिला के पास बने कुएं में एक लाश पड़ी है। जाकर देखा तो लाश उनके बेटे की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कुएं से निकलकर कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा । पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।


घटना की जानकारी देते क्षेत्राधिकारी राम सिंह।

### ताजिया आगे-पीछे करने के विवाद में मारपीट

**उरई।** थाना डकोर क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद में ताजियाद्वारों के दो गुटों में ताजिया को आगे पीछे करने की लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। इससे वहां हड़कंप मच गया। क्षेत्राधिकारी सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर दोनो गुटों के ताजियादारों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया। पुलिस सुरक्षा के बीच मुहम्मदाबाद में ताजिये निकाले गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वाद विवाद हो जाने पर दोनों पक्षों को समझाबुझाकर वहां से हटवा दिया गया है। ग्राम मुहम्मदाबाद में पर्याप्त पुलिस की मौजूदगी में दोनों जुलूस सकुशल निकले। मौके पर कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

### एसडीएम ने गौशाला की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कालपी जालौन।** बुधवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने आलमपुर स्थित नगर पालिका परिषद कालपी द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में कमियां देखकर सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद गायों को अभिलेख से मिलान किया। पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पानी के हौज में कंटीले झांकर देख कर एसडीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जल्द ही गौशाला का पुन : निरीक्षण किया जाएगा अगर व्यवस्था में सुधार नही हुआ तो दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। औचक निरीक्षण में पहुँचे उपजिलाधिकारी के समक्ष पालिका के राजस्व निरीक्षक एवं गौशाला प्रभारी राम भुवन सिंह पहुंच गए। राजस्व निरीक्षक ने भरोसा दिया कि गौशाला की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जायेगा।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने क्षेत्रीय सांसद को सौंपा ज्ञापन

**उरई।** संयुक्त किसान मोर्चा, के पदाधिकारियों ने जालौन गरौठा भगानी पुर सांसद नारायण दास अहिरवार को ज्ञापन सौप कर एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत कई मांगे उठाईं। संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानों का कर्ज माफ करने, बिजली के निजीकरण पर रोक लगानेऔर किसानों और मजदूरों को 10 हजार रुपए महीने पेंशन दिए जाने आदि मांगे की। सांसद से संयुक्त किसान मोर्चे की मांगों को संसद में संसद में उठाने की मांग की गई। संयुक्त किसान मोर्चा,अखिल भारतीय किसान महासभा के राजीव कुशवाहा ने 9 अगस्त को पूरे देश में कारपोरेट कंपनियों भारत छोड़ो नारे के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसान सड़क पर उतरेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा अखिल भारतीय किसान महासभा के राजीव कुशवाहा, शिवबीर सिंह, मजदूर नेता कामरेड राम सिंह चौधरी, विनोद सिंह, हरिशंकर, रमेश, जिला उपाध्यक्ष संपूर्णनंद ज्ञापन देने के बाद सांसद जालौन गरौठा नारायण दास से कामरेड राम सिंह चौधरी ने किसान मुद्दों पर व्यापक चर्चा भी हुई।

**बाढ़ की आशंका** बाढ़ के लिए चिह्नित किए गए गांवों के लोगों को अलर्ट किया

# यमुना, बेतवा के जलस्तर पर प्रशासन की नजर

कार्यलय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** संभावित बाढ़ के मद्देनजर 158 गांव चिन्हित किए गए। प्रशासन ने राहत की तैयारी करते हुए यमुना व बेतवा नदी में बाढ़ चौकियां स्थापित कर दी। अधिकारी जलस्तर की 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जहां जलस्तर की निगरानी पल-पल हो रही है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार के निर्देशन में कलेक्ट्रेट में बाढ़ कंट्रोल को संचालित किया गया है। संभावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे है। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि संभावित बाढ़ के मद्देनजर सभी तैयारी कर ली गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से संबंधित सभी एसडीएम को बाढ़ प्रभावित गांवो की संबंधित लेखपाल के जरिए प्रतिदिन स्थित का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही बाढ़ प्रभावित गांव के डूब क्षेत्र की आबादी के लोगो को जरूरत पड़ने पर ऊंचे स्थानों में शिफ्ट होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। उन्होंने बताया की माधोगढ़ तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवो को चिन्हित कर लिया गया है।

कालपी तहसील के बाढ़ प्रभावित गांव के डूब क्षेत्र के लोगो से राजस्व कर्मी लगातार संपर्क बनाए हुए है। कालपी तहसील क्षेत्र में उत्तर की ओर बह रही यमुना नदी और दक्षिण दिशा में बह रही बेतवा नदी के तटवर्ती गांवो के लोगो को सतर्क कर दिया गया है। उरई तहसील के उन गांवो के ग्रामीणों को संभावित बाढ़ आने की संभावना से संबंधित क्षेत्र के लोगो को अभी से बाढ़ से निपटने के लिए सतर्क कर दिया गया है। जालौन तहसील के संभावित बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवो के लोगो को राजस्व कर्मियो द्वारा एलर्ट कर दिया गया है।

कोंच तहसील के संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार स्थलीय मुआयना किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिले की सीमा में यमुना और बेतवा नदी में कुल 27 बाढ़ चौकी स्थापित की गई है। जिनमे फिलहाल 45 दिनो के लिए 104 कर्मियो को संबद्ध किया गया है। जो 8 8 घंटे की 3 पाली में 24 घंटे मुस्तैद रहकर बाढ़ की स्थित का जायजा ले रहे है, जिनका संपर्क कलेक्ट्रेट में स्थित बाढ़ कंट्रोल रूम से है जो पल पल की जानकारी कंट्रोल रूम को दे रहे है।


बढ़ते जलस्तर को देखते लोग। अमृत विचार

# आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता उरई

● सांसद नारायण दास अहिरवार से की गई मांग

**अमृत विचार।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर जनपद इकाई जालौन के तत्वाधान में जालौन-गरौठा-भोगनीपुर सांसद नारायण दास अहिरवार को मिशनरी कार्यकर्ताओ के साथ ज्ञापन दिया गया। जिसमे कहा गया की भाजपा की केंद्र सरकार गरीब दलित अनुसूचित जाति का संविधान में दिए गए आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है, आरक्षण को बचाने के लिए संसद सत्र में आवाज बुलंद करने की जरूरत है।

इस अवसर पर जिला महासचिव अवधेश कुमार गौतम ने ज्ञापन में अंकित मांगो को प्रस्तुत किया। राम औतार सिंह गौतम प्रदेश सचिव, सुंदर सिंह शास्त्री, नाथूराम बौद्ध ,रमाकांत दोहरे,डॉ अमित कुमार, सन्त कुमार शिरोमणि, अवधेश कुमार गौतम, देवेंद्र कुमार जाटव, कमल सिंह दोहरे, महेंद्र सिंह, शशिकांत प्रभाकर बेसिक शिक्षा संयोजक, आकाश जाटव, राजकुमार सिंह, सुधाकर राव गौतम,भूपेंद्र सिंह दोहरे, राम प्रकाश गौतम , ओमप्रकाश गौतम,प्रदीप कुमार दोहरे,शैलेंद्र कुमार गौतम,छत्रपाल,किशन बाबूजी डॉ नरेश गौतम, मिस्टर सिंह बौद्ध, प्रमोद कुमार वर्मा जिला संयोजक रैपिड एक्शन टीम,शिव प्रसाद वर्मा श्रद्धानंद वर्मा , शैलेंद्र कुमार वर्मा,प्रवेंद्र पाल सिंह, उमेश चंद्र सिंह समेत तमाम लोग यहां उपस्थित रहे।




## एक नजर

### पुष्पवर्षा से कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेगी सरकार

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार पुष्पवर्षा से कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेगी। श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में पेयजल व शिकंजी की भी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले 72 घंटे में कांवड़ यात्रा मार्गों की मरम्मत का शेष कार्य पूरा कराया जाय। मुख्यमंत्री बुधवार को 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

# मेडिकल कॉलेज को छावनी बनाने का लगा आरोप, हटाए गए एसपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हापुड़ के रामा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस पर लगाया आरोप
- बीमार महिला को अस्पताल में बंधक बनाने की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

**अमृत विचारः** हापुड़ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल को अचानक हटाया जाना बुधवार को पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। फिलहाल, गाजियाबाद के डीसीपी रहे कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने बुधवार को ही हापुड़ पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया है। बताया जा रहा है कि सीओ और पिलखुआं थाने के एसएचओ पर भी कार्रवाई हो सकती है।

रामा मेडिकल कॉलेज प्रकरण की जांच कराने की अभी तक कोई सूचना नहीं है। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने आईपीएस अभिषेक वर्मा को हटाए जाने को रूटीन ट्रांसफर करार दिया, जबकि अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल को रामा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की शिकायत के बाद हटाया गया है।

### शासन ने एसपी को किया प्रतीक्षारत, एएसपी का भी हुआ स्थानांतरण

मंगलवार को पिलखुवा स्थित रामा मेडिकल कॉलेज में भर्ती बिजनौर के चांदपुर निवासी जावेद ने डायल-112 पर शिकायत करते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन इलाज में लापरवाही बरत रहा है। उनकी मां जो कि यहां भर्ती हैं, को बंधक बना लिया गया है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल के स्टॉफ द्वारा पुलिस द्वारा धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया गया। इस सूचना पर एसपी अभिषेक वर्मा ने अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल को मौके पर भेजा। उन्होंने रामा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को समझाया और पुलिसकर्मियों को उनके साथ में बिठाकर समझौता करा दिया। कुछ देर बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से लखनऊ में बड़े भाजपा नेता को फोन करके यह सूचना दी गई, कि हापुड़ पुलिस द्वारा एक सामान्य से घटनाक्रम में मेडिकल कॉलेज को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया, जिससे कॉलेज की प्रतिष्ठा को धक्का लगा है। इसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर आईजी नचिकेता झा पिलखुवा स्थित अस्पताल पहुंच गए। यहां अस्पताल के अधिकारियों से उन्होंने पूरी रिपोर्ट ली और इसके बाद लखनऊ के अधिकारियों को संपूर्ण प्रकरण से अवगत कराया। देर रात शासन ने एसपी अभिषेक वर्मा को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया जबकि एएसपी राजकुमार अग्रवाल का स्थानांतरण कर दिया गया।

# मऊ और कानपुर देहात के लिए शासन से मांगा बजट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मऊ और कानपुर देहात में नए आश्रम पद्धति विद्यालय की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। एक एटीएस के निर्माण पर 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विभाग ने दोनों विद्यालय के निर्माण के लिए शासन से 80 करोड़ रुपये मांगे हैं।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों विद्यालय के निर्माण पर 80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है और बजट मांगा गया है।

# 2500 निवेशकों से 150 करोड़ की ठगी, 4 गिरफ्तार

## भरोसा दिलाने के लिए दिखाते थे सेबी का फर्जी लाइसेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुरक्षित निवेश का वादा कर खोलते थे डीमैट अकाउंट
- 2018 से लोगों को बना रहे थे निशाना
- गिरोह में दो भाई और उनमें से एक की पत्नी भी शामिल

**अमृत विचारः** शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश और अच्छे रिटर्न का झांसा देकर प्रदेश के 2500 निवेशकों के साथ 150 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह के 04 सदस्यों को एसटीएफ और कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इसमें एक महिला भी शामिल है। यह गिरोह वर्ष 2018 से लोगों को ठग रहा था।

एडीसीपी शशांक सिंह के मुताबिक, नासिर अली व अन्य लोगों को शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश का विश्वास दिलाते हुए तीन दिन में निवेश की गई रकम की वापसी और हर महीने निवेश की गई रकम का दस फीसदी रकम निवेशक के खाते में जमा करने का झांसा देते थे। शक न हो इसके लिए गूगल प्ले स्टोर पर एक एप 'फैन कैपिटल सर्विसेस' बना रखा था, जिसका एडमिन नासिर अली था। इस एप के माध्यम से निवेशकों की डिटेल लेकर उनका डीमैट एकाउंट खोला जाता था। भरोसा कायम करने के लिए सेबी का फर्जी लाइसेंस भी दिखाया जाता था। इसी एप पर निवेशकों की रकम का निवेश और भुगतान का ब्योरा दिखाया जाता था। वास्तव में वे केवल निवेशकों को पैसों से ही उन्हें भुगतान करते हुए बैलेंस दिखाते थे। कुछ समय बाद लाभ को खाते में न दिखाते हुए उसे प्रिंसिपल अकाउंट में जोड़ा जाना बताते थे। जिन खातों की देनदारी अधिक हो जाती थी उन्हें डीएक्टिवेट करके निवेशकों को झूठी सूचना देते थे। पैसा वापस मांगने पर सर्वर और सॉफ्टवेर अपडेट का बहाना कर भुगतान लटकाते थे और निवेशकों को कानूनी दांवपेंच में फंसाने की धमकी देते थे। दबाव बनाने पर कुछ लोगों को फर्जी हस्ताक्षर किया गया चेक दिया गया तो बैंक में बाउंस हो गए।

### कई फर्में बनाकर करते थे धोखाधड़ी

आरोपियों ने कई फर्में बना रखीं थीं। इसमें फैंस कैपिटल सर्विसेज, अंबिया इंश्योरेंस मार्केटिंग प्राइवेट लि. अंबिया इन्फ्राटेक प्रालि. फैन्स वेल्थ मैनेजमेंट एंड आईएमएफ प्राइवेट लि. अंबिया टेक्नालॉजी लि. के माध्यम से डीमैट अकाउंट खोले जा रहे थे।

### लखनऊ के इन क्षेत्रों के निवासी हैं आरोपी

नासिर अली पुत्र शाकिर अली, निवासी आजाद नगर, जाकिर अली पुत्र शाकिर अली, सलमा बानो पत्नी नासिर अली और सौरभ बाबू पुत्र अशोक कुमार निवासी गोपाल नगर, कृष्णा नगर।

**बरामदगी**- 5 सीपीयू, 4 लैपटॉप, 8 हार्ड डिस्क और एक पैन ड्राइव।

# एक क्लिक पर मिलेगी अभ्युदय कोचिंग सेंटर की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- इस महीने के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगी वेबसाइट
- आवेदन प्रक्रिया, कोचिंग में विषयों की जानकारी भी मिलेगी

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग धीरे-धीरे अपनी सभी योजनाओं को ऑनलाइन कर रहा है। अभ्युदय कोचिंग सेंटरों की जानकारी आसानी से लोगों को मिल सके और विभाग के चक्कर न काटने पड़े इसके लिए वेबसाइट तैयार कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसके तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का कई युवकों ने लाभ उठाते हुए आईएएस, पीसीएस बनने का सपना साकार किया है। अभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), उप-सेवा चयन आयोग (एसएसएससी), अन्य भर्ती बोर्ड परीक्षाएं, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कराई जा रही है।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अभ्युदय कोचिंग सेंटर के लिए वेबसाइट तैयार कराई जा रही है। वेबसाइट बनने के बाद छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन लेक्चर दिया जा सकेगा। साथ ही एक क्लिक करके कोई भी देखा सकेगा कि किस जिले में कहां पर कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। सेंटरों पर कौन सी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। कोचिंग सेंटर का लाभ लेने के लिए घर बैठे आवेदन किया जा सकेगा। वेबसाइट बनने के बाद छात्र-छात्राओं को विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत तक वेबसाइट बनकर तैयार हो जाएगी। वेबसाइट को लेकर काम शुरू हो गया है।

# फैसले टालना भाजपा की चाल : अखिलेश



सपा प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात अखिलेश यादव के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डिजिटल अटेंडेंस स्थगन और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर बोले सपा प्रमुख

**अमृत विचारः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था को स्थगित करने और शहर के कुछ आवासीय स्थलों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई टाल देने में भाजपा की चाल है। उपचुनावों के मद्देनजर ही वह पीछे हटी है। ये निर्णय टालकर सभी को धोखा दिया गया है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी कार्यालय में शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस निर्णय स्थगन के सवाल पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर मंत्रियों में सीट को लेकर लड़ाई चल रही है, शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। आपसी खींचतान की वजह से जनता के लिए सोचने वाला भाजपा में कोई नहीं है। इन लोगों को चिंता है कि कहीं उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर ही चुनाव न हार जाएं।

तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम भाजपा दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वो अपने दल के अंदर कर रही है। इसीलिए भाजपा अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है।

### पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई प्रधानों ने ली सदस्यता

**अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव की मौजूदगी में बुधवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही इस मौके पर विकास खण्ड बीकेटी के कई दर्जन प्रधानों ने भी सपा की सदस्यता ली। सपा मुख्यालय में सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि सपा में लोगों के शामिल होने से संविधान बचाने के लिए पीडीए की लड़ाई में मदद मिली है और मोहनलालगंज लोक सभा सीट पर ऐतिहासिक विजय मिली है।

# आदेशों के अनुपालन में कमी को लेकर डीजीपी ने जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को लिखा पत्र, कहा प्रशासनिक व्यवस्था पर लग रहा प्रश्नचिन्ह

**अमृत विचारः** पुलिस बल के अराजपत्रित अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेशों के अनुपालन में हीलाहवाली को देखते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि इस तरह के कार्यों से प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

उन्होंने लिखा कि न्यायालय में रिट याचिकाएं योजित की जाती है तथा न्यायालय द्वारा समय से स्थानांतरण आदेश पर कार्यमुक्त न किए जाने को लेकर प्रतिकूल टिप्पणी की जा रही है। ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण सत्र के अंतर्गत पुलिस बल के किए गए समयावधि, प्रशासनिक, जनहित एवं अनुकंपा के आधार पर किए गए स्थानांतरण आदेश का क्रियान्वयन तत्काल किया जाना आवश्यक है, ताकि स्थानांतरित पुलिस बल के कर्मी समय से स्थानांतरित होकर कर्तव्यरत हो जाएं और कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो सके।

उन्होंने कहा कि यह भी संज्ञान में आया है कि अत्यधिक मात्रा में समयावधि पूर्ण में किये गये स्थानांतरण आदेश को निरस्त एवं संशोधन कराये जाने के लिए अधिकारियों द्वारा कर्मियों के प्रार्थनापत्र मुख्यालय को संदर्भित किये जा रहे हैं तथा उन्हें संशोधन अथवा निरस्त किए जाने के लिए मुख्यालय में पेश होने की अनुमति प्रदान की जा रही है। कहा कि यदि किसी कर्मी को गम्भीर बीमारी है तो उक्त कर्मी स्थानांतरित स्थान पर आगमन कराने के उपरांत सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से अपना प्रत्यावेदन मुख्यालय को संदर्भित कर सकता है। सक्षम प्राधिकारी उक्त कर्मी का प्रत्यावेदन मुख्यालय को सन्दर्भित करने से पूर्व स्वयं संज्ञान लेते हुए कर्मी द्वारा दर्शायी गयी गम्भीर बीमारी के पुष्टि के उपरांत मय मेडिकल प्रपत्र सहित प्रस्ताव इस मुख्यालय को सन्दर्भित करेंगे।

# एमडीएस में दाखिले को सीट लॉक करना जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नीट एमडीएस-2024 में प्रथम चरण की काउंसिलिंग के निर्देश जारी
- 1 अप्रैल 2024 के बाद निर्गत हुए आरक्षण प्रमाण पत्र ही होंगे मान्य

**अमृत विचार :** नीट एमडीएस-2024 की ऑनलाइन काउंसिलिंग में मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकता भरने के बाद सीट लॉक करना जरूरी है। अन्यथा सीट आवंटन प्रक्रिया से स्वतः बाहर कर दिया जाएगा। यह निर्देश नीट एमडीएस (मास्टर आफ डेंटल सर्जरी) की प्रथम चरण की चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग व दाखिले को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दिए हैं।

नीट एमडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों की मेरिट सूची जारी करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया संबंधित विश्वविद्यालय में ही संपन्न होगी। जबकि निजी डेंटल कॉलेजों की सीटों पर आवंटित अभ्यर्थियों के दाखिले संबंधित नोडल सेंटर पर संपन्न होगी। इसलिए सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को संबंधित नोडल सेंटर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि निजी डेंटल कॉलेज में दाखिले के लिए शासन की ओर से निर्धारित शिक्षण शुल्क का बैंक ड्रॉफ्ट, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा व प्रशिक्षण उप्र के नाम ही जमा होगा। यह नोडल सेंटर पर में जमा किया जाएगा। हालांकि निजी कॉलेज, निर्धारित शिक्षण शुल्क से कम शुल्क लेने के लिए स्वतंत्र हैं, इसके लिए उन्हें नोडल अधिकारी को अवगत कराना होगा।

आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को नोडल सेंटर पर गठित मेडिकल बोर्ड से ही मेडिकल परीक्षण कराना होगा। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को 1 अप्रैल 2024 के बाद ही निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

## नगर निगम डिग्री कॉलेज में काउंसिलिंग आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज ने बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश की पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुभाष पांडेय ने बताया कि जनरल केटेगरी के लिए कटऑफ 65 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 48प्रतिशत और एससी के लिए 42 प्रतिशतहै। गुरुवार से काउंसिलिंग और प्रवेश शुरू हो जाएगा।

## अस्पतालों के उच्चीकरण के लिए बजट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य में चिकित्सा सेवाएं सुदृढ़ करने की दिशा में विभिन्न जिलों में साज-सज्जा व संसाधनों की उपलब्धता कराने की दिशा में कार्य जारी है। सहारनपुर स्थित एसडीडी जिला चिकित्सालय को नए चिकित्सकीय उपकरण व भवन मरम्मत कार्य के मांग के अनुसार दो करोड़ 12 लाख रूपए और प्रयागराज के क्षयरोग चिकित्सालय को सवा दो करोड़ रूपए भेजे गए हैं।

इसके अलावा जौनपुर के जिला अस्पताल में ट्यूबबेल, पंप हाउस, वाटर लाइन आदि स्थापित करने के लिए 87 लाख रूपए निर्गत किए गए हैं। वाराणसी में मानसिक रोग अस्पताल महिला एवं पुरूष, दोनों को ही भवन निर्माण के लिए चार करोड़ 12 लाख रूपए शासन द्वारा स्वीकृत किए गए हैं।

## वर्ग पहेली-134

**बाएं से दाएं**

1. बहुत भारी वस्तु को ऊपर उठाने वाला यंत्र या उपकरण, उत्तंभ, उत्थापक, (क्रेन)।
4. ख़ुशामद, ठकुर-सुहाती।
5. 1. दल, समूह, जत्था 2. गिरोह, टोली 3. वर्ग, श्रेणी 4. अनुचर, सेवक 5. किसी समान उद्देश्य वाले लोगों का समूह 6. शिव के दूत या सेवकों का दल 7. समानता के आधार पर किसी व्यक्ति
6. 1. जिसपर कलंक लगा हो 2. अपयशी, कुख्यात 3. बदनाम 4. कलंकी।
8. 1. किसी भारी वस्तु के गिरने से होने वाली ध्वनि 2. धरती पर दबाव डालकर चलने से पैदा होने वाला शब्द 3. धमाका धड़ाम, धप।
10. एक पेड़ जिसके बीजों से चिरौंजी निकलती है।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. रक्षा, देख-रेख, रख वाली 2. पालन-पोषण।
3. कैंची या सरौते आदि से किसी चीज़ को काटना, काट-छांट करना।
5. 1. झटके से कुछ खा जाना, चटपट निगलना 2. झूठ बोलना।
7. 1. भाड़ा, वह धन जो किसी की कोई वस्तु काम में लाने के बदले उस वस्तु के मालिक को दिया जाए, (रेंट) 2. रेल
9. मद्य, मदिरा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| ■ | ■ | 4 | | | |
| 5 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 6 | | 7 | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 8 | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | |

### वर्ग पहेली-133 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख | ग | हा | ■ | 2 दे | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 स | हि | क |
| ■ | 4 अं | गा | र | क | ■ |
| ■ | त | ■ | प | ■ | 5 जो |
| ■ | रा | ■ | 6 ट | के | त |
| 7 झाँ | व | र | ■ | ■ | दा |
| ■ | थि | ■ | 8 व | ज़ी | र |

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | 2 | | 5 |
| 9 | | 5 | | | 8 | | 4 | 7 |
| | 2 | | 3 | 6 | | 8 | | |
| 8 | | 6 | | | 4 | | | |
| | 1 | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | | 7 | | 8 | 1 | | 5 | |
| 4 | 5 | | 6 | | | 1 | | 9 |
| 6 | | 1 | | | 3 | | | |

### सुडोकू-46 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 20.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- ज्येष्ठा 19 जुलाई 03.25 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** — आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने आस-पास रह रहे लोगों से सावधान रहें।

**वृष** — आज नौकरी में किसी अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में किए गए परिवर्तन लाभकारी सिद्ध होंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को निवेश करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मिथुन** — आज घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी को बहुत ही सोच विचार कर धन उधार दें। किसी जोखिम पूर्ण कार्य को करने में कामयाब होंगे। राजनीति में आपके कुशल नेतृत्व से महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज बहुराष्ट्रीय कंपनीयों में कार्यरत लोगों को अपने उच्चाधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा। व्यापार में अपनी योजना को विरोधियों को पता न चलने दें अन्यथा योजना में विभिन्न बाधा आ सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**सिंह** — आज आप धन का कुछ हिस्सा दानपुर के कार्यों में भी लगाएंगे। चुस्ती एवं स्फूर्ति के साथ अपने कार्य को पूरे मनोयोग से ध्यान देना होगा। विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान को नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कन्या** — आज कोर्ट कचहरी के मामले में आपके खिलाफ निर्णय आ सकता है। परिवार में कठोर वाणी का प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में सरकारी विभाग द्वारा कुछ बाधा उत्पन्न हो सकती है। यदि आपको कोई धन संबंधी समस्या चल रही थी तो वह भी दूर होगी।

**तुला** — आज का दिन मिलाजुला रहेगा। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगा। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रह सकता है। आय में कमी हो सकती है। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**धनु** — आज जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर** — आज का दिन अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। अपने बॉस से निकटता का लाभ मिलेगा। मजदूर वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा। कृषि संबंधी कार्य में आई बाधा सरकारी मदद से दूर होगी।

**कुंभ** — आज ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। राजनीतिक पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मशीनरी उद्योग से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। शासन-प्रशासन के कार्य में अधिक व्यवस्था रहेगी।

**मीन** — आज जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
चोरी मेरा काम — सुबह : 10.16
मेला — रात : 07.00

&pictures
मक्खी — सुबह : 10.24
ये साली आशिकी — रात : 08.00

SONY PIX
वाइट हाउस डाउन — सुबह : 10.17
65 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
मिली — सुबह : 09.35
स्टेट ऑफ सीज — शाम : 05.49

colors CINEPLEX
दिल विल प्यार व्यार — सुबह : 11.30
दोस्ताना — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुत्र – मां मैं भी तालाब में तैरना चाहता हूं।
मां – नहीं ! बेटा डूब जाओगे
पुत्र – लेकिन पिताजी तो घंटे-भर से तालाब में तैर रहे हैं।
मां – बेटा तुम्हारे पापा का बीमा हो चुका है।

चिंटू- आज मैंने एक स्पेशल डिश बनाई है, जिसे खाते ही गर्मी गायब हो जाएगी।
पिंटू- ऐसा क्या बना दिया तुमने यार?
चिंटू- नवरत्न तेल में पकौड़े।

## एक नजर

### ईडी ने वाल्मीकि सहकारी घोटाला में नागेंद्र की पत्नी से पूछताछ की

**बेंगलुरु।** ईडी ने यहां सरकारी स्वामित्व वाले निगम में 187 करोड़ रुपये के घोटाले के संबंध में पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र की पत्नी मंजुला से बुधवार को पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए मंजुला को तलब किया था। कांग्रेस के विधायक नागेंद्र पहले ही ईडी की हिरासत में हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़ा कथित अवैध धन हस्तांतरण घोटाला 26 मई को लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी. के आत्महत्या करने व एक नोट छोड़ने के बाद सामने आया था। सुसाइड नोट में निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अनधिकृत हस्तांतरण का खुलासा हुआ था।

### कश्मीर में मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडे, नारे लगाने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में आठवें मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीन के झंडे और नारे लगाने के आरोप में बुधवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि प्रशासन द्वारा मुहर्रम जुलूस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का जुलूस में सरासर उल्लंघन किया गया था। यह जुलूस श्रीनगर के मध्य से गुजरा और इसमें मातम मनाने वाले हजारों शिया शामिल हुए थे। जुलूस के दौरान हिजबुल्लाह के झंडे और आपत्तिजनक नारे लगाये गये थे। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कहा कि कुछ मुद्दे थे जो आठवें मुहर्रम जुलूस के लिए निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार उनका पालन नहीं कयिा गया था।

# केंद्र सरकार के रेड राज से निवेश लगातार हो रहे कम : कांग्रेस

## जयराम बोले- नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घाटी आर्थिक विकास की रफ्तार

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की अस्थिर नीतियों, मित्रवादी पूंजीवाद के बोलबाले और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग के 'रेड राज' के कारण पिछले 10 वर्षों से निवेश कम हो रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारत को नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, बल्कि उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत है।

रमेश ने कहा कि 2014 के बाद से भारत के तेज़ी से वृद्धि न करने का मुख्य कारण सुस्त निवेश दर है। अस्थिर नीतियां, मित्रवादी पूंजीवाद का बोलबाला और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग का रेड राज, इन तीन वजहों से 2014 से निवेश लगातार कम हो रहा है। कम निवेश मध्यम और दीर्घकालिक जीडीपी वृद्धि दर को नीचे खींचता है, जिसके परिणामस्वरूप मजदूरी और उपभोग वृद्धि में गिरावट आती है। रमेश ने दावा किया कि भारत में निजी घरेलू निवेश 2014 से सुस्त है। डॉक्टर मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जीडीपी 25-30 प्रतिशत के दायरे में था।

### ध्यान भटकाने की राजनीति बंद करें मोदी: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मुंबई में नौकरी के लिए एकत्र युवाओं की भीड़ वाले वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान भटकाने की राजनीति बंद कर युवाओं के बारे में सोचना चाहिए। 16 जुलाई को मुंबई हवाईअड्डे पर एअर इंडिया में अलग-अलग पदों के लिए आवेदन देने बड़ी संख्या में युवा पहुंचे थे। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी कुछ दिन पहले मुंबई में कह रहे थे कि हमने करोड़ रोजगार देकर रिकॉर्ड तोड़ डाले। आज उसी मुंबई में कुछ वैकेंसीज के लिए आए बेरोजगारों की अपार भीड़ का वीडियो वायरल है।

# असम : मुठभेड़ में हमार के 3 उग्रवादी मारे गए, कई पुलिसकर्मी भी घायल

सिलचर (असम), एजेंसी

असम के कछार जिले में बुधवार को हुए मुठभेड़ में हमार के कम से कम तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर कहा कि सुबह एक अभियान में कछार जिले की पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के हमार के तीन उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने दो एके राइफल, एक अन्य राइफल और एक पिस्तौल भी बरामद की है। गुवाहाटी स्थित असम पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ जवानों के घायल होने की पुष्टि की है।

पुलिस ने मंगलवार रात पूर्वी ढोला गंगानगर से 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था। यह जानकारी नहीं दी गई है कि वे किस संगठन के थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ऑटोरिक्शा बरामद किया जिसका इस्तेमाल उग्रवादियों ने किया था। उसमें से एक एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य हथियार बरामद किए गए। पुलिस की एक टीम अन्य उग्रवादियों की तलाश में आज सुबह तीनों को भवन हिल्स इलाके में लेकर गई। उसी समय मुठभेड़ हुई। एक घंटे से अधिक समय तक हुई मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए, जबकि तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हो गए।

### कांकेर में नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। साथ ही एक घायल जवान मोर्चा संभाल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर जिले के पखांजूर में पिछले तीन घंटे से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में एक उप निरीक्षक समेत दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल उप निरीक्षक को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। वहीं दूसरा घायल जवान अब भी मुठभेड़ में मोर्चा संभाल रहा है। मुठभेड़ के स्थान में बैकअप के लिए टीम रवाना हो गई है। इस पूरी घटना की पुष्टि जवानों के वापसी के बाद ही हो पाएगी।

# कर्ज चुका पाने में असमर्थ कर्जदार ने की मुकेश सहनी के पिता की हत्या

दरभंगा, एजेंसी

- पुलिस ने हत्या के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

बिहार की दरभंगा ज़िला पुलिस ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के हत्या मामले का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी जगुन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने बताया कि घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के जिरात गांव में हुई हत्या की घटना का खुलासा किया गया है और एक अभियुक्त इसी तहां क्षेत्र के अफजला टोला, सुपौल बाजार का रहने वाला काजिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रेड्डी ने बताया कि काजिम ने जीतन सहनी से ब्याज पर कर्ज लिया था, जिसे न चुका पाने के कारण कर्ज के एवज में गिरवी रखी ज़मीन नहीं छुड़ा पा रह था। इसी क्रम में घटना की रात डेढ़ बजे काजिम और उसके साथियों ने सहनी के घर में प्रवेश किया। अभियुक्तों ने जीतन को डराकर जमीन और कर्ज के कागज़ात मांगने लगा लेकिन सहनी ने गाली देना शुरू कर दिया। इस पर काजिम ने सहनी पर चाकू से वार कर हत्या कर दी और भाग निकला।

## ईडी ने जल जीवन मामले में कथित बिचौलिए को किया गिरफ्तार

**जयपुर।** ईडी ने राजस्थान में जल जीवन मिशन योजना को लागू करने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कथित बिचौलिए संजय बड़ाया से मंगलवार को एजेंसी कार्यालय में पूछताछ की गई थी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का उद्देश्य नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है और राजस्थान में इसे राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इस मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। एजेंसी इससे पहले तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है जिनमें गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल, श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदमचंद जैन और एक अन्य व्यक्ति पीयूष जैन शामिल हैं।

# हिमाचल में जवाहर नवोदय विद्यालय के 5 छात्र निलंबित

शिमला, एजेंसी

- रैंगिंग में 15 दिनों के लिए निलंबित 10वीं के छात्रों की पिटाई का आरोप

शिमला जिले के ठियोग स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के 12वीं कक्षा के करीब 5 छात्रों को रैंगिंग के आरोप में 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया हैं। स्कूल प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि 13 जुलाई की रात को 5 छात्रों ने एक छात्रवास में दसवीं कक्षा के कुछ छात्रों की इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि उन्होंने अपने वरिष्ठजनों के कपड़े धोने से मना कर दिया था।

उन्होंने बताया कि कनिष्ठ छात्रों को मामूली चोटें आई हैं। बाद में एक पीड़ित छात्र ने अपने अभिभावकों को फोन पर घटना के बारे में बताया। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि वरिष्ठ छात्र उससे पैसे भी मांगते थे। जेएनवी ठियोग की प्राचार्य संजीता शौनिक ने कहा कि उन्होंने छात्रवास जाकर छात्रों की लड़ाई रोकी। उन्होंने कहा कि दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, उसके लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## दिल्ली सरकार पेड़ों को काटने की अनुमति देने का दोष स्वीकारे : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दक्षिणी रिज के आरक्षित वन क्षेत्र में सड़क बनाने के लिए 422 पेड़ों को काटने की अनुमति देने पर दिल्ली विकास प्राधिकरण को फटकार लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने पर्यावरण के प्रति संवेदनहीनता दिखाई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह एक स्वीकार्य स्थिति है जैसा कि पेड़ अधिकारी के बयान से पता चलता है कि 422 पेड़ों को काटने के लिए अधिकारी ने कोई अनुमति नहीं दी थी। न्यायालय सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए रिज वन क्षेत्र में 1,100 पेड़ों को काटने के मामले में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते अवमानना कार्यवाही की सुनवाई कर रहा था। पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि दिल्ली सरकार को 422 पेड़ों को काटने की अनुमति देने का दोष स्वीकार करना चाहिए, दिल्ली सरकार को ऐसी अनुमति देने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है।

# विधि मंत्रालय ने कुछ विधेयकों की वकालत की

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय ने इसे अपने 100-दिवसीय एजेंडे में किया शामिल

विधि मंत्रालय ने कुछ प्रकार के विधेयकों में सावधि (सनसेट) खंड या स्वतः निरस्तीकरण प्रावधान को शामिल करने की वकालत की है ताकि कानून की पुस्तकों में किसी तरह की अव्यवस्था नहीं हो। साथ ही उसने इसे अपने 100-दिवसीय एजेंडे में शामिल किया है।

सावधि खंड मुख्यतया अस्थायी प्रकृति के कानूनों या बदलती स्थितियों से निपटने वाले कानूनों पर लागू होता है। उपयोगिता समाप्त होने पर वे कानून की पुस्तकों से हटाए जाते हैं। विधि मंत्रालय के विधायी विभाग ने नए विधायी प्रस्ताव में सावधि खंड को अपने 100-दिवसीय एजेंडे का हिस्सा बनाते हुए कहा है कि संबंधित मंत्रालयों के परामर्श के बाद इस संबंध में कदम उठाए जाएंगे। संसदीय चुनावों से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100-दिवसीय एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था।

पूर्व केंद्रीय विधि सचिव पी के मल्होत्रा ने बताया कि जब भी विधायिका - संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित किसी कानून की अवधि को सीमित करना चाहती है, तो वह नीतिगत तौर पर एक सावधि खंड शामिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि इसमें यह प्रावधान हो सकता है कि एक निश्चित अवधि-आवश्यकता के आधार पर 5 या 10 वर्ष- बीत जाने के बाद संबंधित कानून स्वतः समाप्त हो जाएगा। मल्होत्रा ने कहा कि विधायिका सावधि खंड से निष्क्रिय हो चुके कानून को नया जीवन देने के लिए नया कानून पारित कर सकती है। विभाग के अनुसार, वह संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों और विभागों के परामर्श से नए विधायी प्रस्ताव में सावधि खंड या स्वतः निरस्तीकरण उपबंध को शामिल करना चाहता है।

## पंजाब में 7 किलो हेरोइन और 5 पिस्तौल के साथ दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर सात किलो हेरोइन और पांच पिस्तौल बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर कहा, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने 2 संदिग्धों को गिरफ्तार किया, 7 किलो हेरोइन, 5 पिस्तौल, पांच कारतूस और पांच मैगजीन बरामद की, जिससे तस्करी का नेटवर्क बाधित हुआ।

# फर्जी प्रमाणपत्र पर बर्खास्तगी व सख्त कार्रवाई हो

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के पूर्व बोले- प्रशिक्षण खर्च और वेतन की वसूली होनी चाहिए

ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर से जुड़े विवाद के बीच लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के पूर्व प्रमुख संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि जो लोग सिविल सेवाओं में शामिल होने के लिए फर्जी जाति और दिव्यांगता प्रमाण पत्र का उपयोग करते पाए जाते हैं, उन्हें न सिर्फ बर्खास्त किया जाना चाहिए, बल्कि उनसे प्रशिक्षण खर्च और वेतन की वसूली भी की जानी चाहिए।

खेडकर द्वारा अधिकार और विशेषाधिकारों के दुरुपयोग का मामला सामने आने के बाद, सोशल मीडिया पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की भरमार हो गई है। सोशल मीडिया पर लोगों ने कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नाम, चित्र और अन्य विवरण साझा करते हुए दावा किया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए उपलब्ध लाभों का उपयोग करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया। चोपड़ा ने कहा, यह व्यवस्था में एक गंभीर रोग है। ऐसा करते हुए जो कोई भी पाया जाता है, वह न सिर्फ एक योग्य उम्मीदवार को वंचित करता है, बल्कि जानबूझकर आपराधिक साजिश में शामिल होता है।

### नोटिस के बाद, पूजा खेडकर के पारिवारिक घर के पास अवैध निर्माण को हटाया गया : अधिकारी

**पुणे।** पुणे में प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के पारिवारिक बंगले के पास एक अवैध संरचना को हटा दिया गया है, नगर निकाय ने उन्हें इसे हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। अधिकारी ने कहा कि हो सकता है कि खेडकर के परिवार ने कथित अतिक्रमण हटा लिया हो, क्योंकि पुणे नगर निगम (पीएमसी) द्वारा निर्धारित समय सीमा अभी समाप्त नहीं हुई है। पीएमसी अधिकारियों ने 13 जुलाई को शहर के बानेर रोड इलाके में स्थित बंगले के बाहर नोटिस चिपकाया था, जिसमें आईएएस अधिकारी के परिवार से संपत्ति से लगे फुटपाथ पर 60 फुट लंबाई, तीन फुट चौड़ाई और दो फुट ऊंचाई वाले अनधिकृत ढांचे को हटाने के लिए कहा गया था।

## कारोबार/कृषि

### कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूंदड़ा 2450-2460 आर.आर.21 2550-2600 गेहूंफारम 2600-2700 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़दहरा 11000-11500 उड़दकाला 8000-9000 मूंग 8000-8200 **दाल (प्रति क्वि.)** अरहरफूल 16400-16500 अरहरस्पेशल 13900-14000 चनादाल 7900-8050 मटरदाल 4500-4600 मसूरमलका 7150-7225 मसूरदाल 7375-7425 उड़ददाल 9000- 13300 उड़द धोवा 10000- 13000 मूंगदाल 8100-9700 मूंग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02.7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा 1460-1500 मैदा 1420-1470 सूजी 1480-1520 **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाहपसंद 1380-1420 **तिलहन (प्रति क्वि.)** लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000-11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9300- 10800 बटाली 8600-10100 सेहुआं 4000 - 4500 **तेल (प्रति क्वि.)** सरसों कोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन)** सोयाबीन 1570-1569 **खली (प्रति क्वि.)** सरसों 2600-2650 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)** बावर्ची 1565-1564 मयूर 1565-1564 **गुड़ (प्रति क्वि.)** मंगलौर लड्डू 4850-4900 देशीभेली 4650-4700

### सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56800-57000 |

# देश में तेल खली निर्यात 20% बढ़कर 3.35 लाख टन पहुंचा

## डीओसी निर्यात में कमी का कारण सरसों, अरंडी और प्रतिबंध लगना

नई दिल्ली, एजेंसी

सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात में उछाल के कारण जून में भारत का डीओसी निर्यात 20 प्रतिशत बढ़कर 3,35,196 टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 2,80,001 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को डीओसी के निर्यात आंकड़े जारी किए।

एसोसिएशन ने कहा कि अप्रैल-जून, 2024 के दौरान डीओसी का कुल निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के 12,10,045 टन की तुलना में घटकर 11,02,632 टन रह गया, जिसका मुख्य कारण सरसों डीओसी, अरंडी डीओसी के निर्यात में कमी और निर्यात प्रतिबंध के कारण पिछले साल सितंबर से चावल भूसी डीओसी (डी-ऑइल राइस ब्रान) का निर्यात नहीं होना है। एसईए ने कहा कि चावल भूसी डीओसी की कीमतें अब निचले स्तर पर हैं और इसके नीचे जाने की भी संभावना है। उन्होंने सरकार से 31 जुलाई, 2024 से आगे प्रतिबंध को नहीं बढ़ाने का आग्रह किया।



- चावल भूसी डीओसी की कीमतों में गिरावट की भी संभावना

### बीते साल स्थिर रहा चाय निर्यात

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात कैलेंडर साल 2023 में 23 करोड़ 16.91 लाख किलो पर स्थिर रहा है। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 2022 के दौरान चाय का निर्यात 23 करोड़ 10.8 लाख किलो था। प्रमुख बागान मालिक संगठन भारतीय चाय संघ (आईटीए) के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भुगतान समस्याओं के कारण ईरान के बाजार में नुकसान ने चाय के समग्र उठाव को प्रभावित किया है। ईरान द्वारा भारतीय चाय का आयात 2019 के 5.4 करोड़ किलो की तुलना में 2023 में 51.6 लाख किलो गिरा था। रूस को भेजी जाने वाली खेप भी यूक्रेन के साथ संघर्ष से प्रभावित हुई। 2023 में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात 14.1 करोड़ किलो था, जबकि दक्षिण भारत का निर्यात नौ करोड़ 6.9 लाख किलो था।

## यात्री वाहनों पर जीएसटी दर में बदलाव की जरूरत

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मानद मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव छाबा ने कहा है कि भारत में यात्री वाहनों पर मौजूदा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर संरचना पुरानी हो चुकी है। इसे मोटर वाहन उद्योग में हो रहे घटनाक्रमों के अनुरूप बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार को मोटर वाहन क्षेत्र पर नीतियां बनाते समय वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, आयात बिल में कमी, सतत आपूर्ति शृंखला और स्वामित्व की कुल लागत के समग्र परिप्रेक्ष्य पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय बजट से पहले हाइब्रिड वाहनों को कर प्रोत्साहन देने पर विचार करने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा मजबूत प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पर ऐसे लाभ के लिए विचार होना चाहिए, जिनमें परंपरागत इंजन से स्वतंत्र बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में चलने की क्षमता हो।

# एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7 प्रतिशत पर रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की जताई उम्मीद

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 7% पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 7% किया है। आईएमएफ ने अप्रैल 6.8% रहने का अनुमान लगाया था।

आरबीआई ने पिछले महीने अपने वृद्धि अनुमान को 7 से बढ़ाकर 7.2% कर दिया था। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 को समाप्त) में 7% की दर से बढ़ी। वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2% की दर से बढ़ने की राह पर है, जैसा कि एडीओ अप्रैल 2024 में अनुमान लगाया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 8.2% की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह सात प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में धीमी वृद्धि के बाद सामान्य से अधिक मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। ऐसा जून में मानसून की धीमी प्रगति के बावजूद है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए कृषि में सुधार महत्वपूर्ण होगा। विकासशील एशिया के विकास पूर्वानुमान के संबंध में एडीओ ने कहा कि इसे 2024 के लिए पांच प्रतिशत तक संशोधित किया गया है और 2025 में 4.9 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है।

# वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां पर लेने वाला कोई नहीं : एफबीएसबी

अहमदाबाद, एजेंसी

- बैंक, बीमा, ब्रोकरेज की कंपनियों को प्रशिक्षितों की जरूरत
- देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या : सीईओ

एफपीएसबी (फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी 5 साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।

उन्होंने कहा कि बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों (सीएफपी) की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं। एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. (एफपीएसबी लिमिटेड) की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है।

# छोटी कंपनियों ने दिया बड़ा रिटर्न, मिडकैप 30% चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की आर्थिक बुनियाद तथा घरेलू स्तर पर सुधार के बीच इस साल छोटी कंपनियों के शेयरों ने निवेशकों को अधिक रिटर्न दिया है। बीएसई मिडकैप 16 जुलाई तक 10,984.72 अंक या 29.81% चढ़ा है, जबकि स्मॉलकैप में 11,628.13 अंक या 27.24% का उछाल आया है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि मिड और स्मॉलकैप के शेयरों के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में उछाल है। म्यूचुअल फंड, पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) और प्रत्यक्ष निवेश से इन क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में घरेलू धन का प्रवाह हो रहा है। जहां मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि बड़े शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से वे मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों से पीछे रह गए। बीएसई मिडकैप सूचकांक इस साल 16 जुलाई को 48,175.21 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि स्मॉलकैप आठ जुलाई को 54,617.75 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि इस वर्ष मिडकैप तथा स्मॉलकैप सूचकांक के बेहतर प्रदर्शन से प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उपभोक्ता वस्तुओं में क्षेत्र-विशेष में उछाल और उनका निचला मूल्यांकन तथा अर्थव्यवस्था की उच्च वृद्धि क्षमता को दिया जा सकता है।



- मिड और स्मॉल के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में आई उछाल

### एलआईसी ने की कमाई, एसबीआई को भी फायदा


**मुंबई।** बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर एक साल में 79% तक उछल चुका है। पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपये पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ। इसकी तुलना में एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। बीते एक साल में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शेयर भी 1,314 रुपये से बढ़कर 1,621.20 रुपये पर पहुंच गया। इसने 23 % की बढ़त हासिल की है। बीमा कंपनियों ने बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीम, सूचना प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों में निवेश पर अधिक ध्यान दिया है।

# विश्वास मत पर फैसला रविवार को

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 21 जुलाई को संसद में संविधान के अनुसार आवश्यक विश्वास मत हासिल करेंगे। ओली (72) ने सोमवार को चौथी बार इस हिमालयी देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

मायरिपब्लिका समाचार पोर्टल ने सीपीएन-यूएमएल के मुख्य सचेतक महेश बरतौला के हवाले से बताया कि ओली ने रविवार को विश्वास मत हासिल करने का फैसला किया है। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली को नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा। संभावना है कि ओली ऐसा आसानी से कर लेंगे, क्योंकि 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सरकार बनाने के लिए न्यूनतम संख्या 138 है। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे।



- नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से ओली को विश्वास मत हासिल करना होगा

### सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

ओली के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही घंटों के भीतर तीन अधिवक्ता – दीपक अधिकारी, खगेंद्र प्रसाद चापागेन और शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने नेपाल के उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर करते हुए उनकी नियुक्ति को चुनौती दी। दलील दी कि यदि अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार बनी सरकार प्रतिनिधि सभा में शक्ति परीक्षण में विफल रहती है तो राष्ट्रपति को अनुच्छेद 76 (3) के तहत नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में प्रारंभिक सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख तय की है।

## थाइलैंड के होटल में मृत मिले लोगों के रक्त में साइनाइड के अंश

**बैंकॉक।** बैंकॉक के एक होटल में संदिग्ध हालात में मृत मिले छह लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों ने रक्त में साइनाइड के अंश मिलने की बुधवार को पुष्टि की। साइनाइड के सेवन के बाद बच पाना लगभग नामुमकिन है। चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय के मेडिकल स्कूल में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. कोर्नकियाट वोंगपाइसरनसिन ने कहा कि सिटी स्कैन में शवों पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं जिससे यह अनुमान पुष्ट होता है कि उन्हें जहर दिया गया। बैंकॉक के व्यस्त इलाके में स्थित ग्रैंड हयात इरावन होटल में मंगलवार को छह शव पाए गए थे।

# मॉरीशस के साथ भारत की अटूट प्रतिबद्धता

पोर्ट लुई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यात्रा के दौरान शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की
- हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर दोनों देशों के नेताओं ने चर्चा की

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मॉरीशस के विपक्षी नेता अरविन बूलेल सहित वहां के शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उनसे द्वीपीय राष्ट्र के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। विदेश मंत्री के रूप में अपने वर्तमान कार्यकाल में यह उनका पहला दौरा था। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा था यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और गहराई को रेखांकित करता है। यह मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी अवसर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बूलेल के साथ मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर चर्चा की।



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस के विपक्ष के नेता अरविन बूलेल से मुलाकात की। • एजेंसी

### पूर्व प्रधानमंत्रियों से मिले

जयशंकर ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पॉल बेरेन्जर और नवीन रामगुलाम से भी मुलाकात की। पूर्व प्रधानमंत्री पॉल बेरेन्जर से मिलकर अच्छा लगा। समकालीन वैश्विक मुद्दों पर जीवंत बातचीत हुई। भारत-मॉरीशस संबंधों के लिए उनके समर्थन की सराहना करता हूं। बेरेन्जर 2003 से 2005 तक मॉरीशस के प्रधानमंत्री रहे। जयशंकर ने एक्स पर लिखा बुधवार सुबह पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम से मिलकर खुशी हुई। हमारी दीर्घकालिक द्विपक्षीय साझेदारी और आगे विकास की व्यापक इच्छा पर चर्चा की।

## एक नजर

### डेमोक्रेटिक पार्टी अगस्त में राष्ट्रपति को करेगी नामित

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह में डेमोक्रेट्स ऑनलाइन मतदान कराने की कोशिश करेंगे। पार्टी में कुछ लोग बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन पर मैदान से हटने के लिए दबाव डाल रहे हैं। हालांकि दौड़ से हटने के इन लोगों के आह्वान को ठुकरा दिया है। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की नियम समिति शुक्रवार को अपनी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी और अगले सप्ताह इन्हें अंतिम रूप देगी।

### अमेरिकी सीनेटर मेनेंडेज भ्रष्टाचार मामले में दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संघीय अदालत ने डेमोक्रेटिक सीनेटर बॉब मेनेंडेज को मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी करार दिया है। मेनेंडेज पर नकदी, सोने की छड़ें और एक मर्सिडीज-बेंज सहित हजारों डॉलर की रिश्वत लेने का आरोप था। न्यूयॉर्क में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि विदेश संबंध समिति के प्रमुख रह सीनेटर ने विदेशी सरकारों की मदद करने के बदले में रिश्वत स्वीकार की।

### इराक में अमेरिकी सेना के हवाईअड्डे पर ड्रोन से हमला

**बगदाद।** इराक के पश्चिमी अनबर प्रांत में अमेरिकी सेना के ऐन अल-असद हवाईअड्डे पर मंगलवार को दो ड्रोन ने हमला किया। इराकी सेना के अधिकारी ने बताया कि ड्रोन ने हवाईअड्डे की परिधि पर हमला किया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इराकी बलों ने अपना अलर्ट स्तर बढ़ा दिया है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### चीन ने हथियार नियंत्रण वार्ता स्थगित की

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि उसने अमेरिका के साथ हथियार नियंत्रण एवं अप्रसार वार्ता स्थगित कर दी है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि स्वशासित ताइवान को अमेरिका हथियारों की बिक्री जारी रखे हुए है। चीन, ताइवान के एक बागी प्रांत होने का दावा करता है। लिन ने कहा चीन हथियार के मुद्दे पर अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने का इच्छुक है। लेकिन इस शर्त पर कि उसके मूल हितों का सम्मान हो।


# ट्रंप के खिलाफ सच बोलना जारी रखूंगा

## राष्ट्रपति बाइडेन ने राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का किया आह्वान

लास वेगास, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का आह्वान किया। हालांकि, उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि ऐसा करने का यह मतलब नहीं है कि हम सच बोलना बंद कर दें।

लास वेगास में एनएएसीपी सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा कि देश में राजनीतिक हिंसा से निपटने का मतलब हर तरह के खूनखराबे पर लगाम लगाना, पुलिस की क्रूरता का बेहतर मुकाबला करना और ट्रंप पर बीते सप्ताहांत हुए हमले में इस्तेमाल एआर-स्टाइल राइफल जैसे हथियारों पर प्रतिबंध लगाना होना चाहिए। देश में एक महत्वपूर्ण चर्चा का समय आ गया है। हमारा राजनीतिक परिदृश्य बहुत गरमा गया है। और चार साल के नारों के बीच उन्होंने कहा सिर्फ इसलिए कि हमें अपनी राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करनी चाहिए, क्योंकि यह हिंसा से संबंधित है, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें सच बोलना बंद कर देना चाहिए। सम्मेलन में राष्ट्रपति अश्वेत मतदाताओं के लिए अपने प्रशासन के समर्थन को प्रदर्शित करते नजर आए, जो डेमोक्रेटिक पार्टी का बड़ा वोट बैंक होने के साथ ही उनके दृढ़ समर्थक भी माने जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के पद पर ट्रंप के कार्यकाल को अश्वेत अमेरिकियों के लिए नर्क करार दिया। बाइडेन ने कोरोना वायरस महामारी के कुप्रबंधन, लॉकडाउन के दौरान बढ़ी बेरोजगारी और अश्वेत इतिहास को मिटाने के कथित प्रयासों को लेकर भी ट्रंप प्रशासन पर निशाना साधा।



### ट्रंप को हेली का समर्थन

**मिलवाउकी।** रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया है। हेली (52) ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए ट्रंप (78) के खिलाफ प्रचार किया था।

### बीमारी पर पद की दौड़ से हो सकते हैं बाहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेट्स के बीच पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पद छोड़ने की बढ़ती मांग के परिप्रेक्ष्य में जो बाइडेन ने हाल ही में एकमात्र ऐसी बात का खुलासा किया है जो उन्हें 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर कर देगी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार डेमोक्रेट्स ने 81 वर्षीय बाइडेन से जून में 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बहस में उनकी आलोचना को लेकर किए गए प्रदर्शन के मद्देनजर राष्ट्रपति पद की दौड़ छोड़ने का आग्रह किया है। बाइडेन ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया है और उन अफवाहों को खारिज कर दिया है कि वह अगले राष्ट्रपति के पद के लिए अयोग्य हो सकते हैं।

### बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में खो रहे समर्थन

**वाशिंगटन।** निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में समर्थन खो रहे हैं। इन राज्यों के लोग नवंबर के चुनावों से पहले धीरे-धीरे अपने पूर्ववर्ती और प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की ओर रुख कर रहे हैं। सीएनएन ने बुधवार को पोल डेटा का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। ब्लूलैब्स पोलस्टर द्वारा आयोजित, अमेरिकी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा वित्त पोषित और सीएनएन द्वारा प्राप्त सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन में बाइडेन से आगे निकल रहे हैं, जिसे मौजूदा राष्ट्रपति 2020 के चुनाव में अपने पक्ष में करने में कामयाब रहे थे।

## ट्रंप की हत्या की साजिश में संलिप्तता से किया इनकार

**तेहरान।** ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों को खारिज किया लेकिन साथ ही एक प्रतिष्ठित जनरल की 2020 में की गई हत्या के लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का संकल्प जताया। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नसीर कनानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक गणराज्य शहीद जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के अपराध में ट्रंप की सीधी भूमिका के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

सुलेमानी, ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर कुद्स फोर्स के कमांडर थे और जनवरी 2020 में बगदाद में अमेरिका के ड्रोन हमले में मारे गए थे। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि शनिवार को पेनसिल्वेनिया में हुई रैली से कुछ दिनों पहले ईरान से ट्रंप की जान को खतरे के कारण उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी लेकिन इसका रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या की कोशिश से कोई संबंध नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सैयद इरावनी ने मंगलवार को आरोपों को निराधार बताया था।

# संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भिड़े रूस-अमेरिका

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर पश्चिमी देशों को हथियार का डर दिखाकर अपने पाले में रखने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में बाधा डालने का मंगलवार को आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत ने इसे रूस का पाखंड करार देते हुए कहा कि अपने पड़ोसी यूक्रेन पर हमला करने वाला देश वैश्विक सहयोग की बात कर रहा है। यह आरोप-प्रत्यारोप इस महीने रूस द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ। इसका विषय था अधिक न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और टिकाऊ विश्व व्यवस्था के लिए बहुपक्षीय सहयोग।

रूस के विदेश मंत्री लावरोव बैठक की अध्यक्षता करने के लिए मास्को से संयुक्त राष्ट्र आए। बैठक से ठीक पहले, संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत सर्जी किस्लित्स्या ने अमेरिका समेत करीब 50 देशों की ओर से एक बयान पढ़ा। संयुक्त बयान में कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के रूस द्वारा घोर उल्लंघन और उसके द्वारा बहुपक्षीय व्यवस्था के संरक्षक के रूप में खुद को प्रस्तुत करने के कुटिल प्रयास से विचलित नहीं होना चाहिए।

देशों ने यूक्रेन के विरुद्ध रूस की कार्रवाई, संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए रूस को उत्तर कोरिया द्वारा सैन्य सहायता देने तथा संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों के प्रभावी रहने के दौरान ईरान की ओर से नियमों के उल्लंघनों की निंदा की। बयान में कहा गया रूस की निरंतर अवैध कार्रवाइयां और घोर पाखंड बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को कमजोर करते हैं और क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाते हैं, तथा अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।




- रूस की वैश्विक सहयोग पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक को अमेरिका ने बताया पाखंड
- रूस ने पश्चिमी देशों को बताया अमेरिकी बंधक

# एलन मस्क स्पेसएक्स और एक्स के मुख्यालय को करेंगे स्थानांतरित

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

उद्योगपति एलन मस्क ने कहा कि वह स्पेसएक्स तथा सोशल मीडिया मंच एक्स का मुख्यालय कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर रहे हैं। एक्स पर मस्क ने लिखा कि वह स्पेसएक्स को कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को से ऑस्टिन स्थानांतरित किया जाएगा।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने सोमवार को एक नए कानून पर हस्ताक्षर किए जिसके बाद मस्क ने यह फैसला किया है। यह नया कानून जिला स्कूलों के कर्मचारियों को बच्चों की लैंगिक पहचान बदलने के बारे में उनके माता-पिता को जानकारी देने की आवश्यकता पर रोक लगाता है। मस्क ने लिखा मैंने करीब एक वर्ष पहले गवर्नर न्यूसम को स्पष्ट कर दिया था कि इस प्रकार के कानून कंपनियों तथा परिवारों को अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए कैलिफोर्निया छोड़ने के लिए मजबूर करेंगे। वाहन विनिर्माता कंपनी टेस्ला का कॉर्पोरेट मुख्यालय भी 2021 में कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो से ऑस्टिन स्थानांतरित कर दिया गया था। उद्योगपति ने कहा कि उन्होंने अपना आवास भी कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर लिया है, जहां कोई राज्य व्यक्तिगत आयकर नहीं है।



- कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे

### व्हाट्सएप हेतु स्पीड डायल जैसी सुविधा की घोषणा

**वाशिंगटन।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में व्हाट्सएप के लिए एक नई सुविधा का अनावरण किया जो स्पीड डायल की तरह काम करता है और उपयोगकर्ताओं को अपने संचार को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। डब्ल्यूएबेटाइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, नया फीचर एक पसंदीदा फिल्टर है जो उपयोगकर्ताओं को इंस्टेंट मैसेजिंग एप के भीतर महत्वपूर्ण चैट, ग्रुप और कॉल को प्राथमिकता देने में सक्षम बनाये रखेगा। जुकरबर्ग (40) ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से यह घोषणा की।

## कोविड टीकों से जुड़े समझौतों की नहीं दी पर्याप्त जानकारी

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ की सामान्य अदालत ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय आयोग ने जनता को दवा कंपनियों से कोविड-19 रोधी टीकों की खरीदारी के संबंध में हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। यह फैसला यूरोपीय संसद में होने वाले एक महत्वपूर्ण मतदान से एक दिन पहले आया है, जिसमें यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन एक बार फिर इस पद पर निर्वाचित होने की उम्मीद कर रही हैं। ईयू के सांसदों के एक समूह ने कोरोना काल में दवा कंपनियों और यूरोपीय आयोग के बीच कोविड-19 रोधी टीकों की खरीद को लेकर हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी देने से आयोग के इनकार के बाद अदालत का रुख किया था। महामारी ने ईयू और बड़ी दवा कंपनियों के बीच टीकों की खरीदारी को लेकर होने वाली बातचीत में पारदर्शिता के मुद्दे पर प्रकाश डाला है।

# महाराजा के अभिभाषण से संसद शुरू

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव के कुछ दिन बाद, बुधवार को महाराजा चार्ल्स तृतीय ने संसद को संबोधित किया और आगामी वर्ष के लिए लेबर पार्टी की नयी सरकार की विधायी योजनाओं की रूपरेखा पेश की। नई सरकार के संसदीय एजेंडे को निर्धारिते करने वाले अभिभाषण में करीब 40 विधेयकों और अन्य नीतिगत प्राथमिकताओं का जिक्र था जिन्हें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर लागू करना चाहते हैं।

अभिभाषण के मुख्य आकर्षण आर्थिक विकास, गृह निर्माण और रेलवे के राष्ट्रीयकरण जैसे मुद्दे रहे। इसके साथ ही इसमें देश में धन का सृजन और कामकाजी लोगों के जीवन स्तर में सुधार पर जोर दिया गया है। सरकार द्वारा तैयार भाषण को पढ़ते हुए 75 वर्षीय महाराजा ने कहा मेरी सरकार का विधायी कार्यक्रम मिशन-आधारित होगा और सुरक्षा, निष्पक्षता और सभी के लिए अवसर के सिद्धांतों पर आधारित होगा। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा आर्थिक विकास सुरक्षित करना बुनियादी मिशन होगा।



लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संसद के राजकीय उद्घाटन पर अभिभाषण से पहले राजा चार्ल्स ||| और रानी कैमिला अपने सिंहासन पर बैठते हुए।

### कई दिनों तक होगी चर्चा

नए संसदीय सत्र की औपचारिक शुरुआत हुई। दोनों सदनों- कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स - में अभिभाषण पर कई दिनों तक चर्चा होगी और उसके बाद मतदान कराया जाएगा। सरकार का जोर देश के हर हिस्से को बेहतर बनाने में मदद करने पर है।

### प्रीति बन सकती हैं नेता

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल (52) संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्ष के नेता के रूप में कंजर्वेटिव पार्टी में दावा पेश कर सकती हैं। सुनक इस्तीफे के बाद संसद के राजकीय उद्घाटन समारोह में अंतरिम विपक्षी नेता के रूप में शामिल होंगे।

# किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों पर कार्रवाई की सिफारिश

पुणे, एजेंसी

चर्चित पोर्श कार हादसे के आरोपी नाबालिग को जमानत देने के मामले में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित समिति ने प्रक्रियागत खामी को लेकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। एक अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी।

पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई को कथित तौर पर शराब पीकर तेज रफ्तार से लग्जरी पोर्श कार चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। जेजेबी सदस्य एलएन दानवडे द्वारा 300 शब्दों में सड़क सुरक्षा पर आलेख लिखने सहित मामूली शर्तों पर आरोपी को जमानत दिए जाने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर हंगामा शुरू हो गया था।

इसके बाद महाराष्ट्र के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने आरोपी नाबालिग को जमानत देने वाले जेजेबी के दो सदस्यों के आचरण की जांच करने के लिए समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियों, कदाचार और नियमों का अनुपालन नहीं किए जाने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। डब्ल्यूसीडी द्वारा गठित समिति ने जांच के तहत जेजेबी के दोनों सदस्यों के बयान को भी दर्ज किया।

## पोर्श कार हादसा

- नाबालिग को जमानत देने के मामले में प्रक्रियागत खामी को लेकर कार्रवाई की तैयारी

## खगोल विज्ञान

### दिलचस्प सुपर-अर्थ दुनिया ने जीवन बसाने की है उम्मीद

# ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक ऐसी दुनिया का पता चला है, जो बर्फ से घिरे अकूत पानी के सागर से लबालब है। हूबहू पृथ्वी जैसे सागरों की मौजूदगी ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। इस ग्रह पर जीवन की संभावना हो सकती है।

एक अदद जीवनयोग्य धरती की तलाश में खगोलविद संघर्षरत हैं और उनका संघर्ष किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की आस का ढांढस बंधाती है। पिछले करीब तीन दशक के अंतराल में पांच हजार से अधिक बाहरी ग्रहों पता लगाने में खगोलविद सफल रहे हैं। जिनमें से कई पर जीवन बसाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, लेकिन इस दिशा में लंबा समय लगना है। जिसमें दशकों ही नही बल्कि सदी भी लग सकती है। मगर जरूरी है कि अभी से प्रयास किए जाएं और यही हमारा वैज्ञानिक वर्ग कर भी रहा है। अब जो दुनिया मिली है, उसका नाम एलएचएस 1140 बी दिया है। यह ग्रह हमसे लगभग 48 प्रकाश वर्ष दूर है और पृथ्वी की तरह अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ग्रह एक सुपर अर्थ महासागरीय दुनिया है। संभवतः बर्फ से घिरि हुई है या फिर बर्फ से ढकी भी हो सकती है। तरल जल इस धरती पर जीवन की संभावना को प्रबल बल देता है। अभी तक के अध्ययन से पता चलता है कि यह एक्सोप्लैनेट रहने योग्य क्षेत्र में है। यह सम्भवना भी जताई जा रही है कि यह बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा या शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान हो सकता है। बहरहाल आगे के अवलोकन करने के बाद इसकी वास्तविकता का सही पता चलेगा। माना जा रहा है कि यह हमारे सौर मंडल के बाहर पाया जाने वाला पहला संभावित रहने योग्य समुद्री संसार वाला ग्रह होगा।



पृथ्वी के साथ सुपर अर्थ ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### एलएचएस 1140 बी खोज

मॉन्ट्रियल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप और अन्य अंतरिक्ष आधारित दूरबीनों के सहयोग से एलएचएस 1140 बी खोज हुई है। इसका वातावरण पृथ्वी की तरह नाइट्रोजनयुक्त है। साथ ही हाइड्रोजन भी है। 10 जुलाई को द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में ये निष्कर्ष प्रकाशित किया गया है।

# गरीब देशों को वित्तीय मदद की सख्त जरूरत

बाकू (अजरबैजान), एजेंसी

अजरबैजान में नवंबर में होने वाली जलवायु वार्ता के लिए मनोनीत अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने बुधवार को विश्व नेताओं से कहा कि गरीब और आपदाग्रस्त देशों के लिए एक नया वित्तीय सहायता पैकेज बहुत जरूरी है।

अजरबैजान के पारिस्थितिकी मंत्री मुख्ता बाबायेव ने कहा अगर समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही हमारी धरती। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष जलवायु अधिकारी सिमोन स्टील ने ग्रेनेडा में तूफान से ध्वस्त अपने गृहनगर कैरियाकौ में बढ़ते अनियंत्रित जलवायु नरसंहार के खिलाफ लड़ाई तेज करने की एक भावुक अपील की। विश्व नेताओं को लिखे पत्र में बाबायेव ने कहा कि अमीर से गरीब देशों के लिए जलवायु वित्तीय सहायता का नया अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्य सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने लिखा कि किसी प्रकार के नए वित्तीय समझौते के लिए जमीनी काम करने के वास्ते जर्मनी में जून में हुई बैठकों में आवश्यक प्रगति नहीं हुई।




- संरा जलवायु वार्ता प्रमुख ने कहा समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही धरती